आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 06:59
उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मंगलवार, 24 जून 2025
वर्ष 6, अंक 86, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप 14
ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर 12



गुजरात के सूरत शहर में भारी बारिश से सड़कें-गलियां जलमग्न हो गईं। सड़कों पर पानी भर जाने से वाहन से और पैदल चलना तक मुश्किल हो गया।

# कई राज्यों में छाया मानसून, यूपी में भारी बारिश का अलर्ट

## सूरत में 7 इंच बारिश से बाढ़ जैसे हालात, राजस्थान, मप्र, नई दिल्ली में भी चेतावनी जारी

नई दिल्ली/सूरत/लखनऊ, अमृत विचार नेटवर्क

- मॉनसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर किया

देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश में अगले 24 घंटों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सोमवार को गुजरात के सूरत में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। यहां बाढ़ जैसे हालात बन गए।

सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक करीब चार घंटे भारी बारिश हुई। जगह-जगह जलभराव से सूरत प्रशासन को स्कूल की छुट्टी करनी पड़ी। मध्य प्रदेश के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मानसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर कर लिया है। उत्तर अरब सागर में अभी हालात इसके अनुकूल बने हुए हैं।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली में मानसून अपने सामान्य आगमन से छह दिन पहले, मंगलवार को दस्तक दे सकता है। यहां बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को रुक-रुक कर हुई बारिश ने दिल्लीवालों को गर्मी-उमस से राहत मिली। आईएमडी ने कहा है कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकतर भागों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम की स्थितियां अनुकूल हैं। इसी तरह निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काइमेट ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 30 जून के आसपास दिल्ली पहुंचता है। अगर मानसून पूर्वानुमान के तहत 24 जून को दिल्ली पहुंचता है तो 2013 के बाद इसका सबसे जल्दी आगमन होगा।

### अगले दो दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा मानसून

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते 18 जून को प्रवेश कर चुका मॉनसून अभी पूरे राज्य में नहीं फैला है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में इसका प्रसार पूरे राज्य में हो जाएगा। मॉनसून के स्थिर होने की वजह से यह देरी हुई है। आईएमडी के मुताबिक, पिछले 48 घंटों से मानसून स्थिर हो गया था, आगे नहीं बढ़ रहा था। इस कारण से अलर्ट के बाद भी उस तरह की बारिश देखने को नहीं मिली। लेकिन अब स्थिति तेजी के साथ बदली है और मानसून तेजी के साथ रफ्तार पकड़ रहा है। ऐसे में राज्य में भारी बारिश के संकेत साफ हैं। 29 जून तक उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, 24, 28 और 29 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है।

## एक नजर

### भाजपा सांसद रघुनंदन राव को मिली धमकी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में मेडक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद रघुनंदन राव को सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकी दी और खुद को माओवादी बताया। फोन करने वाले ने उन्हें चेतावनी दी कि आज शाम तक राव की हत्या कर दी जाएगी। धमकी भरा फोन उस समय आया जब राव मेडचल-मलकजगिरी जिले के दम्मईगुडा में एक स्कूली कार्यक्रम में भाग लेने गए थे।

### वजाहत की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपी वजाहत खान को गिरफ्तारी से सोमवार को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। खान की शिकायत पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को गिरफ्तार किया गया था।

### रिश्वत में खान विभाग की उपनिदेशक निलंबित

**मंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने रिश्वतखोरी के सिलसिले में दक्षिण कन्नड़ के खान और भूविज्ञान विभाग की उपनिदेशक कृष्णवेणी को निलंबित कर दिया है। कृष्णवेणी को 28 मई को लोकायुक्त पुलिस ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। विभागीय जांच भी बिठाई गई।

# ईरान के फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र पर फिर से हुआ हमला

## ईरानी मीडिया ने किया दावा, इजराइल पर भी मिसाइलों की बौछार

दुबई, एजेंसी

ईरान के फोर्दो स्थित भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर सोमवार को फिर से हमला किया गया और ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार कर दी। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान ने अतिरिक्त बमबारी की। जॉर्डन और मध्य इजराइल में सायरन बजाए गए। ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरानी परमाणु स्थलों पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के मद्देनजर अब उसकी सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की 'खुली छूट' मिल गई है।

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र रविवार को हुए हमले में भी प्रभावित हुआ था और सोमवार को इस पर फिर से हमला किया गया। इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है कि हमला किसने किया और कितना नुकसान हुआ, हालांकि इजराइल ने पहले कहा था कि वह ईरान पर हवाई हमले कर रहा है।

वियना में, संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रविवार को अमेरिका द्वारा बंकर-बस्टर बमों से किए गए हवाई हमले के बाद फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र में भारी क्षति हुई होगी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि उपयोग किए गए विस्फोटक पेलोड को देखते हुए बहुत अधिक क्षति होने की आशंका है।



ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से हाथ मिलाते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

### ईरानी सुरक्षा बलों को अमेरिकी ठिकानों पर हमले की छूट

सोमवार को, ईरानी सैन्यकर्मियों के संयुक्त प्रमुख जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने वाशिंगटन को चेतावनी दी कि उसके हमलों ने ईरानी बलों को अमेरिकी हितों और उसकी सेना के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट दे दी है। पश्चिम एशिया में हजारों अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर रविवार को हमले किए थे।

### पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री को दिया तनाव घटाने में मदद का भरोसा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को ईरान को भरोसा दिलाया कि उनका देश इजराइल और ईरान के बीच तनाव घटाने में मदद करेगा। रूसी राष्ट्रपति का यह बयान ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले के बाद आया है। पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की, जो रूसी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श के लिए रविवार रात मॉस्को पहुंचे थे।

## पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**लखनऊ।** पॉलीटेक्निक संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम सोमवार शाम को घोषित कर दिया गया है। जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों कुल 18 छात्रों ने सर्वोच्च अंक हासिल किया है, इनमें से एक छात्र बिहार का है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा का परिणाम परिषद की वेबसाइट www.jeecup.admissions.nic.in पर जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से परिणाम एवं स्कोर कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

- 27 से शुरू होगी काउंसलिंग

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए परीक्षा 5 से 13 जून के बीच आयोजित की गई थी। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित पद्धति से सम्पन्न कराई गई थी। जिसमें अभ्यर्थियों ने कुल 19 ग्रुपों में आवेदन किया था, कुल 4,25,993 आवेदन प्राप्त हुए थे।

कुल 3,31,193 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3,31,174 अभ्यर्थी काउंसलिंग हेतु अर्ह पाए गए हैं। काउन्सिलिंग 27 जून से आरंभ होकर 14 अगस्त तक 5 चरणों में सम्पन्न होगी।

# प्रेमिका की हत्या कर प्रेमी ने खुद को गोली से उड़ाया

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- सुल्तानपुर गांव में प्रेमिका को घर में घुसकर गोली मारी
- पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को भी गोली मार ली




दीप्ती पाल एवं देवांशू (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर गांव में शादी न हो पाने से नाराज प्रेमी ने प्रेमिका के घर में घुस कर उसे अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस के आलाधिकारियों ने जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तनाव के मद्देनजर गांव में फोर्स तैनात है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के कुठला गांव निवासी महिपाल सिंह यादव उर्फ फौजी के बेटे देवांशू उर्फ अन्नू (22) का पड़ोस के गांव सुल्तानपुर की युवती दीप्ती (21) पुत्री अशोक कुमार पाल से तीन वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों को जानकारी हुई तो 15 दिन पहले उसकी शादी जनपद औरैया के एरवा कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम चिट्ठा में तय कर दी। जिस युवक से शादी तय हुई, वह तालग्राम कस्बे में प्राइवेट क्लीनिक संचालित करता है।

पता चलने पर देवांशू ने तालग्राम जाकर उस लड़के को धमकाया। इसकी जानकारी लड़के ने दीप्ती के पिता को दी। रविवार को पड़ोस के गांव नगला भजूं में दोनों परिवारों के बीच पंचायत हुई, जिसमें देवांशू ने दीप्ती से सारे संबंध खत्म करने की बात कही। लेकिन सोमवार तड़के तीन बजे देवांशू पिता की 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक लेकर सुल्तानपुर पहुंचा और छत के सहारे प्रेमिका के कमरे में पहुंच गया। जहां दीप्ती अपनी छोटी बहन दीपांशु के साथ सो रही थी। देवांशू ने दीप्ती के माथे पर गोली मार दी। घर से कुछ दूर तालाब किनारे खुद को भी गोली मार ली। जानकारी मिलते ही एसपी विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार, सीओ छिबरामऊ सुरेश मलिक, थाना प्रभारी दिनेश कुमार, सकरावा थानाध्यक्ष अजब सिंह, विशुनगढ़ थानाध्यक्ष गौरव चौधरी, छिबरामऊ कोतवाल विष्णुकांत तिवारी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद देवांशू के परिवारीजन मकान में ताला डालकर भाग गए। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# सपा ने तीन बागी विधायकों को निकाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मनोज कुमार पाण्डेय



अभय सिंह



राकेश प्रताप सिंह

- राज्य सभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग कर किया था भाजपा का समर्थन

**अमृत विचार :** राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले सात विधायकों में से तीन को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी से बाहर कर दिया है। निकाले गए बागी विधायकों में अयोध्या गोसाईंगंज से विधायक अभय सिंह,अमेठी (गौरीगंज) के विधायक राकेश प्रताप सिंह और रायबरेली (ऊंचाहार) सीट के विधायक मनोज कुमार पाण्डेय शामिल हैं, जबकि अन्य चार के लिए कहा कि इन लोगों का व्यवहार अच्छा है, इन लोगों की अनुग्रह अवधि शेष है।

तीनों विधायकों को पार्टी से निष्काषित करने की घोषणा सोमवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की। साथ ही आरोप लगाया कि इन विधायकों को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी, नकारात्मकता और पीडीए विरोधी विचारधारा का समर्थन करने के कारण निष्कासित किया गया है। लिखा कि इन लोगों को हृदय परिवर्तन के लिए दी गई 'अनुग्रह-अवधि' की समय-सीमा अब पूरी हुई। शेष विधायकों की समय-सीमा अच्छे व्यवहार के कारण शेष है। भविष्य में भी 'जन-विरोधी' लोगों के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं होगा।

निष्कासित विधायकों में ऊंचाहार सीट के विधायक मनोज पाण्डेय ने दावा किया कि मैं भाजपा के साथ हूं, गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ले ली थी तो सपा से निष्कासन का क्या औचित्य? वहीं गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह का कहना है कि राम, राष्ट्र और सनातन मेरे लिए पहले हैं, पार्टी बाद में।

## भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई हताहत नहीं हुआ है। तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना किसी व्यवधान के जारी है। अधिकारियों ने बताया कि हिमकोटी मार्ग पर 'सत्या व्यू प्वाइंट' के पास जिस समय भूस्खलन हुआ तब वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी।

# वाराणसी पहुंचे शाह, मध्य क्षेत्रीय परिषद की लेंगे बैठक

- बैठक में योगी समेत चार राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल
- मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर में की पूजा-अर्चना

वाराणसी (उप्र), एजेंसी



वाराणसी के काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। यहां लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। शाह वाराणसी में अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

अमित शाह हवाई अड्डे से सीधे सड़क मार्ग से मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर पहुंचे और उन्होंने बाबा काल भैरव की पूजा-अर्चना की। अमित शाह के साथ योगी भी मौजूद थे। बाबतपुर से लेकर काल भैरव मंदिर तक 11 स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने ढोल, शंख, डमरू और पुष्प वर्षा के साथ अमित शाह का स्वागत किया। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बैठक की सभी तैयारियां की जा रही हैं।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को पूर्वाह्न करीब 11 बजे से दो बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। अधिकारियों ने बताया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक काशी में पहली बार हो रही है। इस बैठक में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव समेत कई विशिष्टजन तथा नीति आयोग के साथ अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

# तकनीकी खामी के चलते एयर इंडिया की दुबई फ्लाइट रद्द

जयपुर/जम्मू, एजेंसी

एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई जाने वाली उड़ान सोमवार को रद्द कर दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि पायलट ने जयपुर हवाई अड्डे से उड़ान भरने से पहले विमान में कुछ तकनीकी गड़बड़ी पाई। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि 189 सीट वाले बोइंग 737 मैक्स विमान को सुबह 6:35 बजे यहां से रवाना होना था, वह रनवे पर पहुंचा लेकिन इस दौरान पायलट ने कुछ तकनीकी गड़बड़ी देखी जिसके बाद उड़ान रद्द कर दी गई।

### उड़ान से पहले रोकी इंडिगो की फ्लाइट

**इंदौर।** इंडिगो एयरलाइंस की इंदौर-भुवनेश्वर उड़ान सोमवार को तकनीकी खराबी के चलते अपने तय वक्त के मुकाबले करीब एक घंटे की देरी से गंतव्य के लिए रवाना हो सकी जिसमें 140 यात्री सवार थे। देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने बताया कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6E 6332 में तकनीकी खराबी का अहसास पायलट को तब हुआ, जब यह विमान उड़ान भरने के लिए रन-वे की ओर जा रहा था।

**प्रकृति के रंग** ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की मार्च-अप्रैल से शुरू होता है आगमन, अब जाने की तैयारी में जुटी कुछ प्रजातियां

# रंग-बिरंगे समर विजिटर्स से गुलजार हुआ पीलीभीत टाइगर रिजर्व

सुनील यादव, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व और उसके आसपास का क्षेत्र इन दिनों रंग-बिरंगे समर विजिटर्स (गर्मियों के आगंतुक) से गुलजार है। समर विजिटर्स के रूप में पहुंचे इन प्रवासी मेहमान परिंदों को यहां की आबोहवा इस कदर भा रही है कि साल दर साल इनकी संख्या में इजाफा देखा जा रहा है।

जानकारों के मुताबिक पीलीभीत में सौ के आसपास मेहमान परिंदों की प्रजातियां प्रवास को आने लगी हैं। अब जब गर्मी का मौसम जाने को है और मानसून की आमद हो रही है तो यहां प्रवास कर रहे दूर-दराज से आए कुछ परिंदों ने वतन वापसी की तैयारी भी शुरू कर दी है। वहीं शेष सभी प्रवासी परिंदे अक्टूबर तक वतन वापसी करेंगे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैव विविधता के लिए विदेशी धरती पर भी मशहूर हो चुका है। इस टाइगर रिजर्व में बहुत से ऐसे दुर्लभ वन्यजीव भी हैं, जो शेड्यूल वन की श्रेणी में आते हैं। वहीं पिछले कुछ साल से पीलीभीत टाइगर रिजर्व की आबोहवा मेहमान परिंदों को भी आकर्षित करने लगी है। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक, यहां पक्षियों की 300 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। पक्षियों के इस अद्भुत संसार में अब दूर-दराज के देशों समेत देश के अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में मेहमान परिंदे भी दस्तक देने लगे हैं। प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों में अब इजाफा भी देखा जा रहा है।










### ये हैं समर विजिटर्स पक्षियों की प्रजातियां

- वाटर काक
- इंडियन कुक्कू
- चेस्टनट कैप्ड बी ईटर
- जेकोबिन कुक्कू
- ब्लू टेल्ड बी ईटर
- गोल्डन ओरियोल



ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षी अफ्रीका समेत देश के हिमालय समेत विभिन्न राज्यों से यहां प्रवास को आते हैं। इसमें लोकल माइग्रेटरी पक्षियों की संख्या अधिक होती है। जून के अंत में इनमें से कुछ प्रवासी पक्षी वापसी की तैयारी शुरू कर देते हैं। - **मोहम्मद अख्तर मियां**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

### प्रवासी पक्षियों की साल में दो बार होती है आमद

प्रवासी पक्षियों पर लंबे समय से स्टडी करने वाली संस्था टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के मुताबिक, पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत आसपास के क्षेत्र में सात समंदर पार समेत देश के विभिन्न राज्यों से 100 के अधिक पक्षियों की प्रजातियां प्रवास के लिए आती हैं। ये पक्षी साल भर में दो बार अपनी आमद दर्ज कराते हैं, मानसून से पहले और मानसून के बाद। मानसून के बाद आने वाले प्रवासी नवंबर में आना शुरू कर देते हैं। तकरीबन चार माह के प्रवास के बाद यह फरवरी के अंतिम दिनों में वतन वापसी शुरू कर देते हैं। इन शरदकालीन प्रवासी पक्षियों की वतन वापसी के बीच ही मानसून से पहले आने वाले ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की आमद शुरू होती है।

## शहर में आज



☞ कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जिला चिकित्सालय में मांगों को लेकर सत्याग्रह/भूख हड़ताल 11 :00 बजे
☞ हिंदू परिषद द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भंडारा लोहिया अस्पताल पर दोपहर 12 :00 बजे
☞ महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस सपा के महानगर कार्यालय दरगाह फाटक मकबरा पर मनाया जाएगा दोपहर 2 :00 बजे

एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।
अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!
स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001
भागवत आचार्य: श्री शिव कुमार जी
संपर्क करें: 9410478735

# पेंशनर्स के बीच हो समानता



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते पेंशनर परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पेंशनर्स परिषद की सोमवार को परिषद कक्ष कोषागार परिसर में बैठक हुई। इसमें केंद्रीय नेतृत्व के लिए निर्णय से सदस्यों को अवगत कराया गया। संशोधन में वर्तमान में पेंशनर्स को 8वें वेतन आयोग के लाभों से बाहर रखा गया है। उन्हें केवल उन केन्द्रीय सरकारी पेंशनर्स के लिए लागू किया गया है जो 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने के बाद सेवानिवृत्त होगें।

एक रैंक एक पेंशन हमेशा सशस्त्र बलों के एवं अन्य कार्मिकों की मांग रही है। भूतपूर्व और भावी पेंशन भोगियों के बीच समानता केंद्र सरकार के नागरिक पेंशन भोगियों की मांग है। 7वें वेतन आयोग ने 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशन भोगियों एवं 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशन भोगियों के बीच समानता की सिफारिश को भी स्वीकार करते हुए लागू किया गया। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश के अनुसार प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया। बैठक की अध्यक्षता प्रेम प्रकाश सक्सेना व संचालन सचिव यश कुमार त्यागी ने किया। इस मौके पर अजब सिंह, राम रतन, राम प्रसाद सिंह, राजीव सक्सेना, विजय कुमार सक्सेना, प्रमोद कुमार सक्सेना, श्रीकृष्ण कान्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रामगंगा विहार स्थित सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में प्रवेश के लिए मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में पहुंची थी बच्ची

# बच्ची ने सीएम से लगाई गुहार, तुरंत जारी हो गया फरमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुरादाबाद लौटने से पहले ही स्कूल ने कर लिया एडमिशन पहले की थी आनाकानी

**अमृत विचार :** अपने एडमिशन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन दरबार में गुहार लगाने पहुंची बच्ची को सीएम का दुलार मिला। बच्ची का स्कूल में मेरा एडमिशन करा दीजिए कहना मुख्यमंत्री के दिल को छू गया। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल एडमिशन कराने का आदेश दिया। वायरल वीडियो में बच्ची से बातचीत में मुख्यमंत्री के दुलार की खूब चर्चा हो रही है। स्कूल प्रबंधन ने सीएम तक पहुंचे मामले की वीडियो देखकर लौटने से पहले ही एडमिशन कर लिया। हालांकि आरटीई (शिक्षा अधिकार अधिनियम) के जरिए बच्ची का नाम प्रवेश प्रक्रिया में था। इसके बाद भी स्कूल प्रबंधन इस बच्ची का नामांकन करने में आनाकानी कर रहा था। जबकि पिता अमित ने डीएम और बीएसए से पूर्व में ही स्कूल की शिकायत की थी।

सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसमें मुख्यमंत्री लखनऊ के 5 कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में पहुंची मुरादाबाद की बच्ची ने मुख्यमंत्री से मासूमियत भरे लहजे में गुहार लगाई, कहा कि प्लीज मेरा एडमिशन सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में करा दीजिए। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उसे दुलार हुए कहते हैं कि किस क्लास में एडमिशन कराना है 10 वीं या 11 वी में। बच्ची के सीएल गुप्ता स्कूल में एडमिशन कराने की बात खत्म भी नहीं थी कि मुख्यमंत्री ने बच्ची की एप्लीकेशन तत्काल गृह सचिव संजय प्रसाद को सौंपते हुए कहा कि तुरंत हो एडमिशन। सीएम योगी ने इधर बच्ची का तुरंत एडमिशन करने का फरमान जारी किया उधर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और डीएम भी हरकत में आ गए। इससे पहले कार्रवाई होती उससे पहले ही सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल प्रबंधन ने बच्ची के प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार को स्कूल प्रबंधन ने बताया कि बच्ची का एडमिशन कर लिया गया है। हालांकि बच्ची के पिता ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी एडमिशन में हीलाहवाली की शिकायत की थी। जिस पर बीएसए ने 17 जून को नोटिस जारी किया था। बीएसए ने बताया कि बच्ची का प्रवेश नर्सरी कक्षा में हो गया है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करती बच्ची। ● अमृत विचार

# जर्जर भवनों में संचालित न हों कक्षाएं

### सीडीओ की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण समिति की बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- निर्धारित मेन्यू से तैयार किया जाए मध्याह्न भोजन
- रसोइया के मानदेय का समय से भुगतान करने के निर्देश

**अमृत विचार :** सीडीओ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण समिति की बैठक हुई।

सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत निर्धारित 19 पैरामीटर्स पर समीक्षा की। बीएसएस विमलेश कुमार ने बताया कि 19 पैरामीटर्स में से 13 पैरामीटर्स पर विद्यालयों में शत प्रतिशत कार्य हो गए हैं। अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। विद्यालयों में टाइल्स लगने के कार्य की विकास खंडवार समीक्षा हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन विद्यालयों में फर्नीचर नहीं हैं वहां प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराएं। जर्जर भवनों में कक्षाएं किसी भी दशा में संचालित नहीं होनी चाहिए। बच्चों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है।

उन्होंने जर्जर भवनों को नियमानुसार ध्वस्त कराने की प्रगति की जानकारी ली। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जर्जर भवनों की दीवारों पर उससे दूरी बनाए रखने के सतर्कता संदेश लिखवाएं। कांठ में निर्माणाधीन सीएम अभ्युदय कंपोजिट स्कूल की प्रगति जानी। बीईओ को सीएम अभ्युदय कंपोजिट स्कूल के निर्माण कार्य की प्रगति में तेजी लाने के लिए नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। कहा कि नामित नोडल अधिकारी नियमित तौर पर विद्यालयों का निरीक्षण करते रहें।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में निर्धारित पैरामीटर्स के अनुसार सुविधाओं की समीक्षा करते हुए छात्राओं की संख्या के साथ ही शिक्षा व्यवस्था के बारे में भी पूछा। इसमें बालिकाओं के लिए बन रहे भोजन की गुणवत्ता पर खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता सुनिश्चित कराएं। इसमें कोई कमी न रहे। मध्यान्ह भोजन योजना की समीक्षा में उन्होंने कहा कि रसोइयों का मानदेय समय से निश्चित हो। बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि मौजूद रहे।



बैठक करतीं सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी व साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### प्रशिक्षण सत्र में अनिवार्य होगी शिक्षकों की उपस्थिति

01 जुलाई से पहले हर ब्लॉक स्तर पर अध्यापकों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित कराने और शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट ढंग से लागू कराने वाले अध्यापकों द्वारा अन्य अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान करने पर चर्चा हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण सत्र में निर्धारित रोस्टर के अनुसार सभी अध्यापकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

## शक्तियों को परखने की ताकत देती हैं परेशानियां

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नया मुरादाबाद में सेक्टर तीन में एक दिवसीय सत्संग में मोटिवेशनल स्पीकर डॉ.संजीव आकांक्षी ने सत्संग प्रवाह पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि सत्संग में प्रतिभाग करने से जहां जीवन में सात्विक शक्तियां जागृत होती हैं, वहीं हम एकाग्रचित्त होकर कुछ समय शांतिपूर्वक व्यतीत करते हैं।

सोमवार को नया मुरादाबाद में आयोजन में उन्होंने कहा कि आज मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया में व्यक्ति एकाकी होता जा रहा हैं आत्म केंद्रित होता जा रहा है। ऐसे में सत्संग से नई ऊर्जा का संचार होता है। आत्म साक्षात्कार का सबसे अच्छा साधन आत्म केंद्रित होकर बैठना और भगवान का नाम स्मरण करना है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति से साथ एक गुरु जीवन पर्यन्त चलता है वो है उसकी स्वयं की अंतरात्मा और मनुष्य अक्सर उसका ही तिरस्कार करता है। कार्यक्रम में डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त, प्रोफेसर हरवंश दीक्षित, डॉ बृजपाल सिंह यादव, हरि गोपाल शर्मा, प्रमोद रस्तोगी, प्रेमनाथ यादव, प्रत्युष यादव, योगेंद्र रस्तोगी, पुष्प यादव, अरविंद मोहन गुप्ता, सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# समाज सेवा के संस्कार सिखाती है स्काउट गाइड



शिविर के समापन पर स्काउट गाइड के साथ सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रोडवेज डिपो पर 4 जून से चल रहे जल सेवा शिविर के समापन में पहुंचीं सीडीओ

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने कहा कि जल सेवा शिविर विद्यार्थियों में समाज सेवा से राष्ट्र प्रेम की भावना विकसित करने का अच्छा माध्यम है। 4 जून से रोडवेज डिपो पर 32 कॉलेज के 175 स्काउट गाइड द्वारा लगाए गए जल सेवा शिविर के समापन को वह संबोधित कर रही थीं।

सोमवार को रोडवेज डिपो पर समापन के मौके पर सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी पहुंचीं। डीआईओएस द्वितीय सर्वेश कुमार मौजूद थे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सेवा भावना को सभी अपने जीवन में अपनाएं। एडीआईओएस शतानंद शर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा करती है। जिला सचिव डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि शिविर में 32 विद्यालयों के 175 स्काउट गाइडों ने प्रतिभाग किया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मधुबाला त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों से प्रत्येक दिन एक सेवा कार्य करने का प्रण लिया। स्काउट गाइड को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विजय मल्होत्रा, बबीता मल्होत्रा, पूर्व सचिव राजीव पाठक, अंकुर कुमार, अक्षत शर्मा, वैशाली ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चोरी का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने नागफनी के नवाबपुरा निवासी मुनीर अली उर्फ गटुआ और सिविल लाइंस के रेलवे कॉलोनी निवासी सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर चोरी की वारदात का खुलासा किया है। आरोपियों ने बीते अप्रैल माह में कच्ची बस्ती पीतलनगरी में किराये पर रहने वाले अनीस के घर से 4.50 लाख की नगदी और जेवर पार कर दिए थे। दोनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मूंढापांडे के गांव सेहरिया निवासी अनीस कटघर के कच्ची बस्ती पीतलनगरी में रहते हैं। 25 अप्रैल को अनीस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दो अप्रैल को गांव से लौटे तो ताले टूटे थे और 4.50 लाख रुपये की नगदी और जेवर चोरी था। आरोपी मुनीर से 80 हजार और सुरेंद्र सिंह उर्फ तिलक से 70 हजार समेत कुल डेढ़ लाख रुपये बरामद किए। मुनीर शातिर चोर है। उसके खिलाफ कटघर, गलशहीद, नागफनी, मूंढापांडे थानों में 9 मुकदमें दर्ज हैं। वह पहले भी कई बार जेल जा चुका है।

### पशु चिकित्सक पर दसवीं की छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर क्षेत्र निवासी महिला के अनुसार उसकी 17 वर्षीय बेटी दसवीं की छात्रा है। बेटी का पशु चिकित्सक अनिकेत कुमार से संपर्क हो गया। आरोप लगाया कि अनिकेत ने बेटी को प्रेमजाल में फंसा लिया। बताया कि एक दिन परिवार बाहर गया था। उसी दौरान आरोपी घर आया और झांसा देकर बेटी से दुष्कर्म किया। बाद में कई बार आरोपी होटल में लेजाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। हर बार आरोपी शादी का भरोसा देता इसलिए वह चुप रही। आरोपी ने अश्लील वीडियो बना ली और उसे वायरल करने की धमकी दी। महिला के अनुसार 22 मार्च को आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। जिसके बाद बेटी ने आपबीती सुनाई। थाने से लेकर एसएसपी ऑफिस तक सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद कोर्ट में अर्जी लगाई, जहां से एफआईआर के आदेश हुए। एसएचओ कटघर संजय कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज पहुंचे केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री, किया स्वागत



केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के साथ कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुख्यमंत्री उद्यमी योजना में बैंकों में सरल लोन प्रक्रिया पर चर्चा की

**अमृत विचार :** कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह के शिविर कार्यालय महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना पर सोमवार को महाराजगंज सांसद एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के पहुंचने पर स्वागत किया गया। विधायक ने मंत्री से मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत बैंकों द्वारा सरल लोन प्रक्रिया पर चर्चा की। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने देश के आर्थिक विकास के विजन के बारे में भी बात की।

उन्होंने बताया कि पिछले 10 सालों में सरकार ने 52 करोड़ लोगों को 33 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के जमानत मुक्त ऋण दिए हैं, जिससे वह अपना कारोबार शुरू कर सकें। ऋण 50,000 से 20 लाख रुपये तक के हैं। लाभार्थियों में 68 फीसदी महिलाएं हैं। इस अवसर अरविंद गोयल, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, संजय कट्टा, रोहित सिंह, रविन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद ने देश की एकता के लिए दिया था बलिदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी में नमन कर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार :** भाजपा महानगर की ओर से बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर सोमवार को जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि एवं वक्ता उपभोक्ता सहकारी संघ के अध्यक्ष (दर्जा राज्यमंत्री) संजीव गोयल सिक्का रहे।

उन्होंने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वंदे मातरम गायन के बाद गोष्ठी शुरू हुई। मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद ने देश की एकता और अखंडता के लिए प्राणों का बलिदान दिया था। बोले- जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने से बड़ी और सच्ची श्रद्धांजलि उनके प्रति और कुछ नहीं हो सकती है। उनकी इच्छा थी कि इस देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान हो। अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा में सक्रिय रूप से जुटना चाहिए। एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद ने स्वतंत्र भारत की पहली सरकार में महात्मा गांधी के आह्वान पर योगदान दिया, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू की नीतियों से असहमति के चलते वे अलग हो गए। यह राजनीति का एक दुर्भाग्यपूर्ण पक्ष रहा। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि वह आज भी प्रेरणा का स्रोत है। संचालन महानगर मंत्री शमी भटनागर ने किया।

इस दौरान संयोजक शशि किरण, सह संयोजक धर्मेश सैनी व हरीश प्रजापति, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, अल्पना रितेश गुप्ता, डॉ. विशेष गुप्ता, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता, संजय शर्मा, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, विशाल त्यागी, दिनेश सिसोदिया, विजय लक्ष्मी पंडित, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, सुरेंद्र विश्नोई, राजेश रस्तोगी, राहुल शर्मा, हेमराज सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते संजीव गोयल। ● अमृत विचार

### पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सोमवार को भाजपा कार्यालय पर जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवनकाल में समाज हित के लिए अपना जीवन समर्पण किया। उनके जीवन चरित्र पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके बताएं मार्गों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल, आशुतोष अग्रवाल, दीपक चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, पवन कुमार, नागेंद्र लामा, कमलेश कुमार, हेमेंद्र प्रताप सिंह, मुखलाल सिंह आदि मौजूदरहे

**समस्या** स्पोर्ट्स स्टेडियम में पानी भरने से खिलाड़ी परेशान, जिम्मेदार अंजान

# खिलाड़ियों की राह का रोड़ा बना जलभराव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में जल भराव ने खिलाड़ियों के लिए समस्या उत्पन्न कर दी है। जल निकासी की ठीक व्यवस्था न होने के कारण खिलाड़ी परेशान हैं। उन्हें अभ्यास करने में परेशानी हो रही है। समस्या को लेकर जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं।

रविवार और सोमवार को 20 मिनट हुई बारिश का असर यह है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर में जलभराव हो गया है। रोजाना अभ्यास करने में खिलाड़ियों को परेशानी हो रही है। खेल मैदान तो दूर मुख्य द्वार गेट से ही जलभराव की समस्या बनी हुई है। इससे खिलाड़ियों को सिर्फ अभ्यास करने में ही नहीं बल्कि स्टेडियम में प्रवेश करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फुटबॉल का अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों ने बताया कि स्टेडियम परिसर में जलभराव दूर करने के लिए कोई इंतजाम नहीं किया गया है। अगर आधे घंटे बारिश हो जाती है, समस्या होने लगती है। सोमवार को फुटबॉल फ्रेंडली टूर्नामेंट हुआ। इस दौरान खिलाड़ी कीचड़ में लथपथ होकर खेलने को मजबूर हुए। एथलेटिक्स के खिलाड़ियों ने बताया कि बीते एक सप्ताह से स्टेडियम में अभ्यास नहीं कर मिल रहा है। खिलाड़ियों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कबड्डी के खिलाड़ियों ने बताया कि बरसात में हर साल समस्या होती है, लेकिन इसके समाधान के लिए कोई स्थाई काम नहीं कराया जा रहा है। पहले खिलाड़ी खुद पानी साफ करते हैं और फिर अभ्यास करते हैं।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में ट्रैक पर भरा पानी। ● अमृत विचार

जलभराव से छुटकारा दिलाने के लिए कई बार कहा जा चुका है लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।



-मो. आसिफ, खिलाड़ी

कई दिनों से अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। सिर्फ वर्कआउट कर लौट रहे हैं। प्रतिभा कैसे निखारें



- शोएब खान, खिलाड़ी

जलनिकासी कराकर जल्द ही इसका स्थायी समाधान कराएंगे।
-सुनील कुमार सिंह, जिला क्रीड़ाधिकारी

## तेंदुए ने नीलगाय को बनाया निवाला दहशत में लोग

**पाकबड़ा अमृत विचार :** तेंदुआ की दहशत लोगों में बरकार है। रोज किसी न किसी पर तेदुएं के हमले के शोर से ग्रामीण परेशान सहमें हैं।

थाना क्षेत्र के गांव धनुपरा के निवासी अहमद जान पुत्र विलायत के खेत में नीलगाय का अधखाया शव पड़ा हुआ मिला। अहमद जान ने बताया कि जब वह सोमवार की सुबह को अपने खेत पर गए तो खेत में नीलगाय का अधखाया शव पड़ा था। इसकी जानकारी गांव वालों को दी। बताया कि सभी लोग सतर्क रहें। अकेले खेतों पर न निकलें, अपने बच्चों को घर से न निकलने दें। ग्रामीणों का कहना है कि एक तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ कई बार खेतों की ओर घूमता हुआ नजर आया है। इससे डरे लोग घरों में बंद होने को मजबूर हैं। तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। वन विभाग ने कुछ दिनों तक पिंजरा लगाया था। लेकिन तेंदुआ पकड़ में न आने से हटा लिया।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में संघ के सदस्यों के साथ सम्मानित खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवसः उदयीमान खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में ओलंपिक संघ का आयोजन

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला ओलंपिक संघ की ओर से सम्मान समारोह आयोजित हुआ। विभिन्न खेलों के उदीयमान खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि खेल से खिलाड़ी स्वस्थ रहते हैं और समन्वय की भावना जाग्रत होती है। इससे पहले क्षेत्रीय ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अजय पाठक ने बुके एवं स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर प्रदीप कुमार सक्सेना, प्रभारी क्रीड़ाधिकारी योगेंद्र गौतम, आशय वर्मा, शावेज अली, फिरोज खान, महेंद्र विश्नोई, आसिफ सिद्दीकी, सचिन विश्नोई, नेहा सिंह, गोविंद यादव आदि रहे।

**आज का मौसम**

बादलों के बीच हल्की बारिश होने का अनुमान।

32.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:18 | सूर्यास्त 07:17

# रेलवे स्टेडियम कॉलोनी में पेड़ पर दिखा कब्र बिज्जू का बच्चा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेडियम कॉलोनी के पास उस समय सड़क चलते लोगों की भीड़ लग गई जब एक पेड़ पर अचानक अद्भुत (हनी बैजर) का बच्चा दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने जब इसे देखा तो मौके मौजूद लोग तरह तरह के कयास लगाने लगे कोई कब्र बिज्जु कह रहा था। तो कोई कुछ बता रहा था। कई लोग मोबाइल से वीडियो और फोटो लेने लगे। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 12 बजे कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने सबसे पहले पेड़ पर अजीब सी हलचल देखी। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह कब्र बिज्जू का बच्चा है। यह जीव आमतौर पर दक्षिण अफ्रीका में पाए जाने की चर्चा लोग कर रहे थे। आक्रामक प्रवृत्ति और साहसी स्वभाव के कारण लोग डर भी गए। कुछ देर के लिए कॉलोनी में मेले जैसा माहौल बन गया,फिलहाल वह बच्चा पेड़ पर ही है वन विभाग की टीम नहीं पहुंची।



कब्र बिज्जु के बच्चे को पकड़ा युवक।

## स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में बैग में मिला था नवजात

# सीसीटीवी से नवजात को रखने वाले की तलाश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में चल रहा उपचार
- आरपीएफ और जीआरपी कर रही जांच

**अमृत विचार :** पटना से चंडीगढ़ जा रही स्पेशल ट्रेन के सेकंड एसी कोच में रविवार को एक बैग में मिले नवजात का जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में उपचार चल रहा है। रेल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल इस बात की जानकारी जुटा रही है कि नवजात को ट्रेन में किसने रखा है। जिसके लिए स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया जा रहा है।

रविवार को पटना से चंडीगढ़ जा रही स्पेशल ट्रेन के सेकंड एसी कोच में एक बैग में नवजात मिला था। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और चाइल्ड लाइन की टीम ने उतारकर नवजात को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। नवजात को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए उसे महिला अस्पताल के एसएनसीयू में रखा गया है। चाइल्ड लाइन के सुपरवाइजर विनीत चौधरी ने बताया कि आरपीएफ के मैसेज पर वह स्टेशन पर पहुंचे और रेलवे के डॉक्टरों के बुलाकर उनकी देखरेख में बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

नवजात एक माह तक महिला अस्पताल के एसएनसीयू में रहेगा। वहां अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। इसके बाद उसे बाल कल्याण समिति को सौंप दिया जाएगा।



जिला अस्पताल में भर्ती नवजात।

वहीं सोमवार को अस्पताल में भर्ती नवजात की हालत में हल्का सुधार आया। एसपी जीआरपी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि नवजात को किसने रखा है, इसके लिए राजकीय रेल पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल को लगाया है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से नवजात को बैग में करके ट्रेन में रखने वाले की तलाश की जा रही है।

महिला जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. निर्मला पाठक ने बताया कि नवजात गंभीर हालत में ही भर्ती कराया गया था। एसएनसीयू में रखा गया है। सांस लेने में दिक्कत न हो इसके लिए कंटीन्यूअस पॉजिटिव एयरवे प्रेशर (सीपैप) दिया जा रहा है।

## बेटे की मौत के सदमे में पांचवें दिन मां की मौत

**भोजपुर, अमृत विचार :** इकलौते बेटे की मौत का सदमा मां बर्दाश्त नही कर सकी। बेटे की मौत के गम में पांचवें दिन मां का भी इंतकाल हो गया। चार दिन में मां बेटे की मौत से परिवार ही नहीं पूरे कस्बे में गम का माहौल है।

कस्बे के मोहल्ला जमींदारान निवासी मो. अनीस(35) की बीते गुरुवार को मौत हो गई थी। युवक लंबे समय से कैंसर से जूझ रहा था। पिता हनीफ की भी पच्चीस वर्ष पहले कैंसर से मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद मां ने कठोर परिश्रम कर बेटे की परवरिश की। दस बरस पहले उसका विवाह कर दिया। परिवार में मां, पत्नी और चार बच्चे हैं। एकमात्र बेटे की मौत से मां को बहु, पौत्री- पौत्रों की परवरिश की चिंता सता रही थी। सोमवार को मां की भी मौत हो गई। बहु और बच्चों का बुरा हाल है। सोमवार की शाम मां को भी बेटे की कब्र के बराबर में दफन कर दिया गया।

## एक नजर

### मामूली कहासुनी में युवक से मारपीट, टांग टूटी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मामूली कहासुनी के बाद एक युवक पर जानलेवा हमला का घटना सामने आया है। थाना नागफनी क्षेत्र के दीवान का बाजार मोती बाग निवासी वारिशा ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति मुमताज का मोती बाग स्थित रविवार का बाजार में नाजिम नामक व्यक्ति से पेड़ लगाने को लेकर विवाद हो गया था, जिसे स्थानीय लोगों ने समझा-बुझाकर शांत करा दिया था। लेकिन शाम को जब मुमताज पठानो वाली मस्जिद में नमाज पढ़ने जा रहे थे। नाजिम, बबलू, इरफान और एक अज्ञात युवक ने रास्ते में घेर हमला कर दिया। जिससे पति को चोटें आईं और एक टांग टूट गई। लोगों ने घायल को बचाया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेने के बाद 151 के तहत चालान कर छोड़ दिया। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### भैंस का 90 किग्रा मांस बरामद, दो के खिलाफ केस

**भोजपुर, अमृत विचार :** उप निरीक्षक बृजपाल सिंह टीम के साथ मोहल्ला गुलाब बाड़ी निवासी राशिद के घर छापेमारी कर 90 किग्रा भैंस का मांस एवं कुल्हाड़ी, छुरी, सुम्मी, खाल और इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद कर सील कर दिया। कटान कर रहे दो आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग गए। एक की पहचान जामा मस्जिद निवासी मुशाहिद पुत्र शरीफ के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद मांस की पशु चिकित्सक से जांच कराने के बाद उनकी मौजूदगी में ढेला नदी के किनारे गड्ढा खोदकर दबा दिया।

### दहेज के लिए गर्भवती की हत्या का आरोप, पांच पर केस

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में बीते दिनों संदिग्ध हालात में गर्भवती की मौत हो गई। पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम गजरौला जयसिंह निवासी महबूब शाह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटी सानिया की शादी 9 नवंबर 2024 को फरीदनगर निवासी जीशान पुत्र हनीफ अहमद के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। 18 जून को सानिया की तबीयत खराब होने पर ससुराल वालों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मुरादाबाद रेफर कर दिया। 19 जून को मुरादाबाद के अस्पताल में डॉक्टरों ने सानिया को मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि ससुरालियों ने ही बेटी की हत्या की है। जिस पर पुलिस ने पति जीशान सहित पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी के कार्ड बांटने आए युवक की बाइक चोरी

**भोजपुर, अमृत विचार :** थाना मूंढापांडे के गांव करनपुर निवासी ग्रामीण की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी तहरीर में ग्रामीण नौशाद पुत्र छैला ने कहा है कि 10 जून को बड़े भाई की शादी के कार्ड बांटने भोजपुर के गांव राजा का मंझरा निवासी रिश्तेदार के घर आया था। बाइक को ढेला नदी के किनारे खड़ा करके कुछ देर बाद वापस लौटा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हादसे के बाद चेता प्रशासन, सात लाख से शिफ्ट होगी हाईटेंशन लाइन

## लोदीपुर जवाहर नगर में छतों से गुजर रही एचटी लाइन से खतरे में जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ग्रामीणों ने डीएम से मुलाकात कर एचटी लाइन हटाने की उठाई मांग
- 24 मई को हाई टेंशन लाइन के करंट से झुलस गए थे दो बच्चे

**अमृत विचार :** लोदीपुर जवाहर नगर के रहने वाले लोग पिछले पांच दशक से खतरे के साये में जी रहे थे। 24 मई को छत के दो फीट ऊपर से ही गुजर रही विद्युत विभाग की हाई टेंशन लाइन के करंट से दो बच्चे झुलस गए थे। अब प्रशासन इसे लेकर गंभीर हुआ है। यहां के ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर एचटी लाइन हटाने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने हाईटेंशन लाइन को जल्द शिफ्ट कराने के लिए कहा। इसके अलावा शाहपुर तिगरी में भी यही समस्या है।

सोमवार को लोदीपुर जवाहर नगर के लोग उनके मकानों की छत से दो फीट की ऊंचाई से गुजर रही हाईटेंशन लाइन हटाने के लिए जिलाधिकारी से मिले। उन्होंने बताया कि 50 वर्ष से अधिक छतों की ऊपर गुजर रही हाई टेंशन के तारों इस बीच कई करंट से झुलसे और कई इलाज दौरान मौत का शिकार हो गए थे। 24 मई को एक मकान की छत पर खेत रहे दो बच्चों को हाई टेंशन लाइन से करंट लगने से झुलस गए। जिसके गांव में अफरा तफरी मच गई थी। इसकी जानकारी पर एसडीएम सदर और सीओ मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने गांव वालों की हाई टेंशन लाइन हटाने की मांग पर आश्वासन दिया था। बिजली विभाग की ओर से सात लाख रुपये का एस्टीमेट बनाकर एसडीएम सदर को भेजा गया है। इससे वहां हाईटेंशन लाइन शिफ्ट की जाएगी। इस संबंध में गांव वाले जिलाधिकारी से मिले। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को तुरंत हाईटेंशन लाइन हटाकर वंच वायर डालने के निर्देश दिए। हालांकि अभी शाहपुर तिगरी, कुंदरकी और बिलारी में घनी आबादी के जा रही हाईटेंशन लाइन के तारों से वहां रहने से खतरा मंडरा रहा है।



लोदीपुर जवाहर नगर में छतों से दो फीट की उंचाई पर तार। ● अमृत विचार

> कई स्थानों पर हाई टेंशन लाइन के नीचे बने मकान अब ऊंचे कर दिए गए हैं। लोदीपुर जवाहर नगर की लाइन हटाई जा रही है। कोई फंड न होने से लाइन शिफ्ट कराने वाले को ही खर्चा देना है। कई जगहों पर अभी भी हाईटेंशन लाइन के नीचे मकानों का निर्माण गलत तरीके से किया जा रहा है।
>
> – **अरविंद सिंघल**, मुख्य अभियंता वितरण खंड मुरादाबाद मंडल

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर रेप मामला, सुनवाई 26 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर नाबालिग से दुष्कर्म का मामला पॉक्सो कोर्ट में विचाराधीन है। सोमवार को बचाव के लिए बयान दर्ज कराने को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। अदालत ने अब 26 जून की तारीख तय की है।

थाना सिविल लाइंस में पीड़िता की मां की ओर से पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक पर दुष्कर्म का मुकदमा लिखाया था। 13 अप्रैल 2023 को दर्ज मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट-प्रथम अविनाश चन्द्र मिश्रा कर रहे हैं। सोमवार को सुनवाई में अधिवक्ता अभिषेक शर्मा की ओर से बचाव के लिए अदालत में ललित कौशिक के बयान कराने के लिए प्रार्थना दिया गया। अधिवक्ता का कहना है कि अगली तारीख निर्धारित की गई है। विशेष लोक अभियोजक मनोज वर्मा का कहना है कि अब तक आरोपी की ओर से ललित कौशिक का नारको टेस्ट कराने की मांग की गई। अधिवक्ता ने साक्ष्य अधिनियम का हवाला देते हुए आरोपी का नारको टेस्ट कराने के लिए तर्क दिया। अदालत ने नारको टेस्ट की मांग ठुकरा दी।

# छत पर सो रहा था किसान का परिवार, चोरों ने खंगाला घर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अलमारी में रखी डेढ़ लाख की नगदी और सोने-चांदी के जेवरात लेकर हुए फरार

**अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र के बरवाला मजरा काशीपुर तिराहा निवासी आबिद पत्नी सलमा व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ छत पर सो रहा था। देर रात लगभग 3 बजे उसकी पत्नी को घर के अंदर दरवाजों की कुंडी खुलने की आवाज सुनाई दी।

शक होने पर आबिद नीचे आया और देखा तो कमरों के दरवाजे खुले थे और अलमारी का सामान बिखरा था। पता चला कि उसमें रखे लगभग 1.50 लाख रुपये नगदी, सोने-चांदी के जेवरात और विवाह का सामान चोरी हो चुका था। बताया गया कि नकद रकम आबिद के साले की थी और जेवरात व अन्य सामान उसकी बहू की शादी के लिए रखा गया था। सूचना पर कटघर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी की इस वारदात से इलाके में दहशत है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों की तलाश में जुट गई है।

### फैक्ट्री में चोरी करते पकड़ा गया चोर

सिविल लाइंस क्षेत्र के प्रेम नगर स्थित एक फैक्ट्री में तैनात एसआर सौरभ चौहान ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार रात एक चोर फैक्ट्री की दीवार फांदकर घुस आया। फैक्ट्री से 7 किलो पीतल की सिल्ली और 3 किलो एल्यूमीनियम के टुकड़े थैले में भरकर ले जाने लगा। इसी बीच गार्ड राजवीर सिंह, विनोद कुमार व अभिषेक कुमार ने उसे देख लिया और शोर मचा दिया। युवक चोरी का सामान लेकर भागने की कोशिश में फैक्ट्री की दीवार से कूद गया, जिससे उसे चोट आई। वह खड़ा हो पाता तब तक गार्ड ने उसे पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम शिव वचन निवासी रूद्रा थाना अगढेर जिला रोहतास बिहार बताया है। फैक्ट्री कर्मियों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। सिविल लाइंस पुलिस ने चालान कर दिया।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, भगतपुर

- युवक के ससुराली बोले- भाई ने संपत्ति के विवाद में जहर देकर मार डाला

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। युवक के ससुराल वालों ने मृतक के भाई एवं अन्य परिवार वालों पर संपत्ति के विवाद में जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं मृतक के भाई का कहना है कि उसने जहर का सेवन कर आत्महत्या की है।

मिलक निबाड़ खास निवासी बलवीर के अनुसार रविवार को उनकी मां तारावती का तेरहवीं कार्यक्रम था जिसके लिए काफी रिश्तेदार घर पर एकत्र थे। बताया कि कार्यक्रम के बाद परिजन आपस में बैठकर बात कर रहे थे इसी दौरान उसका भाई विनोद 28 वर्ष किसी बात से नाराज होकर वहां से चला गया एवं कुछ देर के बाद उन्हें सूचना मिली कि विनोद ने जहर का सेवन कर लिया है। उसे एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर गए जहां उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद परिजन उसे मुरादाबाद के अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पंचायतनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतक के ससुराल वालों व उसकी पत्नी का आरोप है कि संपत्ति के विवाद में विनोद के परिवार वालों ने अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ मिलकर विनोद को जहर दे दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

इस संबंध में थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पंचायतनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है एवं अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# एमडीए के खिलाफ मजदूर संगठन ने भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने एमडीए द्वारा जारी महानगर से सटे 11 गांवों 1250 हेक्टेयर जमीन के अधिग्रहण की अधिसूचना पर नारेबाजी करते हुए जुलूस निकला। प्राधिकरण के खिलाफ डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। विकास प्राधिकरण द्वारा दो वर्ष पहले 23 जून 2023 को जारी अधिसूचना को निरस्त करने की मांग की।

सोमवार को कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने आंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकालकर, भूखंड अर्जन की अधिसूचना को रद्द करने की मांग की। किसानों की जमीन किसी भी कीमत पर एमडीए को नहीं देने का ऐलान किया। जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश के इस सबसे बड़े भूमि अधिग्रहण के खिलाफ संगठन के बैनर तले प्रभावित किसान मौजूद हैं। भूखंड स्वामी पिछले दो वर्ष से आंदोलन कर रहे हैं। सभी प्रशासनिक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों को मांग पत्र दे चुके हैं। बड़ी संख्या में प्रभावित लोग एमडीए कार्यालय में शपथ पत्र देकर भूमि न देने का ऐलान कर चुके है। प्रदर्शन करने वालों में संतोष सिंह, नेतराम भारती, हरकिशोर सिंह, सुशील कुमार, हरिश्चन्द्र, मंजीव सैनी, शिवलाल, दीपक अग्रवाल, सुरेश कुमार, माया राजपूत आदि शामिल रहे।




जुलूस निकालते ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने किया डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

### बर्दाश्त नहीं करेंगे मनमानी

वक्ताओं ने कहा कि प्राधिकरण भू- माफिया तथा प्रॉपर्टी डीलर बन कर भोली-भाली जनता की जमीन बड़े बड़े बिल्डरों कारपोरेट घरानों को देना चाहती है। जिसे बर्दाश्त नहीं करेगें। जब तक अधिसूचना रद्द नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। 25 जुलाई को देशव्यापी ट्रेड यूनियन के किसान संगठनों की हड़ताल का समर्थन करते हुए संगठन की जिला इकाई अधिसूचना निरस्त करने की मांग को लेकर दोबारा प्रदर्शन करेगी।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बच्ची की मौत

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव करनपुर के निवासी अजीम की बेटी आयशा सोमवार को घर के बाहर खेल रही थी। तभी तेज रफ्तार से जा रही कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन और आसपास के लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया।



मृतका आयशा।

पिता ट्रांसपोर्टर है जो बाहर रहते हैं। बताया जा रहा है कि कार चालक सरफराज विद्युत कार्यों से संबंधित लेबर ठेकेदार है और करनपुर में मजदूरों को बुलाने आया था। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि स्कॉर्पियो की टक्कर से डेढ़ साल की बच्ची की मौत हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। आयशा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

**एक साल बीता** — हवाई साबित हुई सेवा, मुरादाबाद-लखनऊ के लिए दो महीने ही उड़ सकी फ्लाई बिग

# विमानों की उड़ान ठप, हवा में लोगों के अरमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के लोगों के लिए हवाई उड़ान हवाई ही बनकर रह गया है। एक दशक से अधिक समय तक हवाई पट्टी को हवाई अड्डा विकसित होने व लाइसेंस में लग गया। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ में एक जनसभा के दौरान आजमगढ़ सहित पांच हवाई अड्डों के लोकार्पण में मुरादाबाद के मूंढापांडे हवाई अड्डे का लोकार्पण किया था।

कई महीने के बाद 10 अगस्त 2024 को जैसे तैसे मुरादाबाद से लखनऊ के लिए एक उड़ान शुरू हुई। इसका उद्घाटन स्थानीय एयरपोर्ट पर पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में हुआ, लेकिन लगभग एक साल से वह भी ठप है। इससे लोगों का अरमान हवा में लटक रहा है।




मूंढापांडे हवाई अड्डे की फोटो। ● अमृत विचार

- लोकसभा चुनाव के दौरान आजमगढ़ से प्रधानमंत्री ने किया था मूंढापांडे हवाई अड्डा का वर्चुअल लोकार्पण

लखनऊ से मुरादाबाद और फिर वापस लखनऊ के लिए फ्लाई बिग कंपनी की ओर से 19 सीटर विमान सेवा की शुरुआत के बाद लोगों को यह उम्मीद जगी थी कि और इसका और विस्तार होगा। सरकार ने भी आश्वासन दिया था कि मूंढापांडे से देहरादून और गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी होगी। लेकिन कनेक्टिविटी बढ़ने की कौन कहे एक मात्र विमान सेवा भी लगभग एक साल से ठप है। जिसके शुरू होने के अभी आसार नहीं आ रहे हैं। हवाई अड्डा प्राधिकरण कंपनियों से बातचीत का आश्वासन दे रहा है। इस हवाई अड्डे के विस्तारीकरण का पेंच भी अभी फंसा है। कई गांवों से अभी एनओसी नहीं मिली है। जमीन क्रय करने के लिए किसान सहमति पत्र नहीं दे रहे हैं। क्योंकि उनको मनमाफिक कीमत नहीं मिल रही है। प्रशासनिक और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी विमान सेवा में अड़चन बन रही है।

# छिटपुट बारिश से गर्मी में राहत नहीं, उमस बरकरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मानसून की दस्तक के बाद छिटपुट बारिश से गर्मी व उमस से राहत नहीं मिल रही है। रविवार को दोपहर आधे घंटे की बारिश के बाद गर्मी फिर बढ़ गई थी। वहीं सोमवार को दिनभर तेज धूप से लोग परेशान हुए। दोपहर के बाद अचानक कई मोहल्ले में छिटपुट बारिश हुई लेकिन उमस बरकरार रही।

कांठ रोड, आशियाना, सिविल लाइंस आदि क्षेत्रों में दोपहर बाद अचानक हल्के बादलों के चलते छिटपुट बारिश हुई। इससे लोगों को लगा कि अब गर्मी से राहत मिलेगी लेकिन थोड़ी देर में ही बारिश बंद होने से लोग निराश हुए। जबकि कटघर, पीतलनगरी व अन्य कई क्षेत्रों में एक बूंद भी बारिश न होने से लोग गर्मी से व्याकुल हुए। तापमान में भी विशेष कमी नहीं आई। सोमवार को अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 63 प्रतिशत रहा। जबकि 10.7 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पूरब दिशा से हवा चली।

अभी अगले चार पांच दिन मौसम ऐसे ही रहने का अनुमान जताया जा रहा है। मूसलाधार बारिश न होने से किसानों को फसलों की सिंचाई की भी चिंता सता रही है। वहीं पशुपालकों को अपने मवेशियों के लिए पानी का प्रबंध करने के लिए भागदौड़ करनी पड़ रही है। तालाब सूखे होने से मवेशी पानी के लिए भटक रहे हैं।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ प्रो. आरके सिंह ने बताया कि अभी चार पांच दिन ऐसे ही मौसम रहेगा। हल्के बादलों के बीच छिटपुट बारिश या कहीं बौछारें पड़ेंगी।



कांठ रोड पर बारिश में भीगते गुजरते लोग। ● अमृत विचार

- सोमवार को तेज धूप के बाद दोपहर में कई मोहल्लों में बारिश

# ट्रिपिंग व अघोषित कटौती से लोगों में आक्रोश

संवाददाता, कांठ

- खेतों में धान की रोपाई के लिए नलकूप चलाने के लिए बिजली न मिलने से किसान परेशान

**अमृत विचार:** ट्रिपिंग और अघोषित बिजली कटौती को लेकर छजलैट व कांठ के उपभोक्ता परेशान हैं। वहीं दूसरी ओर किसानों ने खेतों में धान की रोपाई का कार्य प्रारंभ कर दिया है किसानों को नलकूप चलाने के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है जिसके चलते छजलैट क्षेत्र के किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

छजलैट क्षेत्र के उपभोक्ता को गांव भीकनपुर स्थित उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति की जाती है। छजलैट क्षेत्र के किसान विनोद कुमार, चंद्रपाल सिंह, राजपाल सिंह, अमित कुमार, ऋषिपाल सिंह, विजयपाल सिंह, हरपाल सिंह, का कहना है कि दिन रात की आपूर्ति में की जा रही बिजली कटौती से किसानों के नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। इस समय गन्ने की फसल एवं किसानों के खेतों में धान की रोपाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है लेकिन नियम अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते किसानों को अपने खेतों में पानी भरने में काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। यही हालत कांठ बिजली उपकेंद्र की है। यहां नगर में बिजली आपूर्ति के लिए दो फीडर चलाए जा रहे हैं। तहसील फीडर की हालत कुछ ठीक है क्योंकि वहां अधिकारी मौजूद रहते है लेकिन टाउन फीडर की हालत बहुत बदतर है। अधिकारियों की वजह से तहसील फीडर तो चलता रहता है लेकिन टाउन फीडर को बंद कर दिया जाता है। जिसके चलते टाउन फीडर के उपभोक्ता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर एग्रीकल्चर फीडर से किसानों को 10 घंटे बिजली देने का वादा किया गया था परंतु किसानों को एग्रीकल्चर फीडर पर 10 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं दी जा रही है जिसके चलते किसान सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं।

## प्रदेश के 15 जिलों की चीनी मिलों में 1500 किसानों ने किया भ्रमण

# प्रशिक्षण से गन्ना किसानों का सपना हो रहा साकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्रदेश में चीनी मिलों को उनकी पेराई क्षमता के अनुरूप गन्ने की उपलब्धता कराए जाने एवं कम भूमि में अधिक गन्ना उत्पादन के लिए आयुक्त गन्ना एवं चीनी प्रमोद कुमार उपाध्याय के अथक प्रयासों को समस्त विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने सराहना की। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को बेहतर गन्ना उत्पादन के लक्ष्यों को पूरा करने हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया है।

### चीनी मिलों में चल रहे पेड़ी प्रबंधन के प्रशिक्षण

मुरादाबाद परिक्षेत्र की बरकातपुर, चांगीपुर, बिजनौर, स्योहारा, धामपुर, चांदपुर एवं धनौरा की चीनी मिल में किसानों को पेड़ी प्रबंधन में किए गए विशेष कार्य को देखा और सीखा। सहारनपुर, मेरठ, मुज्जफरनगर, बरेली, पीलीभीत, बुलंदशहर, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, बदायूं, बिसौली की चीनी मिल के 1500 से अधिक गन्ना किसानों ने भ्रमण कर पेड़ी प्रबंधन के गुर सीखे। भ्रमणकर्ताओं ने चीनी मिलों एवं उनके गन्ना आपूर्तिकर्ता कृषकों के दलों ने इन प्रगतिशील किसानों के पेड़ी प्रबंधन की सराहना की। साथ ही इसे अपनाए जाने का भी संकल्प लिया।

रविवार को आयुक्त गन्ना एवं चीनी प्रमोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम धरातल पर फलित होता नजर आ रहा है। इसके लिए मंडल के मुरादाबाद में 40 मास्टर ट्रेनर, रामपुर में 30 मास्टर ट्रेनर, अमरोहा में 40 मास्टर ट्रेनर, बिजनौर में 90 मास्टर ट्रेनर और संभल में 30 मास्टर ट्रेनर समेत 230 मास्टर ट्रेनर ट्रेनिंग देंगे।

मंडल की 374 न्याय पंचायतों में 242 प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से किसानों को कम भूमि में अधिक गन्ना उत्पादन के लिए गन्ने की उन्नत खेती को लेकर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान बीज का चयन, भूमि शोधन, गन्ना बुवाई की विधि की क्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। इसके अलावा रोग, कीट प्रबंधन, प्रजातिय संतुलन, गन्ने के साथ सहफसली खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक मंडल के 17732 किसानों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

### दो मिलों का सर्वे अधूरा

**छजलैट, अमृत विचार:** सहकारी गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में गन्ना सट्टा सर्वे चल रहा है। जिसमें सरकारी गन्ना समिति कांठ व शुगर मिल के अधिकारी शामिल हैं। त्रिवेणी व अगवानपुर आदि शुगर मिल का कार्यक्रम पूर्ण नहीं हो पाया है जिसका कुछ भाग शेष रह गया है। अगर में छूटा कार्य शीघ्र पूरा कराया जाएगा। उसके पश्चात गांव में किसानों को गन्ना शक्ति सर्वे का प्रदर्शन किया जाएगा। यदि किसान की किसी की शिकायत होगी उसका तुरंत निस्तारण किया जाएगा।

## पेट्रोल डालकर हत्या का प्रयास, बचाने आई बहन को पीटा

**भोजपुर, अमृत विचार :** गांव ठीकरी निवासी विवाहिता ने पति एवं जेठ के खिलाफ कार, दो लाख रुपये की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकालने, पेट्रोल डालकर हत्या का प्रयास करने व तीन तलाक देने के आरोप में केस दर्ज कराया है।

प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव ठीकरी निवासी रमा उर्फ मंतशा पुत्री फुरकान ने बताया कि उसका विवाह 6 अप्रैल 24 को गांव के अरशद पुत्र गुलाब शाह के साथ हुआ था। सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। पति व जेठ दहेज में दो लाख रुपये व कार को लेकर शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न करने लगे। इस दौरान एक बेटे का जन्म हुआ। उत्पीड़न बढ़ा तो वह पिता के घर जाकर रहने लगी। रविवार की रात को पति अरशद पेट्रोल की बोतल लेकर जेठ हनीफ के साथ आया और जान से मारने की नीयत से उसपर पेट्रोल उड़ेल दिया। छोटी बहन रहनुमा बचाने को आई तो हनीफ ने उसे पीटा। शोर मचाने पर पड़ोसी आ गए तो पति तीन तलाक देकर चला गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क खोदी...नहीं की मरम्मत, हो रही दिक्कत

## बारिश से सड़क में हुए गहरे गड्ढे, गिरकर चोटिल हो रहे लोग

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर निगम द्वारा बिछाई जा रही शुद्ध पेयजल योजना की पाइपलाइन डालने के लिए खोदी जा रही सड़क को एक माह से ठीक नहीं किया गया है। मुख्य बाजार में आने वाले ग्रामीण एवं व्यापारियों ने जबरदस्त रोष प्रकट किया।

नगर में जल मिशन योजना के तहत पेय शुद्ध जल की पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। पाइपलाइन बिछाने के लिए पहले मशीन से सड़क तोड़ दी जाती है। सड़क टूटने से मलबे में फंसकर वाहन व पैदल यात्री ठोकरें खाकर गिरते रहते हैं। कई दिन तक सड़क में मलबा व मिट्टी भरने का इंतजार करना होता है। तत्पश्चात सड़क में मलवा भरने में एक सप्ताह से भी अधिक समय लग जाता है। इसके बाद टूटी पड़ी सड़क में मलबा तो डाल दिया जाता है लेकिन सड़क इंटरलॉकिंग करने व टूटी सड़क ठीक करने में एक महीने से भी अधिक समय लग जाता है। कुमार पेट्रोल पंप से संत रविदास मंदिर के पास तक एक माह से अधिक समय के बाद भी टूटी सड़क को ठीक नहीं किया गया है। वर्षा के कारण मलबा नीचे बैठने से सड़क में गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। साप्ताहिक बाजार में पहुंचने वाले हजारों लोग ठोकरें खाकर एवं उनके वाहन फिसल कर गिर रहे हैं। सोमवार को आयुष भार्गव, गोलू बिश्नोई, सतवीर सिंह, विशाल, चंद्रशेखर दिवाकर आदि व्यापारियों ने ठेकेदार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया।



मुख्य बाजार में प्रदर्शन करते व्यापारी। • अमृत विचार

- कांठ के व्यापारियों ने ठेकेदार के विरोध में किया प्रदर्शन
- नगर निगम द्वारा बिछाई जा रही पेयजल योजना की पाइपलाइन



खोद कर छोड़ी गई सड़क।

# बारिश ने पहुंचाई राहत जलभराव बना आफत

**कांठ, अमृत विचार:** पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश से मौसम पूरी तरह से खुशगंवार हो गया है। सोमवार को हुई तेज बारिश से जहां जगह-जगह नाले उफ़ना गए, तो वहीं नालों से बाहर निकला पानी सड़कों पर बहता हुआ दिखाई दिया। जिससे सड़कों पर गंदगी फैल गई।

सोमवार को हुई तेज बारिश के कारण नाले उफना गए। नलों से निकला पानी सड़कों और रास्तों में बहता हुआ दिखाई दिया। कांठ नगर में रामलीला मार्ग, मोहल्ला फकीरगंज, संत रविदास धर्मशाला, पट्टीवाला मार्ग आदि स्थानों पर सड़के नदियों जैसी दिखाई दीं। वहीं दूसरी ओर किसानों ने इस बारिश को गन्ने की फसल के लिए लाभदायक बताया है। किसानों ने खेतों में धान की रोपाई का कार्य प्रारंभ कर दिया है।



मोहल्ला पट्टीवाला में जलभराव। • अमृत विचार

# घर बनाने को नहीं मिले रुपये पत्नी को बच्चे सहित निकाला

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- न्यायालय के आदेश पर पति सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** पत्नी के मायके से मकान बनवाने के लिए रुपये न मिलने पर पति ने पत्नी को मारपीट कर बच्चे सहित निकाल दिया। धमकी दी कि जब तक रुपये नहीं मिले तब तक घर में नहीं रखेंगे । इस पर विवाहिता ने न्यायालय में याचिका दायर की सुनवाई के बाद न्यायालय ने पुलिस को चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

नगर के मोहल्ला आर्य नगर पीपल टोला वार्ड 9 निवासी प्रतीक्षा सक्सेना पुत्री प्रमोद शंकर सक्सेना ने न्यायालय में याचिका दायर कर कहा कि 28 अप्रैल 2021 को उसकी शादी मेरठ के मोहल्ला जय देवी नगर मकान नंबर 240 निकट संजय नान खटाई थाना नौचंदी निवासी विकास सक्सेना के साथ हुई थी । शादी के समय पिता ने सामर्थ्य से अधिक दान दहेज दिया था लेकिन पति, सास, जेठ खुश नहीं थे। पीड़िता ने बताया कि उसका भाई नहीं है। ससुरालियों ने एक राय होकर मेरठ में नया मकान बनाने के लिए रुपये की मांग शुरू कर दी जब उसने विरोध किया तो उसका उत्पीड़न करने लगे। उसने माता-पिता को बताया जिस पर पिता ने तीन लाख रुपये दिए लेकिन इस पर भी संतोष नहीं हुआ। असहनीय पीड़ा पर उसने शिकायत पिता से की। माता-पिता ससुराल पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की। इसी दौरान 30 मार्च 2023 को प्रार्थना ने एक पुत्र को जन्म दिया। कई बार पंचायतें हुई लेकिन वह मकान बनाने के लिए रकम देने पर अड़े रहे। वह चार माह की गर्भवती थी। इसके बावजूद उसे बुरी तरह मारपीट कर निकाल दिया। माता-पिता उसे ले गए। कोतवाली पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया तब उसने न्यायालय की शरण ली । न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मेरठ निवासी पति विकास सक्सेना ,जेठ विशाल सक्सेना, सास सरिता सक्सेना, जेठानी पूर्णिमा सक्सेना के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

# सड़क मरम्मत की गुणवत्ता पर उठे सवाल, अध्यक्ष गुस्साए



सड़क देख नाराजगी जताते नगरपालिका अध्यक्ष इरफान सैफी। • अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में जल निगम द्वारा कराए जा रहे पेयजल लाइन और सड़क मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता को लेकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इरफान सैफी ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने ठेकेदार पर कार्यों में लापरवाही के आरोप लगाए हैं। अध्यक्ष इरफान सैफी ने कहा कि जल निगम द्वारा नगर में पेयजल पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। लेकिन मरम्मत कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। जगह-जगह उखड़ी सड़कों और अधूरी मरम्मत ने नगरवासियों को परेशानी में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा मानकों की अनदेखी की जा रही है जिससे सड़कें फिर से जर्जर हो जाएंगी। पालिकाध्यक्ष ने उच्चाधिकारियों से दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई करने और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है।

## नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को भेजा पत्र

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंहल ने डीएम को नगर की विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक शिकायती पत्र भेजकर निराकरण किए जाने की मांग की है।

शिकायती पत्र में कहा गया है कि काफी दिनों से अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त है जिससे कार्य अवरुद्ध हैं। नगर पालिका परिषद कूड़ा कचरा नगर के आसपास की सड़कों के दोनों साइड में डाल रही है जिससे बरसात में गंभीर बीमारियां फैलने डर हैं। बरसात से पूर्व नगर के सभी नाले-नालियों की सफाई कराई जाए। बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमण हटाए जाएं। गर्मी में ट्रांसफार्मर खराब होने की अधिक संभावना रहती हैं। नगर में दो मोबाइल ट्रांसफार्मर होने चाहिए। पेयजल आपूर्ति के समय बिजली मिलें। साथ ही उन्होंने मोबाइल में चल रही अमिताभ बच्चन द्वारा दी जा रही सूचना की समय सीमा घटाने की मांग की।

# मंदिर के पास शराब की दुकान हटाने की मांग

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार:** नगर के मेन रोड पर शराब की दुकान को हटाने को लेकर गांव की महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार की शाम कुछ महिलाओं ने दुकान हटाने के लिए थाने का घेराव कर गेट पर खड़े होकर प्रदर्शन किया।

महिलाओं ने कहा कि अगर आवश्यक हुआ तो आंदोलन भी करने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री को गत दिनों भेजी गई शिकायत में एक दर्जन लोगों ने कहा कि डिलारी मेन रोड पर महादेव मंदिर है। जहां प्रतिदिन पूजन अर्चन के लिए सैकड़ों महिला पुरुष आते हैं। इसी मंदिर के मुश्किल से 50 मीटर की दूरी पर अंग्रेजी शराब की दुकान श्रद्धालुओं की परेशानी का सबब बना हुआ है।

साथ ही बताया कि सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं को होती है। शराब पीकर आए दिन लोग वहीं पर गिरे पड़े रहते हैं और आपस में मारपीट अथवा गाली गलौच करते रहते हैं। शराबियों के आतंक से महिलाएं परेशान हैं। वे बच बचाकर आती जाती हैं, लेकिन उनकी दिक्कत को देखते हुए अब इस शराब की दुकान को हटाना आवश्यक हो गया है।

महेंद्र सिंह, रिंकू, सोनू, ओमप्रकाश आदि ने कहा कि इस शराब की दुकान के चलते महिलाओं को भारी कष्ट झेलना पड़ रहा है। यदि शराब की दुकान न हटाई गई तो किसी दिन महिलाओं के साथ अभद्रता की घटना हो सकती है। थाना प्रभारी डिलारी मनोज कुमार ने शराब की दुकान हटवाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान श्यामवती, कीर्ति, शशिवाला, मोनी, दीक्षा कुमारी, विपिन कुमार, गौरव कुमार, संतोष आदि मौजूद रहे।



शराब की दुकान हटवाने को लेकर थाने के गेट पर प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

- महिलाओं ने थाने का घेराव कर खोला मोर्चा

## सार-संक्षेप

### शांति भंग में चार गिरफ्तार, एक को भेजा जेल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों का शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। तीन आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया गया और एक आरोपी को जेल भेज दिया है। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित ने बताया कि रविवार को गांव बैजनाथपुर निवासी ब्रजेश कुमार, कांठ के गांव मेवा नवादा निवासी मो इरफान, स्योहारा के गांव हामा नंगली निवासी अजमद के बीच मिट्टी के हिसाब को लेकर मारपीट होने पर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया। वहीं नगर के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 22 निवासी फईम को रास्ते में राहागीरों को आते जाते गाली गलौज करने पर शांति भंग के आरोप में पकड़ा। पुलिस ने चारों का शांति भंग में चालान किया। कोर्ट से तीन आरोपितों को जमानत पर रिहा कर दिया और फहीम को जेल भेज दिया गया है।

### एसडीएम ने दिए पानी निकासी के समाधान के निर्देश

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम बुधनपुर उर्फ विलायत नगर के ग्रामीणों की पानी की निकासी बंद करने की शिकायत पर एसडीएम ने थाना प्रभारी निरीक्षक और नायब तहसीलदार ने टीम गठित कर समाधान करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम बुधनपुर उर्फ विलायत नगर निवासी जयवीर सिंह, कल्याण सिंह, सुरेंद्र सिंह, जय सिंह, लालता प्रसाद, पप्पू सिंह आदि ग्रामीणों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में प्राइमरी स्कूल पंचायत भवन के पास तहसील प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन से खुदाई कर नाला निकलवाया गया था जिसे तहसील के कर्मचारियों ने बंद कर दिया है जिससे गांव की पानी की निकासी बंद हो गई है। ग्रामीणों ने तहसील के कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि तहसील कर्मियों ने एक व्यक्ति को डेढ़ गट्ठा जमीन तालाब में नाप कर दे दी है जिससे गांव की पानी की निकासी बंद हो गई है। उन्होंने पानी निकलवाने की मांग की थी। एसडीएम संत दास पवार ने थाना प्रभारी निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार की टीम गठित कर मौके पर जाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

### राजकीय महाविद्यालय में 24 फॉर्म जमा

**छजलैट, अमृत विचार :** गुरु जंभेश्वर विवि मुरादाबाद से संबंध केंद्र राजकीय महाविद्यालय मथाना कांठ में बीए के लिए हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, मनोविज्ञान, राजनीतिक विज्ञान, एवं इतिहास विषयों बीएससी में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जंतु विज्ञान, एवं वनस्पति विज्ञान और कॉमर्स विषयों पर छात्र-छात्राओं को अध्यापन कार्य कराया जाएगा। प्रत्येक विषय के लिए एक शिक्षक एवं कॉमर्स के लिए दो शिक्षकों के अलावा अन्य स्टाफ को नियुक्ति की जाएगी। 2025-26 के सत्र के लिए वाणिज्य, अंग्रेजी, राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता की नियुक्ति हो चुकी है। इनके अलावा कार्यालय अधीक्षक के रूप में राजकुमार ने भी कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वरिष्ठ लिपिक की नियुक्ति विवि द्वारा कर दी गई है, लेकिन उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। मथाना महाविद्यालय में प्रथम रजिस्ट्रेशन उमंग पुत्री सुरजीत सिंह निवासी ग्राम सियाली ने कराया है। अब तक यहां दो दर्जन रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नजाकत हुसैन ने बताया कि पोर्टल पर अनुमति होने के उपरांत ही प्रवेश शुरू होगा।

### नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़, आठ पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर लेदा निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर के बाहर सरकारी नल से पानी भर रही थी। तभी गांव का सुहैल व शानिब पहुंचे और बेटी का हाथ पकड़कर अभद्र हरकत करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार सुनकर आए परिजनों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को थी जीसपर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुहैल पुत्र कमरुल हसन, शानिब पुत्र निजामे, असमुद्दिन, अलामुद्दीन, निजामे, कमरुल हसन, बहारे पुत्र शमसुद्दीन, शारूख पुत्र रईस, के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गाली गलौज का विरोध पड़ा भारी, घर में घुसकर पीटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कालाझांडा निवासी राम सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही विकास व रोहित उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। 20 जून को देर रात उक्त लोग घर के दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला कर घयल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर विकास, रोहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अधार कार्ड संख्या 4905 0621 1324 में नाम भूलवश शराफ्तउल्ला पुत्र बरकतउल्ला दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम नजाकत अली पुत्र शराफ्तउल्ला है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मेने अपना नाम ISLAM से बदलकर MOHD ISLAM S/O BECHASHAH मोहल्ला दुलीवाला टांडा रामपुर रख लिया अब मुझे इसी नाम से पहचाना जाये।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**स्वास्थ्य का हाल** पर्याप्त नींद न लेने और तनाव से भी झड़ते हैं बाल, डॉक्टर बोले- लाइलाज बीमारी नहीं

# ध्यान न रखने से समय से पहले साथ छोड़ रहे बाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- चिकित्सकों के अनुसार खानपान और बेहतर जीवनशैली से हो सकता है सुधार

**अमृत विचार :** बाल झड़ने और सफेद होने की समस्या युवाओं में तेजी के साथ बढ़ रही है। बालों की नियमित सफाई न करने के कारण इस तरह की दिक्कत स्वाभाविक है। चिकित्सकों के अनुसार इसका मुख्य कारण तनाव और बेहतर खानपान न होना है।

जिला अस्पताल की चर्म रोग ओपीडी में प्रतिदिन इस समस्या को लेकर 40 से अधिक पीड़ित पहुंच रहे हैं। निजी चिकित्सकों के यहां भी इन्हीं बीमारियों से संबंधित बड़ी संख्या में युवा पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में कम उम्र में ही बाल झड़ने की समस्या लेकर आने वालों में युवकों के साथ युवतियां भी शामिल हैं। डॉ. आबिदा ने बताया कि कम उम्र में सफेद और बालों का झड़ने का मुख्य कारण तनाव है। पुरुषों में गंजेपन का सबसे आम कारण एंडोजेनेटिक एलोपेसिया है, इसे मेल पैटर्न बाल्डनेस भी कहा जाता है। यह हार्मोनल और जेनेटिक फैक्टर के कारण भी होता है। टेस्टोस्टेरोन का एक बाई प्रोडक्ट डाइहाइड्रोटेस्टोस्टेरोन बालों के रोम को सिकोड़ता है, जिससे बाल पतले हो जाते हैं और आखिरी में झड़ जाते हैं। यह लाइलाज बीमारी नहीं है। खानपान और जीवनशैली का ध्यान रख कर इस मुश्किल का हल निकाला जा सकता है।



मरीज की जांच करतीं चिकित्सक। • अमृत विचार

### तेज धूप से बढ़ रहे सनबर्न के मरीज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तेज धूप लोगों की त्वचा को नुकसान पहुंचा रही है। इससे त्वचा की ऊपरी परत जल रही है। सफेद, लाल चकत्ते के साथ लोगों को सोरायसिस की भी परेशानी बढ़ी है। जिला अस्पताल की त्वचा रोग विभाग की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रतिदिन 30 से अधिक मरीज इस दिक्कत को लेकर पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में डॉ. वृंदा सहाय ने बताया कि ओपीडी में आने वाले मरीजों में इन दिनों फंगल और सनबर्न की समस्या अधिक है। शरीर का खुले हुए हिस्से जैसे हाथ, गर्दन, चेहरे पर सबसे ज्यादा परेशानी मिली। इनमें फील्ड वर्क करने वालों, धूप में कार्य करने वालों और बच्चों की संख्या अधिक है। सोमवार को जांच में 28 मरीजों के शरीर पर लाल-सफेद चकत्ते व पानी की कमी से त्वचा शुष्क मिली। 15 मरीजों के बगल और जांघ के आसपास फंगल इंफेक्शन भी मिला। चिकित्सकों ने परामर्श के बाद दवा लिखने के साथ ही चेहरा ढककर बाहर निकलने के साथ ही साफ-सफाई का ध्यान रखने और घर से बाहर निकलने के 20 मिनट पहले सनक्रीम लगाने की सलाह दी।

### बचाव के उपाय

- स्वस्थ आहार लें, जिसमें सभी पोषक तत्व शामिल हों।
- तनाव को कम करने के लिए तरीके सोचें।
- शरीर की तरह अपने बालों का भी ध्यान रखें।
- सप्ताह में कम से कम दो बार जरूर शैंपू से धोएं।

### बाल झड़ने के कारण

उन्होंने बताया कि बाल झड़ने के कई कारण हो सकते हैं। इसका मुख्य कारण तनाव माना जाता है। वहीं शरीर में आयरन, विटामिन डी और अन्य पोषक तत्वों की कमी। व्यक्ति में थायराइड की समस्या, असंतुलित खानपान और आधी नींद भी बाल झड़ने के कारणों में एक हैं।

### ये बरतें सावधानियां

पानी की कमी न होने दें, पांच लीटर से अधिक पानी पीएं, इसमें ग्लूकोज या नमक-चीनी डाल सकते हैं, बाहर जाते वक्त चेहरा ढककर रखें, आंखों पर चश्मा लगाएं, सूती कपड़े और ढीले कपड़े पहनें, कसे हुए कपड़े पहनने से बचें, फील्ड वर्क करने वाले सुबह-शाम अच्छी तरह से नहाएं।

## एक नजर

### आज होगी किसानों की पंचायत

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने बताया कि 24 जून को आंबेडकर पार्क में पंचायत की जाएगी। जिसमें किसान अधिक से अधिक पहुंचकर पंचायत को सफल बनाएं ।क्षेत्र की समस्याएं लिखकर ले आए। ज्ञापन में लिखकर जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। जिसमें कुछ अधिकारियों की मनमानी, अवैध वसूली, किसानों के साथ गलत व्यवहार करना। अधिक बिल दिए जाने, खतौनी पर नाम सही कराए जाने, गन्ने का भुगतान दिलाए जाने नहरों की सफाई कराई जाने आदि समस्याओं को लेकर आंबेडकर पार्क में पंचायत होगी। उसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

### महिला आयोग की सदस्य कल करेंगी जनसुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी 25 जून कल विकास भवन सभागार में महिलाओं की जनसुनवाई करेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से जारी कार्यक्रम के अनुसार सुनीता सैनी 25 जून को 11 बजे महिलाओं की विभिन्न उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों व समस्याओं को सुनेंगी। इसके बाद महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित जनपद के विभिन्न संस्थान जैसे सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बालिका, महिला गृह व आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण करेंगी। राज्य महिला आयोग के स्तर से जनसुनवाई एवं महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े संस्थाओं के निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यही है कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों पर प्रभावी रोकथाम हो और दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

### ईंट चोरी को लेकर युवक का सिर फोड़ा

**हसनपुर,अमृत विचार :** ईंटें चोरी करने का विरोध करना ग्रामीण को भारी पड़ गया। आरोपी ने मारपीट कर ग्रामीण को घायल कर दिया। रहरा थाना क्षेत्र के गांव बांसका कला निवासी मुंसिफ अली पुत्र इमाम अली ने नगर के कनेटा रोड पर प्लाट खरीदा था। सोमवार के दोपहर बाद वह अपने प्लाट पर आया था। एक युवक के द्वारा वहां रखी ईटों को चोरी कर लिया था। मुंसिफ ने ईंटों को उठाने को मना किया तो युवक आग बबूला हो गया तथा अपने कई साथियों को बुलाकर मुंसिफ के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मुंसिफ अली ने पुलिस को तहरीर दे दी है। घायल युवक को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया है ।

# मुरादाबाद जाने के लिए 40 किमी. की दूरी तय कर रहे लोग

## वाहन पसियापुर गांव से होकर गुजर रहे, परिवहन निगम की बसों का भी बढ़ गया किराया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कोसी पुल के पास इंटरचेंज का निर्माण होने के कारण मुरादाबाद से रामपुर के बीच यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले रामपुर से मुरादाबाद जाने के लिए कोसी पुल से होकर जाते थे, लेकिन अब रास्ते को बंद कर दिया गया है। जिसके चलते अब रूट डायवर्जन के कारण यात्री पसियापुर गांव के पास बने रास्ते से होकर जा रहे हैं। इससे मुरादाबाद का 30 किमी. सफर 40 किमी. हो गया है, यात्रियों को 10 किमी. सफर अतिरिक्त करना पड़ रहा है।

एनएचएआई द्वारा दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर रामपुर के जीरो प्वाइंट से दुर्ग नगला तक 10.190 किमी. फोरलेन का निर्माण कार्य चल रहा है। कोसी नदी के पास 188 करोड़ रुपयों की लागत से फोरलेन और इंटरचेंज का कार्य जारी है। विकास कार्य के चलते फर्राटा भरने वाले यात्रियों और चालकों लंबा सफर करना पड़ रहा है। इस तरह से 10 किलोमीटर के भीतर चार स्थानों पर काम होने के कारण यात्री बहुत परेशान हैं, लेकिन मुरादाबाद जाने वाले रामपुर वासियों के लिए भी नया रास्ता बना दिया गया है।

पहले वाहन चालक होटल से सीधे कोसी पुल के रास्ते मुरादाबाद की सीमा में प्रवेश कर जाते थे, लेकिन उस रास्ते को बंद कर दिया गया है। अब मुरादाबाद जाने के लिए पहले पसियापुर का रास्ता तय करना होगा।

इस तरह से अब 30 किमी. वाला मुरादाबाद अब 40 किलोमीटर का रास्ता गया है। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी आ रही है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पुल का निर्माण पूरा हो जाने के बाद चालू हो जाएगा। मामले में लोगों की मांग है कि डायवर्जन के बाद यू-टर्न 1 या 2 किमी. के दायरे में देना चाहिए।


हाईवे पर निर्माण कार्य में लगी मशीनें। ● अमृत विचार


हाईवे पर दौड़ते वाहन। ● अमृत विचार

### हादसों से बचाने के लिए पुलिस तैनात

हाईवे पर रामपुर सीमा क्षेत्र में कई स्थानों पर काम चल रहा है। जिस कारण रेत बजरी से लेकर क्रेन, हाइड्रा तक रास्ते में खड़े रहते हैं। हाईवे पर फर्राटा भरने वाले वाहन चालक हादसे का शिकार भी हो सकते हैं। जिसको देखते हुए जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहते है। ताकि हाईवे पर आने वाले लोगों को रास्ता बताया जा सके। इसके अलावा एनएचआई के अधिकारी भी रात को गश्त करते रहते हैं। उसके बाद भी लोग खड़े वाहनों में घुस जाते हैं।

### सावन में भी अक्सर लगता है जाम

जुलाई से सावन माह शुरू हो रहा है। जिसमें लाखों भक्त हरिद्वार और बृजघाट से कांवड़ लाकर मंदिरों में चढ़ाते हैं। इस कारण भी पूरा हाईवे एक माह तक जाम की गिरफ्त में चलता है। सावन के सोमवारों को लेकर भी अधिकारी सक्रिय हो गए है। सभी रूटों का निरीक्षण करके उनको भी साफ कराने का काम तेजी के साथ चल रहा है। ताकि कांवड़ियों को सावन माह में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आ सके।

### अधिक ट्रैफिक के चलते लग रहा जाम

हाईवे से एक साथ ज्यादा वाहन गुजरने के कारण भी जाम लग रहा है। रविवार को भी अधिक वाहन गुजरने के कारण हाईवे जाम की गिरफ्त में रहा। लोग करीब 5 घंटे तक जाम की गिरफ्त में रहे थे। देर शाम को कहीं जाकर रूट साफ हो सका था। उसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली थी।

> निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, लोगों को असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। कोसी पुल पर निर्माण कार्य के कारण रास्ता बंद है। जिसके चलते डायवर्जन किया हुआ है। लेकिन लोगों को इसमें कोई परेशानी है तो इस पर विचार करेंगे।
> – **गुरविंदर सिंह**, सहायक अभियंता, एनएचएआई।

### रोडवेज बस का किराया हुआ 63 रुपये

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर से मुरादाबाद जाने वाली बसें अब सीधे कोसी पुल तक नहीं पहुंच रही हैं। पहले वह पसियापुर गांव तक घूमने के बाद कोसी पुल पर पहुंचती है। जिस कारण रोडवेज बसों की मुरादाबाद तक की दूरी 7 किलोमीटर बढ़ जाने के कारण बस का किराया 10 रुपये बढ़ा दिया गया है। इस तरह से अब मुरादाबाद का किराया 53 रुपये से बढ़कर 63 रुपये हो गया है। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



मुरादाबाद जाने के लिए पसियापुर के पास लगा बोर्ड।

## जिलाधिकारी को पत्र देकर मोबाइल टावर हटवाने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बरगद निवासी नसरीन जहां ने डीएम को पत्र देकर टेलीफोन टावर को आबादी से हटवाने की मांग की है। जिसमें कहा कि जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, ग्लोबल वीजन तृतीय तल इलेक्ट्रॉनिक सदन इंडस्ट्रियल एरिया, नवी मुंबई 400710 द्वारा बरेली गेट में एक टेलीफोन टावर 2010 में लगाया गया था, जिसका एग्रीमेंट 2020 तक था।

हमारे द्वारा टावर के लिये 15 हजार रुपये मासिक किराये पर दिया गया था। जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा हमें 2015 तक किराया दिया गया था, उसके बाद कम्पनी बंद हो गई। कम्पनी का एग्रीमेंट 2020 तक था, लेकिन टावर जून 2025 तक भी बरेली गेट में लगा हुआ है जो कि बंद है। टावर का मेंटेनेंस नहीं होने के कारण जर्जर स्थिति में हो गया है। मोबाइल टावर घनी आबादी के बीच खड़ा है, जो कभी भी आंधी, तूफान से गिर सकता है। आबादी को नुकसान पहुंचा सकता है। मांग की है कि जर्जर हालत में खड़े टावर को हटवाया जाए।

## भारी वाहनों के कारण सिविल लाइंस क्षेत्र में लग रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● माल गोदाम तिराहे से आंबेडकर पार्क तक रेंगकर चले वाहन

**अमृत विचार :** मालगोदाम से लेकर आंबेडकर पार्क तक रात नौ बजे के बाद जाम लग जाता है। जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

रुद्रपुर से होकर बिलासपुर जाने वाले ओवरलोड वाहनों की एंट्री नौ बजे के बाद शुरू हो जाती है। जिस कारण से 16 टायरा ट्रक से लेकर 32 टायरा ट्रक तक मालगोदाम तिराहे से होकर मुरादाबाद की ओर जाते हैं। मालगोदाम के पास वाहन और ई-रिक्शाएं खड़ी होने के कारण बड़े वाहनों को मोड़ने में काफी परेशानी आती है। जिससे हाईवे पर जाम तक लग जाता है। जाम के समय रात को पुलिस भी गायब रहती है। लोगों को कई कई घंटे तक जाम में फंसा रहना पड़ता है। इस समस्या का समाधान ट्रैफिक पुलिस के पास आज तक नहीं हो सका है। वहीं अगर रात में जाम लग जाता है तो यातायात पुलिसकर्मी के नहीं होने से समस्या और बढ़ जाती है। जिसे खुलवाने में पुलिस को घंटों लग जाते हैं। इससे भी यात्रियों को परेशानी होती है।

### सड़कों पर खड़े बड़े वाहन भी बन रहे जाम का कारण

विकास भवन के पास से लेकर मालगोदाम तक काफी संख्या में लोगों ने अपने होटल और ढाबे खोल रखे हैं। हाईवे से गुजरने वाले लोग खाना खाने के लिए अपने वाहनों को सड़क किनारे लगाकर चले जाते हैं। जिससे भी जाम लग जाता है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन भी करीब में होने के कारण अंदर वाहनों की जगह नहीं होने के कारण वह भी वाहनों को सड़क किनारे लगाकर चले जाते हैं। यह सभी समस्याएं जाम का कारण बन रही है।

## वाटर और हाउस टैक्स न बढ़ाने को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● जन सेवा समिति ने शहर की समस्याओं को लेकर डीएम से मिले

**अमृत विचार :** जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान के नेतृत्व में कार्यकर्ता सोमवार को एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उसके बाद वाटर टैक्स और हाउस टैक्स को न बढ़ाने और किला गेट के पान दरीबा से जामा मस्जिद तक की रोड बनवाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शहर के अंदर नगर पालिका द्वारा वाटर टैक्स और हाउस टैक्स बहुत ज्यादा बढ़ा दिया गया है। जनता के लिए बहुत ज्यादा है। रामपुर मध्य वर्ग शहर है, यहां पर कोई बड़ी फैक्ट्रियां नहीं है। व्यापारिक प्रतिष्ठान के अलावा कोई और रोजगार का जरिया नहीं है। बहुत बड़ी तादाद जरी कारचोब, बीड़ी बनाना और बैटरी रिक्शा आदि से जुड़े हुए हैं। जो मेहनत-मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। इन सब का ध्यान रखते हुए पालिका द्वारा वाटर टैक्स और हाउस टैक्स न बढ़ाया जाए। पुराने सर्किल रेट मूल्य पर ही टैक्स लिया जाए। जिन लोगों को बढ़ाकर नोटिस भेजे जा रहे हैं, उसको खत्म कराया जाए। किले से जामा मस्जिद तक की सड़क खराब है, नगर पालिका में टेंडर पास होने के बावजूद सड़क आज तक नहीं बन पाई है। सड़क मुख्य बाजारों को जोड़ती है इस सड़क पर सबसे ज्यादा आवाजाही रहती है।

यहां पर रोड पर बहुत बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। इस मौके पर हारिश शमसी, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, शिराज अहमद, फैजान खान, गौरव अग्रवाल, बाबू अली, हरवीर सिंह, शाहब खां, वसी खान, शिबू खां, समद मियां, नजमी खान, मुकर्रम मिया, हारून खां, शाजमान बी, अंजुम आरा मौजूद रही।


डीएम कार्यालय के बाहर खड़े पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### जिले में 16 अगस्त तक धारा 163 लागू

**रामपुर, अमृत विचार :** एडीएम (प्रशासन) डॉ. नितिन मदन ने बताया कि जनपद में लोक व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था तथा जन-व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए धारा 163 लगाई गई है। जिसे 16 अगस्त 2025 तक लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी अवधि में मोहर्रम, समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा, रक्षाबंधन, चेहल्लुम, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी आदि के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू की है। किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नहीं होगा। त्योहारों पर किसी प्रकार की नई परम्परा प्रारम्भ नहीं की जाएगी। किसी भी व्यक्ति, संगठन, समूह, सम्प्रदाय, धार्मिक व राजनैतिक दल द्वारा बिना अनुमति प्राप्त किए जनपद में कोई भी जुलूस, धरना प्रदर्शन, घेराव, पदयात्रा, वाद-विवाद, नारेबाजी इत्यादि नहीं की जाएगी। अवैध बूचड़खानों का संचालन अवैध रूप से खुले में मीट, मांस, मछली आदि का काटना व विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### दिनभर छाए रहे बादल, नहीं हुई बारिश



**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार को दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। इससे उमस हो जाने के कारण लोग परेशान रहे। हालांकि कभी-कभी हवाएं चलने के कारण लोगों को गर्मी से तो राहत मिली। किसान सुबह से ही छाए बादलों को देखते हुए पूरे दिन से बरसात की उम्मीद देखते रहे। पिछले 15 दिन से पड़ रही भीषण गर्मी ने हर किसी को परेशान कर रखा है। सोमवार का दिन भी लोगों के लिए उमस भरा रहा। आसमान में सुबह से बादल छाए रहे, लेकिन लोग पसीने में तर रहे। गर्मी इतनी रही कि पूरे दिन लोग गर्मी में परेशान नजर आए। लोग पूरे दिन बादलों को देखते हुए बरसात की उम्मीद जताते रहे। हालांकि शाम तक बारिश नहीं हो सकी। मौसम वैज्ञानिक जल्द ही बारिश होने का अनुमान लगा रहे हैं।

### दरोगा को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**रामपुर, अमृत विचार :** थाना शहजादनगर में तैनात उपनिरीक्षक रजी अहमद को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया है। उनको सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा गया है। जिसके बाद सोमवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने उनको पदक और प्रशिस्त पत्र प्रदान किया। सभी अधिकारियों ने उनको बधाई दी। इस दौरान एएसपी, एसडीएम और अन्य अधिकारी तैनात रहे।

### ओलंपिक दिवस पर स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता



**रामपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में प्रशिक्षार्थियों के बीच सोमवार को प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 80 मीटर हर्डल, 100 मीटर बालक-बालिका एवं मिनी सब जूनियर बालक बालिका का 50 मी एवं ओपन वर्ग में 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर फाईम, फरहत रहे। क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि मंगलवार को बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिता होगी।

### लायन क्लब के अध्यक्ष का किया स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार :** लायन क्लब के अध्यक्ष बनने पर विनोद कुमार का जिला न्यायालय परिसर में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू एवं अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल ने विनोद कुमार का स्वागत किया। इस मौके पर पृथ्वीभान सिंह, पंकज जैन सतीश गुप्ता, प्रमोद जैन, मुस्तफा अहमद, प्रकाश गंगवार, जमना प्रसाद रहे।


## अंधेरे को नूर बनाना नामुमकिन, मेकअप से हूर बनाना नामुमकिन ...

संवाददाता, रामपुर

● माया देवी न्यास में पल्लव काव्य मंच द्वारा हुई काव्यगोष्ठी

**अमृत विचार :** हम गंगाजल के नहीं, हम यमुना जल के हैं। हम उन आंसुओं के हैं, जो मां की आंखों से छलके हैं। हम कलम के रखवाले आजाद परिंदे हैं, हम तब भी जिंदा थे हम अब भी जिंदा हैं। पल्लव काव्य मंच द्वारा रविवार रात माया देवी न्यास में आयोजित काव्यगोष्ठी में मुख्यातिथि भरतपुर राजस्थान से आये कवि सोमदत्त व्यास की इस रचना को खूब पसंद किया गया।

साहित्यकार डॉ. केसी पाठक के जन्मशताब्दी पर कवि शिव कुमार चंदन मुक्तक व गीत संग्रह संगम काव्य लहरी के लोकार्पण व काव्यगोष्ठी में विभिन्न शहरों के साहित्यकारों व कवियों ने शिरकत की। कार्यक्रम का उद्घाटन मां शारदे की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। सरस्वती वंदना हल्द्वानी की कवयित्री डॉ. गीता मिश्रा ने प्रस्तुत की। कवि सोमदत्त के बाद युवा कवि राजवीर सिंह राज ने कहा गर्म रखते हो तुम मिजाज अपना, प्यार से हम गुफ्तगू करते। संभल से आए अतुल कुमार शर्मा ने कहा बदल लें तौर तरीके बस अपने, तो पत्थर पर लिखे को मिटाता कौन है। बिसौली के कवि डॉ. सतीश शर्मा सुधांशु ने माहौल को बदला, अंधेरे को नूर बनाना नामुमकिन। बस मेकअप से हूर बनाना नामुमकिन, खूबसूरती थोड़ी तो बढ़ सकती है, किशमिश को अंगूर बनाना नामुमकिन। गजलकार ओंकार सिंह विवेक ने कहा कुछ कसर कब छोड़ते हैं, अन्न के अपमान में, फेंकते हैं रोटियों को कूड़ेदान में। इसी क्रम में आए गाफिल स्वामी ने तरन्नुम में गजल पढ़ी, कर न किसी की होड़ बाबरे, कल की चिंता छोड़ बाबरे। चंदौसी के कवि मुकेश कुमार दीक्षित ने रघुवर को जब से देखा मन दीवाना हो गया, लगता नहीं कहीं अब यह बेगाना हो गया। इसके अलावा पतराम सिंह, गौरव कुमार नायक, सुमित सिंह मीत, सत्यपाल सिंह सजग, राम प्रकाश सिंह ओज, राम सागर शर्मा आदि ने भी काव्य पाठ किया। कवि राजवीर सिंह राज ने अपनी माताजी जगदेवी स्मृति सम्मान से चंदन जी को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि सोमदत्त व्यास ने शिव कुमार शर्मा चंदन साहित्यिक प्रयासों की सराहना की। बरेली से आए आचार्य देवेंद्र देव, सतीश चंद्र सुधांशु व रणवीर प्रसाद आदि ने भी विचार रखें। अध्यक्षता बरेली के रणधीर प्रसाद गौड़ और संचालन कर रहे युवा गजलकार प्रदीप राजपूत माहिर व ओंकार सिंह विवेक ने किया।


काव्य गोष्ठी में कवियों को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### आत्म जागरूकता बीमारियों से बचा सकती है : ओम प्रभा

**रामपुर, अमृत विचार :** क्षेत्रीय सीआरपीएफ वाइफ एसोसिएशन की अध्यक्ष ओमप्रभा ने कहा आत्म जागरूकता बीमारियों से बचाने में मदद कर सकती है। आत्म जागरूकता का मतलब है भावनाओं, विचारों और व्यवहारों को समझना। सीआरपीएफ स्थित परिवार कल्याण केंद्र में स्वास्थ्य चिकित्सा एवं योग चिकित्सा शिविर लगा। आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप चौहान ने कहा रोगी को परामर्श ट्रांसमिशन थेरेपी द्वारा बिना दवा के रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि कर निरोग करने का अनोखा कार्य हो रहा है। जिला होम्योपैथी विभाग से आए डॉ. रमेश गुप्ता, डॉ. बबीता, आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग से आए डॉ. रवीन्द्र एवं योग प्रशिक्षक अंतरा यादव व टीम के अन्य सदस्यों का आभार जताया।

## दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में बोर्ड लगाए जाएं, वाहनों की जांच करें : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि सभी दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर सूचनात्मक बोर्ड लगाया जाएं। जिससे आमजन को समय रहते सतर्क किया जा सके। एनएचएआई को निर्देश दिए कि जिन ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्य लंबित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर गम्भीरता से चर्चा की। एनएचएआई के अधिकारियों, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जिले में जहां-जहां दुर्घटनाएं अधिक होती हैं उन क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां शीघ्र की स्पीड ब्रेकर बनवाना तय करें। जिलाधिकारी ने वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी विद्यालयों के वाहनों का फिटनेस एवं अन्य वैध प्रपत्रों की अनिवार्य रूप से जांच की जाए। अवैध अथवा अनुपयुक्त वाहनों को संचालन की अनुमति न दी जाए। पुलिस अधीक्षक ने यातायात निरीक्षक एवं एआरटीओ को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए नियमित तौर पर चेकिंग अभियान चलाने एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने, ओवर स्पीड तथा नशे में वाहन चलाने जैसे मामलों पर विशेष ध्यान देने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

निर्देश | मोहर्रम को लेकर डीएम और एसपी की उपस्थिति में हुई पीस कमेटी की बैठक

## बिजली के तारों की ऊंचाई देख बनाएं ताजिए : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि रास्तों में बिजली के तारों को ध्यान में रखते हुए ताजिया बनाएं। शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए मोहर्रम मनाएं। ऐसा कोई कार्य न करें। जिससे जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था या व्यक्तिगत सुरक्षा प्रभावित हो। किसी भी समस्या या परेशानी की स्थिति में तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचित करें।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक शिया और सुन्नी समाज के जिम्मेदार लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के धर्मगुरु और संभ्रांत जन मोहर्रम के दौरान शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करें। जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराने के लिए कहा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। अराजकता फैलाने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने जुलूस के दौरान अनुशासन और शांति व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने बताया कि बीट वार पुलिस आरक्षी की ड्यूटी लगायी है, जो हर ताजियादार से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करायेंगे। सभी को आश्वस्त किया कि थाना स्तर पर थानाध्यक्ष सभी ताजियादारों के साथ बैठक करेंगे। उनकी बातों को गंभीरता से सुनेंगे। त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करायेंगे। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदन, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव सहित समस्त उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।


बैठक करते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

## एक नजर

### जिले से तीन एसडीएम का हुआ तबादला

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को शासन की ओर से 127 उपजिलाधिकारी का तबादला कर दिया गया है। जिसमें जिले के तीन एसडीएम भी शामिल है। सुनील कुमार प्रथम का तबादला झांसी कर दिया गया है। राकेश कुमार सोनी को जालौन भेजा गया है। अवनीश कुमार प्रथम को सीतापुर भेजा गया है। मऊ में तैनात आनंद कुमार कन्नौजिया को रामपुर भेजा गया है। इसके अलावा आशुतोष कुमार प्रथम को गाजीपुर से रामपुर भेजा है, जबकि राज कुमार भास्कर को मथुरा से रामपुर भेजा है।

### दवा लेने जा रही युवती को पीटा, दो पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव जिठनिया निवासी शहनाज ने बताया कि रविवार सुबह करीब 9 बजे वह जिठनिया अड्डे पर सवारी का इंतजार कर रही थी। इस दौरान गांव के कासिम और बशीर वहां पर आ गए। उसके बाद युवती से गाली-गलौज कर दी। शोर मचाने पर उसको पीटकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी फरार हो गए। बाद में पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जमीन नपवाने गए किसान को पीटा

रामपुर, अमृत विचार : शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव चकासी निवासी दीपक कुमार का कहना है कि मेरे पिता ने गांव के जसवीर के खेत में से आधा बीघा चरी खरीदी थी। 18 जून को जब पिता खेत को नपवाने गए, तो जसवीर सिंह और उसके बेटे तेजेंद्र ने खेत को नपवाने से मना कर दिया। इसी बात का विरोध करने पर आरोपी पिता पुत्र ने किसान को पीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### 2 आरोपी जिला बदर

रामपुर, अमृत विचार : अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान ने बताया कि थाना टांडा के खेड़ा झुरकझुण्डी निवासी मोहम्मद रफी पुत्र शराफत और गुफरान पुत्र अहमद के विरुद्ध 6 माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई की है। जिला बदर की अवधि में ये दोनों आरोपी जिले की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। थाना टांडा के टंडौली निवासी नदीम पुत्र जमील को 3 माह के लिए थाना हाजिर किया है, जिसके तहत प्रत्येक माह की 15 तारीख व माह की अंतिम तारीख को थाने में उपस्थित होगा।

# कमरे में पलंग पर मिला वृद्धा का शव

## घर में अकेली थी रामकली, किरायेदार के पहुंचने पर हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सोमवार को 65 वर्षीय वृद्धा का शव कमरे में पलंग पर मिलने के बाद सनसनी फैल गई। मौत की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना के बाद मौके पर सिविल लाइंस पुलिस आ गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत कैसे हुई है, पुलिस जांच कर रही है।


मृतका का फाइल फोटो।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र नादर बाग की मढ़ैया निवासी मोर सिंह की मौत हो जाने के बाद उनकी 65 वर्षीय पत्नी रामकली घर में अकेली रहती थी। इन्होंने कुछ माह पहले फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले रवि यादव को कमरा किराये दे दिया था। दो दिन पहले वह अपनी पत्नी के साथ अपने घर को चले गए थे। सोमवार को जब वह वापस आए तो उनको घर का मुख्य दरवाजा बंद मिला। काफी देर उन्होंने खटखटाया। लेकिन कोई आवाज नहीं देने पर मकान के बराबर से बने वेंटिलेटर में जाकर देखा तो रामकली का शव घर में पड़ा हुआ है। जिसके बाद उनके होश उड़ गए। सूचना के बाद आसपास के लोग आ गए। उसके बाद पुलिस भी आ गई। किसी तरह से पुलिस ने छत के रास्ते जाकर गेट खोलने के बाद वृद्धा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर संजीव कुमार का कहना है कि वृद्धा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। मृतका की बेटी कमला दिल्ली में रहती है। वह जानकारी मिलने के बाद दिल्ली से रामपुर पहुंच गई है।


जिला अस्पताल में मौजूद पुलिस एवं पड़ोसी। ● अमृत विचार

**हत्या या आत्महत्या, पुलिस कर रही जांच :** शहर में एक सप्ताह में दो वृद्ध महिलाओं की मौत हो चुकी है। 4 दिन पहले गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला घेर कलंदर खां में भी समरजहां 65 वर्षीय का शव बेड पर मिला था। पुलिस उसमें भी शुरुआत में कुछ नहीं बोल रही थी। मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। जबकि परिजन लूटपाट का भी आरोप लगा रहे थे। सोमवार को सिविल लाइन क्षेत्र में वृद्धा का शव मिला है इसमें हत्या या फिर आत्महत्या पुलिस दोनों पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है।

### समरजहां मामले में पुलिस फरार आरोपियों की कर रही तलाश

रामपुर, अमृत विचार : गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला घेर कंलदर खां निवासी बाबर खां की मौत हो चुकी है। उनकी पत्नी समर जहां अकेले रहती थी। गुरुवार को उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी थी। उसके भाई ने गंज थाने में जेठ और देवर और 9 लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने शक होने पर मृतका के भतीजे शाजेब खान हिरासत में लेने के बाद थाने ले आई थी। उसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया था। जहां से वह जेल चला गया था। इस मामले में बचे आरोपियों को पुलिस तलाश कर रही है।

## एसडीएम के स्टेनो पर लगाए गंभीर आरोप

मिलक, अमृत विचार : भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष शारिक इकबाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए एसडीएम मिलक के स्टेनो पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने स्टेनो पर भ्रष्टाचार कर जमीन खरीद फरोख्त कर सरकारी नियमावली के अनुरूप बैनामा कराने का आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि स्टेनो ने शासकीय मूल्य 49,30,000 व बाजार मूल्य 75,00,000 की भूमि मात्र 4,00,000 में खरीदी और पत्नी के नाम करा दी। आरोप लगाया कि स्टेनो ने सेवा आचरण नियमावली का उल्लंघन किया है। जमीन खरीद में उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 के नियम 24 का स्पष्ट उल्लंघन किया है। आरोप लगाया स्टेनो ने फर्जीवाड़ा एवं अभिलेखों में अनियमितता बरतते हुए क्षेत्र के ग्राम नवदिया स्थित गाटा 115/1 जिसका कुल रकबा 0.1210 हेक्टेयर है और पूरे गाटे का रकबा वर्ष 2022 में ही पूर्व में बिक हो चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम मिलक सुनील कुमार ने बताया मामले की शिकायत मिली है, लेकिन उनका स्थानांतरण हो गया है। नए एसडीएम आएंगे तो मामले की जांच करेंगे।

# बुजुर्ग की पीलाखार नदी में डूबने से मौत

कार्यालय संवाददाता रामपुर

अमृत विचार : मछली पकड़ने गए बुजुर्ग की पीलाखार नदी में डूबकर मौत हो गई। परिजन शव को घर ले आए और संस्कार कर दिया।

केमरी के मोहल्ला चमारान निवासी 55 वर्षीय सीताराम मजदूरी करते थे। रविवार दोपहर वह मछली पकड़ने पीलाखार नदी की तरफ गए थे। वापस घर न आने पर परिजनों ने बुजुर्ग की तलाश शुरू की। मगर बुजुर्ग का पता नहीं लग सका। सोमवार को पीलाखार नदी पर कुछ लोग मछली पकड़ने के लिए गए हुए थे। तभी जाल में बुजुर्ग का शव फंसा हुआ था। सूचना मिलने पर परिजन शव को लेकर घर वापस आ गए। सोमवार शाम बुजुर्ग का अंतिम संस्कार कर दिया है। लोगों ने बताया कि बुजुर्ग अकेले ही रहते थे। पत्नी की मृत्यु हो गई थी।

### हादसे में किसान की मौत

सैदनगर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में बाइक से डीजल लेकर आ रहे किसान की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद चौकी स्थित जौहर बाईपास की है। खौद का मझरा निवासी किसान भगवान शरण उम्र 40 वर्ष सोमवार शाम बाईपास स्थित पेट्रोल पंप से डीजल लेकर घर आ रहे थे। सड़क पर वाहन ने किसान को टक्कर मार दी। हादसे में किसान की मौके पर मौत हो गई। थाना अध्यक्ष करम सिंह पाल ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज होगी।

# दिल्ली के युवक की हत्या में 6 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● दोस्तों व होटल प्रबंधक पर हुई हत्या की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : दिल्ली के युवक की कोतवाली क्षेत्र स्थित होटल में 19 जून की रात मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मामले कह तहरीर दी थी। हालांकि मामले को स्वाभाविक मानकर चल रही है, लेकिन पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मोहम्मद अजान खान, अबीर उल्लाह खान, कामरान खां, क्वालिटी रेस्टोरेंट का कार्टस संचालक, क्वालिटी रेस्टोरेंट व कार्टस का प्रबंधन और एक अज्ञात सहित 6 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

दिल्ली के बुद्ध बिहार फेस निवासी सुजीत सिंह का कहना है कि उनका बेटा आर्यन राज 4 जून को अपने मुंबई में रहने वाले दोस्त मोहम्मद अजान खान के साथ उनके घर पर आया था। जो कि मूल रूप से गंज थाना क्षेत्र के दो महला रोड निवासी है। दोपहर में अजान खान के दोस्त मुंबई से आरव, आर्यन और अनुश दिल्ली में उनके आवास पर आ गए थे। इसके बाद मेरे बेटे सहित छह लोग दिल्ली से रामपुर होते हुए नैनीताल भवाली गए थे। घर से हमारी पत्नी को भी लेकर जा रहे थे, लेकिन आर्यन के दोस्तों ने मनाकर दिया था। 10 जून को दिल्ली छोड़ने की बात कही थी। जिसके बाद आर्यन के तीन दोस्त दोपहर को आ गए थे। उसके बाद मुंबई चले गए थे। आर्यन कुछ दोस्तों के साथ रामपुर में रुक गया था। 20 जून को बेटे से वीडियो कॉल के माध्यम से कॉल करवाई गई, जहां वह बीमार था। जब तक हम लोग रामपुर पहुंचे तो पता चला कि उसका शव रामपुर जिला अस्पताल में रखा है। मृतक के पिता ने कहा कि शक है कि इन लोगों ने हत्या की है। कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने मोहम्मद अजान खान, अबीर उल्लाह खान, कामरान खां, क्वालिटी रेस्टोरेंट का कार्टस संचालक, क्वालिटी रेस्टोरेंट व कार्टस का प्रबंधक और एक अज्ञात सहित छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 19 जून को 18 वर्षीय दिल्ली निवासी युवक आर्यन का शव रामपुर में होटल में मिला था। उसके दोस्तों द्वारा ही सूचना दी थी। मामले में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था। उसके बाद दोस्तों और होटल मालिक सहित 6 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया बीमारी से मौत होना है, बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है। हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

## सार संक्षेप

### शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए 26 तक करें आवेदन

रामपुर, अमृत विचार : ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में माटीकला का कार्य कर रहे कुम्हार एवं परम्परागत कारीगर 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए 26 जून तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों का चयन जिला स्तरीय चयन कमेटी के माध्यम से किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उप्र माटीकला बोर्ड की ओर से संचालित माटीकला कौशल विकास योजना के तहत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के लिये जिले को 15 प्रशिक्षणार्थियों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। बताया कि इसमें आर्थिक रूप से प्रजापति समाज से अत्यन्त पिछड़े एवं बीपीएल परिवार के सदस्यों को वरीयता दी जाएगी। ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष से कम न हो अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय रामपुर में जमा कर सकते हैं।

### पानी के विवाद में महिला से मारपीट, घायल

बिलासपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव रसूलपुर में गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने घायल की तहरीर पर दंपति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। गांव निवासी पीतम देवी द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा कि शनिवार शाम वह सरकारी नल से पानी लेकर घर लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में गांव के ही छेदालाल ने गाली-गलौज करने लगे। विरोध किए जाने पर छेदलाल ने पत्नी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। बाद में महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर छेदालाल एवं उसकी पत्नी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रेल की पटरियों पर मिला अज्ञात युवक का शव

मिलक, अमृत विचार : सोमवार शाम 4 बजे मेहंदी नगर गांव के निकट रेल पटरियों पर ग्रामीणों ने एक शव को देखा। पटरियों पर शव मिलने की खबर फैलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पटरियों पर छत विक्षत अवस्था में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। मौके पर मौजूद भीड़ से पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शव की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। दरोगा विनोद कुमार ने बताया कि रेलवे की पटरियों पर युवक का शव मिला। शव की पहचान नहीं हो सकी। पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला अस्पताल भेज दिया है।

### भाकियू ने डीलरों द्वारा घटतौली को लेकर ज्ञापन दिया

बिलासपुर, अमृत विचार : भाकियू महात्मा टिकैत के कार्यकर्ताओं द्वारा उपजिलाधिकारी से राशन विक्रेताओं की घटतौली की शिकायत किए जाने पर कहासुनी हो गई। जिससे नाराज कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे गए और नारेबाजी की। सोमवार को संगठन के जिला महासचिव हरिशंकर यादव राशन राशन वितरण संबंधी समस्या लेकर उपजिलाधिकारी अरुण कुमार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उनकी एसडीएम से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिला महासचिव कुछ किसानों के साथ बिना अनुमति लिए दरी बिछाकर कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने लगे। एसडीएम जिला मुख्यालय पर होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए रवाना हो गए। सूचना पर कोतवाली के उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार शर्मा और एलआईयू उप निरीक्षक जीत बिष्ट मौके पर पहुंचे और आक्रोशित किसानों को शांत कराने का प्रयास किया। थोड़ी ही देर बाद पुलिस देख किसान कार्यालय के सामने से दरी उठाकर पार्क में बैठ गए और प्रदर्शन किया। हंगामे के बाद एसडीएम के अधीनस्थ अधिकारियों ने राशन डीलर के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन देने पर किसान शांत हुए और धरना समाप्त किया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : मिलक पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से वह जेल चला गया। मिलक थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती ने 8 जून को राहुल द्वारा घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सोमवार को आरोपी राहुल पुत्र ओमेंद्र सिंह को मुखबिर की सूचना पर रौरा कट टीन शेड के नीचे से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से वह जेल चला गया। इसके अलावा बिलासपुर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल आरोपी रामस्वरूप को सूचना पर फ्लोरा गेट से मनिहार खेड़ा की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से उसको जेल भेज दिया।

### टांडा में महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

रामपुर, अमृत विचार : महिला पुलिस ने बाजारों में युवतियों को कानून का पाठ पढ़ाया। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला सुरक्षा दल थाना टांडा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। इसके अलावा महिला सम्बन्धी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों, 1930 साइबर क्राइम, 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। महिला पुलिस टीम ने कहा कि महिलाएं और युवतियां कभी भी फोन कर सकतीं हैं।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : थाना भोट पुलिस ने चेकिंग के दौरान ग्राम सनैया को जाने वाले रास्ते से राकेश पुत्र मोहन पहलवान निवासी ग्राम मिलक बिचौला को जरीकैन में 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना भोट में मुकदमा दर्ज किया। उसके बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

### केमरी और सिविल लाइन पुलिस ने पकड़े आरोपी

रामपुर, अमृत विचार : थाना केमरी पुलिस ने मेहन्दी हसन पुत्र फैजू निवासी ग्राम गंगापुर कदीम उसके मकान से गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उसको थाने ले आई। जहां उस पर कानूनी कार्रवाई कर दी है। इसके अलावा थाना सिविल लाइन पुलिस ने रामबिलास पुत्र जगन्नाथ निवासी नई बस्ती भूत बंगला किच्छा रोड निकट हनुमान मन्दिर थाना रूद्रपुर धारा 427 में उसके मकान से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।



पौधरोपण करते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

# 10 पौधे लगाने का लें संकल्प

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि पौधे सिर्फ पेड़ नहीं, बल्कि प्राकृतिक एयर कंडीशनर हैं। सभी को संकल्प लेना चाहिए कि कम से कम 10 पौधे अवश्य लगाएंगे। विधायक ने बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने में पेड़-पौधों की भूमिका के बारे में बताया।

ग्राम रवन्ना में कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पौधरोपण कर किया। कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अहम है, क्योंकि आज ही के दिन इस देश को एक सूत्र, एक रंग और एक कानून में पिरोने का सपना देखने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस है। उन्होंने वन विभाग की सराहना करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है, जो उनके बलिदान दिवस को वृहद पौधरोपण अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। यदि हम लोग अब भी नहीं चेते तो आगामी पीढ़ी के लिए जीवन मुश्किलों भरा हो जाएगा। इस अवसर पर डीएफओ प्रणव कुमार जैन, अवतार सिंह, नीना साहनी आदि उपस्थित रहीं।

# बजरंग दल के नेता की गिरफ्तारी को दिया धरना

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : सोमवार को नगर पंचायत मसवासी कार्यालय पर सफाई कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले सफाई कर्मी के साथ मारपीट करने वाले बजरंग दल नेता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सफाई कार्य बंद कर पंचायत कार्यालय पर धरना दिया।

धरने पर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महासचिव दीप सिंह राही ने कहा कि पुलिस प्रशासन सफाई कर्मी के साथ मारपीट करने वाले बजरंग दल नेता पर कार्रवाई न कर मामले को तूल दे रहा है। जिस कारण सफाईकर्मी मान सम्मान के लिए आंदोलन करने को बाध्य है। जब तक पुलिस प्रशासन सफाईकर्मी के साथ मारपीट करने वाला बजरंग दल के नेता के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं करता, सफाईकर्मी नगर की सफाई व्यवस्था बंद कर धरना जारी रखेंगे। नगर की सफाई व्यवस्था ठप कर धरने पर बैठे संविदा सफाई कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। आरोप लगाया की पुलिस प्रशासन सत्ता पक्ष की आड़ में बजरंग नेता को बचाने का प्रयास कर रहा है। धरने पर सोमपाल वाल्मीकि, मनोज कुमार, राजीव शर्मा, विजय, दिनेश, नरेश, अतुल दिवाकर, सचिन, नवनीत, सर्वेश चौधरी, रावत वाल्मीकि, राकेश चौधरी, प्रदीप राजहंस, सोनू वाल्मीकि, विकास, सीमा, सुमन, विमला, अनिता, नीतू, गीता, शोभा, रेखा आदि शामिल रहे।



मसवासी में बजरंग दल नेता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना देते नगर पंचायत के संविदा सफाई कर्मचारी।

● नगर पंचायत मसवासी कार्यालय में दिया धरना

### डीएम को आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को मोहल्ला अस्तबल में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की बैठक जिला प्रभारी अनिल राज के नेतृत्व में हुई। जिसमें मसवासी में सफाई कर्मचारी विशाल शर्मा के साथ हुई अभद्रता पर नाराजगी जताई। उसके बाद निर्णय लिया कि मंगलवार को जिला प्रभारी अनिल राज के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें सभी लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर जिला संरक्षक प्रेम नरेश वाल्मीकि, राकेश दुली, प्रेम राज, नवीन कुमार सोनू, रोहित राज, सचिन कुमार, सईद खान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नायब नाजिर और साथी ने कानूनगो को पीटा

रामपुर, अमृत विचार : तहसील परिसर में सोमवार को नायब नाजिर ने साथी के साथ मिलकर कानूनगो को पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में गंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

सोमवार सुबह तहसील सदर में नियुक्त नायब नाजिर शाहिद अली खां अपने साथी समीर पुत्र जमीर खान निवासी नालापार थाना कोतवाली के द्वारा कार्यालय तहसील सदर के अन्दर ही राजस्व निरीक्षक दिलीप कुमार के गाली गलौज करते हुए मारपीट की और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। राजस्व निरीक्षक के पास मौजूद कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की पत्रावली फाड़ दी। जिसके सम्बन्ध में दिलीप कुमार राजस्व निरीक्षक कार्यालय तहसील सदर की तहरीर पर समीर, शाहिद अली खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# डॉ. मुखर्जी ने किया था कांग्रेस की नीतियों का विरोध

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कांग्रेस सरकार की देश विरोधी नीतियों का सबसे पहले विरोध किया। जनसंघ की स्थापना कर न सिर्फ देश को कांग्रेस के खिलाफ विकल्प देने का कार्य किया, बल्कि अपने मूल सिद्धांतों से कांग्रेस की नींव हिला दी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार कर रही है। उन्हीं का सपना था कि भारत में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 और अनुच्छेद 35 ए समाप्त कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करने का काम किया। भाजपा कार्यालय पर जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सतपाल सैनी, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने किया। उन्होंने सबसे पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण किया। मुख्यातिथि ने कहा कि वहीं जनसंघ भाजपा के रूप में सशक्त भारत की समृद्धि के लिए कार्य कर रहा है। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश की अमूल्य धरोहर थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भले ही आज नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, उनके आदर्श, उनकी राष्ट्रप्रेम की भावना कार्यकर्ताओं को प्रेरित करती है। इस अवसर पर पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, बीना भारद्वाज, अली युसूफ अली, काशीराम दिवाकर, मोहन लाल सैनी, पूर्व जिला सुरेश गंगवार, राजकुमार चौहान, अजीत गौतम, मदन चौहान, विकास दीक्षित, कृष्ण अवतार लोधी, मान सिंह लोधी, कुंवर बहादुर राजपूत, कुलवंत औलख, मोहित सैनी उपस्थित रहे।


भाजपा कार्यालय पर मंच पर मौजूद मुख्य अतिथि एवं अन्य। ● अमृत विचार

### पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

बिलासपुर, अमृत विचार : भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि की। सोमवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि के आवास कार्यकर्ता एकत्र हुए। जहां पर उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता, एकता और संप्रभुता के लिए जीवन समर्पित किया। एक देश में दो विधान नहीं चलेंगे का नारा देकर देश की एकता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को जोड़ने वाले इस महापुरुष का बलिदान आज भी हमारे हृदय में जीवित है। इस अवसर पर सभासद शशि सैनी, दिनेश सागर, बब्लू अंसारी, रामकली, राजकुमारी, राहुल नरेश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# अब नहीं मिलेगा शाबू भाई की मलाईदार लस्सी का जायका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अब शाबू भाई की मलाईदार लस्सी का जायका नहीं मिलेगा। गन्ना समिति की दुकानें ध्वस्त होने से लस्सी की दुकान भी बंद हो गई। लोग यहां भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए फेमस लस्सी पीने पहुंचते थे। दुकान टूटने के बाद फिलहाल वो दुकान की तलाश कर रहे हैं, लेकिन गर्मी के इस सीजन में लोग लस्सी को मिस कर रहे हैं।

सिविल लाइंस क्षेत्र में पुराने रोडवेज के निकट गन्ना समिति की दुकानों में वर्ष 1987 में शाबू भाई के बड़े भाई ताहिर अली खां ने दुकान शुरू की थी। उन्होंने दुकान का नाम फेमस लस्सी रखा था। उनकी लस्सी का जादू लोगों के सिर ऐसे चढ़ा कि लोग दूर-दूर से लस्सी पीने के लिए आने लगे। लस्सी के जायके के बारे में ताहिर खां बताते हैं कि उन्होंने दही तैयार कर लस्सी बनाई जो लोगों को भा गई। उन्होंने वर्ष 2001 में गन्ना समिति की दुकान अपने छोटे भाई शहाब अली खां उर्फ शाबू को दे दी। शाबू भाई ने भी लस्सी के बनाने में ईमानदारी बरती और लस्सी का जायका बरकरार रहा। लेकिन अतिक्रमण अभियान की चपेट में दुकान ध्वस्त हो गई। शाबू खां बताते हैं कि उनके दुकान के कागज हैं। उन्हें दुकान की आवश्यकता है, प्रशासन को दुकान देनी चाहिए।


सिविल लाइन क्षेत्र में शाबू खां की दुकान। (फाइल फोटो)

● गन्ना समिति की दुकानें ध्वस्त होने से खत्म हुआ कारोबार

### अधिकारियों, कर्मचारियों को पसंद थी लस्सी

शाबू भाई की लस्सी अधिकारियों और कर्मचारियों को खूब भाती थी। कार्यालय खुलने के बाद अधिकारियों के कार्यालयों में लस्सी पैक करके जाने का सिलसिला शुरू हो जाता था। इसके अलावा अधिकारी और कर्मचारी दुकान पर पहुंचकर भी लस्सी का जायजा लेते थे। गर्मियों की शाम में तो लस्सी की दुकान के आगे ग्राहकों की भीड़ लग जाती थी। वहीं, सर्दियों में शाबू भाई की चाय लोगों के दिमाग को बहुत राहत देती थी।

एक नजर

## मीसम को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि



संभल/सिरसी, अमृत विचार : सिरसी के मोहल्ला शर्की निवासी मीसम जाफरी पुत्र रईस अब्बास उर्फ जक्कन ने कानपुर आईआईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की है। सोमवार को कानपुर में समारोह में मीसम को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। मीसम अमेरिका में रिसर्च कर रहे हैं। उनकी सफलता से परिजनों में खुशी है।

## संभल की 8 किलोमीटर परिधि में बने जिला मुख्यालय

संभल, अमृत विचार : भगवा रक्षा परिषद की मोहल्ला कोट पूर्वी में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीओम चंद्रा ने कहा कि जिला मुख्यालय संभल की 8 किलोमीटर की परिधि में जल्द बनवाया जाए। जिससे संभल का विकास होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन सके। संभल शहर के एक वर्ग की सुरक्षा हो सके। अजय श्रीमाली ने कहा कि तहसील संभल की जनसंख्या के आधार पर जिला मुख्यालय संभल की परिधि में बनाया जाए। बैठक में अनुज शर्मा, राकेश कुमार चंद्रा, सुनील कुमार चंद्रा, मुस्कान, पूनम सक्सेना आदि रहे।

# ताजिये की ऊंचाई 12 फीट से न हो ज्यादा

## डीएम- एसपी ने पीस कमेटी की बैठक में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर किया संवाद

संवाददाता,बहजोई



पीस कमेटी सदस्यों के साथ बैठक करते डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई। ● अमृत विचार

अमृत विचार: आगामी त्यौहार मोहर्रम, श्रावण मास में कावड़ यात्रा की तैयारी को लेकर जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम एसपी ने समस्याओं को लेकर कमेटी सदस्यों से सीधा संवाद किया। कावड़ यात्रा के रूट डायवर्जन को लेकर चर्चा की गई। त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पीस कमेटी के सदस्यों से संवाद किया। उनकी समस्याओं का निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि प्रत्येक ताजिया का एक पुलिस नोडल बनाया जाएगा। इससे ताजिया के मार्ग आदि के बारे में वार्ता कर सकते हैं। जिस मार्ग से ताजिया निकलेंगे उसके रूट आदि की व्यवस्था को पुलिस के नोडल देखेंगे। ताजिया तथा कांवड़ के डीजे की ऊंचाई 12 फीट से अधिक न हो। जुलूसों को लेकर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। ड्रोन से भी निगरानी रखी जाएगी।

- श्रावण मास, कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

डीएम ने कहा कि मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी निर्धारित स्थान पर रहेंगे।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि कोई भी निराश्रित पशु सड़कों पर न रहे। उनको गो आश्रय स्थल में संरक्षित किया जाए। प्रमुख मंदिरों तथा चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। जनपद के प्रवेश एवं निकास प्वाइंट पर भी सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था हो। सीएमओ से कहा कि चिकित्सा की पर्याप्त व्यवस्था रहे। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, एडीएम न्यायिक सतीश कुमार कुशवाहा, एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीओ संभल आलोक भाटी, सीएमओ तरुण पाठक, एसडीएम संभल विकास चंद्र, एसडीएम चंदौसी विनय कुमार मिश्रा, एसडीएम गुन्नौर वंदना मिश्रा, सीओ चंदौसी अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक की अस्पताल में मौत

चन्दौसी, अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के देवापुर-काजी बेहटा मार्ग पर बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक ने मुरादाबाद के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।



मृतक उवैश।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली के मोहल्ला बंजारी कुआ निवासी उवैश (17) पुत्र मकलूम रंगाई-पुताई का कार्य करता था। रविवार की दोपहरवह बाइक से अपने मामा के घर लहरा थाना हयातनगर अपने माता-पिता को बुलाने जा रहा था। गांव देवापुर-काजी बेहटा के बीच सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में उवैश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। जहां रविवार की देर रात उवैश ने दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा था।

# संगोष्ठी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद




भाजपा जिला कार्यालय पर संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

- वक्ताओं ने मुखर्जी के कश्मीर पर दृष्टिकोण को सामने रखा

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि श्यामा प्रसाद ने कश्मीर में एक निशान एक संविधान का जो संकल्प लिया था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 समाप्त कर उसे पूरा किया।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में गैर-कांग्रेसी मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त मंत्रालय का काम संभाला। जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद ने नेहरू और गांधीजी की तुष्टिकरण की नीति का सदैव विरोध किया। संचालन हरिओम शर्मा ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव,परमेश्वर लाल सैनी,डा.नरेंद्र सिंह, कुलदीप चौधरी, ह्रदयेश यादव,कमल कुमार कमल, अर्जुन वाल्मीकि , प्रभात शर्मा, कुमुद शर्मा , अखिलेश अग्रवाल, सतीश अरोरा, पंकज गुप्ता, संजय सांख्यधर, सौरभ,महावीर जाटव, गणेश शर्मा, शिल्पी गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

## बीडीसी सदस्य के घर से 3.50 लाख की नकदी, जेवर चोरी



चोरी के बारे में बताते बीडीसी सदस्य सत्यवीर सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता,संभल/ओबरी,

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में क्षेत्र पंचायत सदस्य के घर में नकब लगाकर घुसे चोर नकदी, जेवर समेत करीब 3.50 लाख रुपये का माल समेट कर ले गए।

थाना क्षेत्र के गांव भैंसोड़ा निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य सत्यवीर सिंह का घर गांव के बाहरी छोर पर है। रविवार रात सत्यवीर और पत्नी मंजू छत पर तथा उनकी मां उर्मिला और बहन आंगन में सो रहे थे। रात किसी समय चोर घर की दीवार में नकब लगाकर घुस गए और अलमारी से 14 हजार 500 रुपये, सोने की कंठी, अंगूठी, झुमकी, चूड़ी, चांदी की अंगूठी, पाजेब, बच्चों की 6 चीजें, साड़ी व अन्य सामान समेट लिया। इतना ही नहीं, सत्यवीर सिंह की बहन के 4500 रुपये भी चोरी कर लिए। सोमवार की सुबह जंगल में तलाश किया तो खाली संदूक पड़ा मिला। सत्यवीर ने कहा कि चोर 3.50 लाख रुपये से अधिक का माल ले गए। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# हयातनगर में सात फीट शिफ्ट की गई दरगाह

कार्यालय संवाददाता, संभल



हयातनगर में दरगाह को शिफ्ट करते मजदूर। ● अमृत विचार



शिफ्ट की जा रही दरगाह।

अमृत विचार : संभल-बहजोई मार्ग पर हयातनगर थाने से आगे अतिक्रमण की जद में आई दरगाह को शिफ्ट किए जाने का काम सोमवार को शुरू हुआ। 12 मजदूर देरशाम तक दरगाह को साइड में करीब 7 फीट खिसका सके। बताया गया कि साइड में शिफ्ट किए जाने के बाद दरगाह को पीछे ले जाने के लिए अलग फाउंडेशन बनाया जाएगा।

हयातनगर थाने से आगे प्राचीन धर्म कूप मंदिर और उसके सामने स्थित मस्जिद का जो हिस्सा अतिक्रमण की जद में आया था उसे तुड़वाने के बाद दरगाह को करीब 30 फीट पीछे शिफ्ट किया जाना है। इस कार्य में करीब 20 लाख रुपये खर्च आ रहा है। रुड़की के ठेकेदार दिलशाद की निगरानी में मजदूरों ने पहले 10 फिट साइड में फाउंडेशन बनाया। इसके बाद दरगाह के नीचे जैक, लोहे के गार्डर और बैरिंग लगाने का काम किया। सोमवार को सुबह दरगाह की शिफ्टिंग शुरू कराई गई। जिसमें 12 मजदूरों ने काम शुरू किया। धीरे-धीरे वजनी दरगाह को खिसकाने का काम किया गया। पूरी दोपहरी के बाद शाम को भी मजदूर इस कार्य में जुटे रहे। देरशाम तक दरगाह करीब 7 फीट ही खिसक पाई।

- हयातनगर थाने से आगे अतिक्रमण की जद में आई दरगाह
- 30 फिट पीछे शिफ्ट करने के लिए बनेगा नया फाउंडेशन

ठेकेदार दिलशाद ने बताया कि दरगाह को साइड में शिफ्ट किए जाने का काम मंगलवार तक पूरा होगा। जिसके बाद दरगाह को पीछे की तरफ 30 फीट शिफ्ट करने के लिए नया फाउंडेशन तैयार कराएंगे। जिसके बाद अगली प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी। बताते चलें कि दरगाह को शिफ्ट कराने के लिए मस्जिद कमेटी चंदा करके धन जुटा रही है।

सार -संक्षेप

## छत पर सामान लेने गई महिला को सांप ने डसा



चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी कमलेश रानी पत्नी गंगाराम रविवार की शाम छत पर बने कमरे में कुछ सामान लेने गई। कमरे में मौजूद सांप ने महिला को सामान उठाते समय पैर के पंजे में डस लिया। महिला के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सांप को काफी खोजा, मगर वह नहीं मिला। इसके बाद परिजन महिला को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां महिला को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेंदर सिंह ने बताया कि सांप जहरीला नहीं था, इसलिए महिला पर असर नहीं हुआ।

## पिछड़ा वर्ग के युवाओं को निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण

बहजोई, अमृत विचार : जनपद में रहने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए कम्प्यूटर शिक्षा का प्रशिक्षण का मौका मिलेगा। जिसमें एक वर्षीय ओ लेवल और तीन माह के सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए दिया जाएगा। इसके लिए Backwardwelfare.up.gov.in और obccomputertraining.upsdc.gov.in पर 14 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रिंट आउट, समस्त प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियों सहित दो प्रतियों में कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, ब्लाक परिसर, कलक्ट्रेट कलेक्ट्रेट परिसर बहजोई में सायं पांच बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। पात्रता शर्तों के अनुसार अभ्यर्थी की वार्षिक पारिवारिक आय अधिकतम एक लाख रुपये होनी चाहिए, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट निर्धारित की गई है, और आवेदक की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थी बेरोजगार हो। किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति प्राप्त न कर रहा हो। केवल अन्य पिछड़ा वर्ग के युवा ही आवेदन कर सकते हैं।

## सिलाई प्रशिक्षण का समापन, प्रमाणपत्र वितरित किए



चन्दौसी, अमृत विचार : जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पॉवर एवं वूमेन प्राइड की ओर से महिलाओं व युवतियों को आत्म निर्भर बनाने के सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। एक माह चले प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को प्रमाण पत्र व उपहार देकर दिए गए। इस दौरान डॉ. सुधा चौधरी, अनु रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, अलका मंगल, शुभ्रा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल आदि मौजद रहे।

## डीएम ने किया योगवाइटल के लोगो का अनावरण




चन्दौसी, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया द्वारा योगवाइटल के लोगो का अनावरण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि योगवाइटल पोर्टल को एक ऐसा मंच बनाया जा सकता है, जिंससे लोग योग की बारीकियों को समझाया जा सकता है। योग प्रशिक्षक श्रुति अग्रवाल ने कहा कि आज के व्यस्त जीवनशैली में योग आवश्यक साधन बन चुका है। जो हमें तनाव मुक्त रहने में मदद करता है। इस पहल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक योग की प्रभावशीलता को पहुंचाना है, चाहे वो किसी भी आयु वर्ग का हो। इस अवसर पर भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, उदय, आराध्या आदि मौजूद रहे।

## 5 दिन से लापता दो नाबालिग बहनें महाराष्ट्र में मिलीं

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव से 5 दिन पहले नाबालिग दो बहनें गायब हो गई थी। रविवार को महाराष्ट्र के पुणे पुलिस का फोन पिता के पास आया। बताया कि दोनों किशोरियां मिल गई हैं। पिता कुछ परिचितों के साथ पुणे के लिए रवाना हो गया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ बाहर रहकर मजदूरी करता है। जबकि गांव में उक्त व्यक्ति के दो पुत्री व एक पुत्र दादी के साथ रहते हैं। 5 दिन पहले दादी अपने पौत्र के साथ मायके गई थी। शाम को वापस लौटी तों दोनों बहनें घर से गायब थीं। दूसरे दिन पीड़ित गांव पहुंचा और दोनों पुत्रियों की गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने किशोरियों की खोजबीन शुरू कर दी। रविवार को किशोरियों के पिता के पास महाराष्ट्र के पुणे पुलिस का फोन आया। बताया कि उनकी पुत्रियों मिलने की बात कही, पुलिस ने पुत्रियों की बात पिता से भी कराई। इसके बाद पिता अपने कुछ परिचितों के साथ पुणे के लिए रवाना हो गए। अब सवाल यह उठता है कि दोनों 13 व 14 वर्षीय बहनें पुणे कैसे पहुंची। उक्त जानकारी दोनों बहनों के आने के बाद ही पता चल सकेगी।

# भाकियू की पंचायत में उठाई खाद बिजली, चकबंदी की समस्याएं

संवाददाता,बहजोई



भाकियू टिकैत की पंचायत को संबोधित करते विजेंद्र सिंह यादव।

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत में ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने का पदाधिकारियों से आह्वान किया गया। ब्लॉक अध्यक्षों को ग्राम इकाई गठित करने के निर्देश दिए गए। वहीं पंचायत में किसानों की खाद, बिजली चकबंदी, स्वास्थ्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।

पंचायत में प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि संगठन की मजबूती में ही किसानों का हित है। कोई भी राजनीतिक पार्टी किसानों की हितैषी नहीं है। केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है। किसानों को सिंचाई को बिजली नहीं मिल पा रही है इससे धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। पंचायत में बिजली देने, खाद वितरण में धांधली रोकने व पुलिस उत्पीड़न रोकने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह यादव, रामवीर सिंह यादव, अमर सिंह राजपूत, जबर सिंह यादव, मुकेश यादव, उदयवीर सिंह यादव, राजेश मौर्य, डॉ दिनेश कुमार, मुनेंद्र सिंह यादव, मोहम्मद फहीम चौधरी, रमाशंकर शर्मा हनुमान, कृष्ण गोपाल यादव सहित आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता महावीर सिंह यादव व संचालन मुनेंद्र सिंह ने किया।

- भाकियू की पंचायत में ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए सौंपी जिम्मेदारी

## नशा विरोधी दिवस पर 26 को होगा कार्यक्रम

बहजोई,अमृत विचार: मादक पदार्थों का दुरुपयोग व अवैध व्यापार विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 26 जून को बहजोई में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने जिला आबकारी अधिकारी, जिला मद्यनिषेध अधिकारी, औषधि निरीक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता संगीता भार्गव और नशा मुक्त भारत मिशन के सचिव को पत्र जारी कर कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में 12:30 बजे समय प्रतिभाग करने के निर्देश दिए। हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रदेश स्तर से निर्धारित की गई है, जिसके तहत एक जून से 26 जून तक विभिन्न शासकीय, अशासकीय व सामाजिक स्थलों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की करने की बात कही गई है। सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश हैं।

# किसानों की समस्याओं का किया जाए निस्तारण

संवाददाता,बहजोई

- किसान दिवस पर डीएम के सामने रखीं समस्याएं

अमृत विचार: कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस पर किसानों ने डीएम के सामने बिजली आपूर्ति, चकबंदी विभाग, शिक्षा विभाग व खाद बीज पर ओवर रेट जैसे मुद्दे उठाए। वहीं मंडी समितियां में जल भराव जैसी समस्या से समाधान कराए जाने की मांग रखी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान दिवस में डीएम राजेंद्र पैंसिया के सामने भाकियू अराजनीतिक के जिलाध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने खाद बीज पर ओवर रेटिंग का मुद्दा उठाया। वहीं मंडी समितियां में जल भराव की समस्या रखी। डीएम ने कृषि विभाग को ओवर रेट को लेकर दुकानों का निरीक्षण कर अंकुश लगाने की बात कही। किसान नेता विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति नहीं दी जा रही है। जिससे किसानों धान की रोपाई में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डीएम ने विद्युत आपूर्ति शेड्यूल के मुताबिक दिए जाने के बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

किसान जबर सिंह यादव ने कहा कि चकबंदी विभाग में किसानों का उत्पीड़न का मामला उठाया। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, सीएमओ डॉ तरुण पाठक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र सिंह, किसान मोहम्मद आशिक राजा, केपी राणा, अंकित ठाकुर, गायत्री यादव, कल्याण सिंह यादव, राजपाल सिंह यादव सहित आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने देखी रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था



आरक्षियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था का जायजा लेते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई।

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: आरक्षियों प्रशिक्षण का पुलिस अधीक्षक ने आरंभ किया। आरक्षियों को प्रशिक्षण के दौरान बरते जाने वाली सावधानियों के विषय में जानकारी दी। वहीं प्रशिक्षण को पूर्ण मनोयोग से करने के निर्देश दिए।

पुलिस लाइन में 142 महिला रिक्रूट वहीं ईश्वरदास टेक्निकल इंस्टिट्यूट बहजोई में 568 पुरुष रिक्रूटमेंट आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने रिक्रूट आरक्षियों के शारीरिक प्रशिक्षण व तकनीकी प्रशिक्षण पद्धतियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। एएसपी उत्तरी राजेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक पुलिस अधीक्षक लाइन आलोक कुमार, सीओ बहजोई आलोक सिद्धू, सीओ चंदौसी अनुज चौधरी, सीओ गुन्नौर दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

मुसीबत बने कुत्ते

जिला अस्पताल में रोजाना 10 मरीज पहुंच रहे एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने

# आवारा कुत्तों का आतंक, लोगों को कर रहे जख्मी

कार्यालय संवाददाता, संभल



वाहन के नीचे बैठा आवारा कुत्तों का झुंड। ● अमृत विचार

अमृत विचार : संभल शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। मुख्य चौराहों के साथ ही पार्क जैसे सार्वजनिक स्थान पर भी कुत्ते हमलावर हो रहे हैं। जिला अस्पताल में भी कुत्ते के काटने पर उपचार कराने के लिए रोजाना पहुंचने वाले मरीजों का आंकड़ा 10 आ रहा है। नगर पालिका परिषद आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रही है। जिससे लोगों में रोष पनप रहा है।

गर्मी में आवारा कुत्ते हमलावर हो रहे हैं। यह कुत्ते न सिर्फ गली मोहल्लों, चौराहों पर लोगों को शिकार बना रहे हैं बल्कि पार्क में घूमने आने वाले बच्चों पर भी हमला कर रहे हैं। पिछले दिनों शहर के शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से कचहरी गेट और जिला अस्पताल तक कुत्तों ने 13 लोगों को जख्मी कर दिया था। उन लोगों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया था। पिछले सप्ताह बुधवार को एक बच्चा शाम के वक्त शहीद भगत सिंह पार्क में पहुंचा तो उसे कुत्ते ने काट लिया। आलम यह है कि जिला अस्पताल में शहरी क्षेत्र से करीब 10 लोग कुत्ते के काटने के बाद उपचार कराने के लिए पहुंच रहे हैं। जबकि 15 लोग वह पहुंच रहे जिन्हें पूर्व में कुत्तों ने काटा है।

- हमलावर कुत्तों को पकड़ने को लेकर गंभीर नहीं है नगर पालिका प्रशासन

> कुत्तों के लिए एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर) का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। शासन से मंजूरी मिलने पर सेंटर स्थापना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
> - डॉ.मणिभूषण तिवारी,ईओ नगर पालिका

हयातनगर, सरायतरीन के अलावा मोहल्ला हातिम सराय, कोट गर्वी, रुकनुद्दीन सराय, हिंदूपुरा खेड़ा आदि क्षेत्रों में कुत्तों का आंतक ज्यादा है। कुत्तों का आतंक बढ़ने के बाद भी उन्हें पकड़वाने के लिए नगर पालिका परिषद गंभीर नहीं दिख रही है। लोगों का कहना है कि कुत्तों को जल्द ही पकड़वाकर सुरक्षित माहौल बनाने की जरूरत है।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास से, सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# अनिश्चितता के बीच

इजराइल-ईरान संघर्ष काफी बढ़ गया है। अमेरिका सीधे तौर पर युद्ध में शामिल हो गया है। रविवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों के बाद संयुक्त सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमला पहले से संकटग्रस्त क्षेत्र को और खतरनाक मोड़ पर ले आया है। उन्होंने चेताया था कि ईरान इन हमलों का प्रतिशोध ले सकता है। सोमवार को ईरान ने सीरिया में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हमला किया। यानी हालत काबू से बाहर जा रहे हैं। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव का असर विभिन्न क्षेत्रों में महसूस किया जा सकता है, जिसमें व्यापार, राजनीति, और सामाजिक-आर्थिक स्थितियां शामिल हैं। तनाव से वैश्विक व्यापार मार्ग बाधित हो सकता है। भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक व्यापार गतिशीलता के लिए कुछ चुनौतियां पेश करते हैं। मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर असर पड़ने की उम्मीद है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का करीब 85 फीसदी हिस्सा आयात करता है।

भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और देश की राजकोषीय स्थिति पर दबाव पड़ सकता है। हालात का असर निर्यात पर भी पड़ेगा। ढुलाई व्यवधान से निर्यातकों के समक्ष चुनौतियां बढ़ गई हैं। देश से ईरान को भेजी गई एक लाख टन बासमती चावल की खेप बंदरगाहों पर अटकी है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ का कहना है कि निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव मुद्रास्फीति और लॉजिस्टिक्स लागत दोनों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन भारत की विविध ऊर्जा खरीद रणनीति और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)का सक्रिय रुख नकदी और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है। राहत की बात है कि भारत का निर्यात क्षेत्र लचीला और अनुकूलनशील बना हुआ है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) का कहना है कि ईरान और इज़राइल दोनों के साथ देश का व्यापार महत्वपूर्ण होने के बावजूद, कुल निर्यात-आयात टोकरी का एक छोटा हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि सरकार और उद्योग जगत संयुक्त रूप से व्यापार प्रभावित न हो इसके लिए कम से कम व्यवधान सुनिश्चित करने को घटनाक्रमों की निगरानी कर रहे हैं।

# कैसे उखड़ने लगे नक्सलियों के पांव



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया।

भारत में लंबे समय से नक्सलियों की हिंसा के कारण मासूम लोग अपनी जान से हाथ धोते रहे हैं। ये बीती सरकारों के लिए सिरदर्द रहे हैं। पर केन्द्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इनके पैर उखड़ने लगे। वे कहते हैं कि नक्सलवाद यदि एक विचार है तो इसे बदलने के लिए काम करना चाहिए और यदि विद्रोह है तो इसे कुचलने के लिए काम करना चाहिए। 2014 में जब नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी बीजेपी ने दी तो उन्होंने अपनी दूसरी ही रैली में बस्तर में जाकर माओवादियों को ललकारते हुए कहा था- "लोकतंत्र को स्वीकार करिए। सभी समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान यही है। बम, बंदूक और पिस्तौल खून-खराबा तो कर सकते हैं, लेकिन नया जीवन नहीं दे सकते। हमें खून नहीं, पसीना बहाना है। हमें इस धरती को हरा-भरा बनाना है, लाल नहीं।''

11 साल बाद जब गृह मंत्री अमित शाह यह घोषणा करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा । यह सही है कि पूर्वी भारत में नक्सल आंदोलन की शुरुआत मुख्य रूप से गरीबी के कारण हुई। तब की भारत सरकार ने राज्यों के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्हीं दिनों देश में जंगल माफिया, पत्थर माफिया, लकड़ी माफिया, खनिज माफिया पैदा होने लगे। धीरे-धीरे समस्या गहराई तक पहुंचने लगी। फिर यही माफिया अंतर-राज्यीय सीमाओं पर खुले आम अपनी गैरकानूनी गतिविधियों का संचालन करने लगे। खुफिया अड्डे बनाकर भारी मात्रा में असलहे जमा करने लगे और फिर सीधे सरकार को चुनौती देने लगे। हथियारों के बल पर अपने अपने क्षेत्र में साम्यवादी शासन भी चलाने लगे।

कहने की आवश्यकता नहीं कि नक्सली नेताओं ने राजनीतिक नेताओं को भी अपने दबाव में ले लिया और अपने लिए एक बौद्धिक गैंग की आड़ भी तैयार कर ली। यह बौद्धिक गैंग उनके हर खून खराबे को जमीनी संघर्ष का



स्वरूप प्रदान करने लगा, जहां हत्या और लूट मार को किसानों और गरीबों के प्रति शोषण के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे कथित बुद्धिजीवियों को ही शहरी नक्सली का नाम दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने यह कहने में कोई हिचक नहीं दिखाई कि कांग्रेस इन शहरी नक्सलियों को सरंक्षण देती रही है। बीजेपी नेतृत्व ने इन शहरी नक्सलियों के खतरनाक एजेंडे का पर्दाफाश पूरी दुनिया के सामने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा - हर कोई देख सकता है कि कांग्रेस उन लोगों के साथ कितनी निकटता से खड़ी है, जो भारत के लिए अच्छे इरादे नहीं रखते हैं।"

बीजेपी नेतृत्व ने वाम विचार धारा को ध्वस्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का बखूबी इस्तेमाल किया। उनके गढ़ में जाकर उनकी ही विचारधारा को चुनौती दी। जनता को पूरी तरह से जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अंत में उन्हें जनता के जरिए ही हाशिये पर बिठा दिया। 2014 के चुनाव में जब मोदी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बने तो उसी साल वामपंथी सांसदों की संख्या 24 से घटकर 10 हो गई और फिर 2019 के आम चुनाव में लोकसभा में वामपंथियों संख्या 4 रह गई। राष्ट्रवाद के आगे दक्षिणपंथी विचारधारा धराशायी होने लगी। सीपीआई, सीपीआई-मार्क्सवादी और सीपीआई-मार्क्सवादी-लेनिनवादी की राजनीति को देश ने एक तरह

राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए।

से खारिज करना शुरू कर दिया। एक समय वह भी था जब 2004 के आम चुनाव में वामपंथियों ने लोकसभा की 61 सीटें जीती थी। अब केरल के अलावा वाम मोर्चा कहीं भी खड़ा होने की स्थिति में नहीं है। बीजेपी नेतृत्व ने वाम मोर्चे के अहंकार, आत्मसंतुष्टि, भ्रष्टाचार और उनकी राजनीतिक हिंसा को मुद्दा बनाया और उन्हें राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक बना दिया।

राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। फिर मोदी सरकार ने माओवादी उग्रवाद से निपटने के लिए व्यापक योजना बनाई। माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिए स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया गया। मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की कि नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टोलेरेन्स रखेंगे। यह प्रण किया गया कि 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। फिर गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा अभियान, विकास और पुनर्वास एक एकीकृत योजना लागू की गई। ऑपरेशन कगार चला कर सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा किया गया और हजारों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार किया गया। परिणाम भी सामने आया। 2014 में जहां 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे वहीं 2025 में केवल 6 सबसे अधिक प्रभावित जिले ही बच गए हैं।

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने बल, सुशासन और समावेशी आउटरीच का एक त्रिस्तरीय फार्मूला अपनाकर नक्सलवाद को खत्म करने का समयबद्ध कार्यक्रम तैयार कर लिया है। जो हथियार डालने के लिए तैयार नहीं हो रहे, उन्हें खत्म करने का अभियान दिन रात चलाया जा रहा है। केवल इसी साल 200 से अधिक हथियारबंद नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है। इसके अलावा 600 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। आकड़े बताते हैं कि 30 मई 2025 तक 2824 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद के खिलाफ अभियान को सबसे बड़ी सफलता तब मिली जब 14 मई, 2025 को सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित करेंगुट्टालु हिल (केजीएच) पर किए गए इस अभियान में 31 नक्सली मारे गए।

ताजा हालत ये है कि मोदी सरकार ने नक्सलियों को तबाह कर दिया है। जो आदिवासी नक्सलियों के समर्थन में होने के लिए मजबूर किए गए थे वे ही अब नक्सल के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। आदिवासी अधिकारों के लिए काम जिस गति से हो रहा है, उससे नक्सल समस्या को एक तय समय सीमा में हल करने के प्रति विश्वास पैदा होने लगा है केवल हथियारों से समाजवाद आ सकता है, इस धारणा को बदलने में सफलता मिल रही है।

## प्रसंगवश

# वैश्विक अशांति के बीच नेपाल शांति देशों में शुमार

जब दुनिया के तमाम देशों में मार काट मची हो, ये मेरा ये तेरा को लेकर युद्ध चल रहा हो तब बुद्ध की धरती नेपाल का दुनिया के शांति देशों में सम्मान जनक स्थान पर होना निश्चित ही नेपाल के लिए गर्व की बात है। सच मायने में यह इस बात का भी सबूत है कि नेपाल बुद्ध के पंचशील सिद्धांतों का अक्षरशः पालन करने वाला देश है।



शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा।

यद्यपि कि नेपाल के कुछ पड़ोसी देश उसकी शांति प्रियता का बेजा फायदा उठाने की ताकत में रहते हैं। इस नन्हें राष्ट्र पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए तमाम तरह के प्रलोभन भी देते रहते हैं। लेकिन नेपाल में शासक कोई भी रहा हो, किसी के अधीन होना स्वीकार नहीं किया। इस होड़ में इस नन्हें राष्ट्र को अशांत करने की कोशिशें भी हुईं लेकिन नेपाल बेदाग का बेदाग बना रहा।

बता दें कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता के बीच शांति सूचकांक 2025 में पिछले वर्ष की तुलना में 0.36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्था इंस्टिट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस द्वारा जारी ग्लोबल पीस इंडेक्स 2025 में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का यह समय विश्व का सबसे अशांत दौर माना गया है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

रिपोर्ट में आइसलैंड को लगातार 2025 में भी सबसे शांतिपूर्ण देश घोषित किया गया है, जबकि रूस को सबसे अशांत देश का दर्जा मिला है। आइसलैंड के बाद सूची में आयरलैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, पुर्तगाल, डेनमार्क, स्लोवेनिया और फिनलैंड शामिल हैं। नेपाल को 76वें स्थान पर रखा गया है, जो दक्षिण एशिया में भूटान (21वां स्थान) के बाद दूसरा सबसे शांतिपूर्ण देश है। वहीं, भारत 115 वें और चीन 98 वें स्थान पर है।

सबसे अशांत देशों की सूची में क्रमशः रूस, यूक्रेन, सूडान, कांगो, यमन, अफगानिस्तान, सीरिया, दक्षिण सूडान, इज़राइल और माली शामिल है। यह सूचकांक देशों में कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, राजनीतिक स्थिरता, हिंसक संघर्ष, सामाजिक न्याय और विदेश नीति के प्रभाव के आधार पर तैयार किया जाता है।

राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल के महासचिव मौलाना मशहूद खां नेपाली सहित नेपाल के तमाम नामचीन लोगों ने इस रिपोर्ट में नेपाल की प्रगति को सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि नेपाल का विश्व के शांतिपूर्ण देशों की सूची में शामिल होना गर्व का विषय है, लेकिन यह केवल उपलब्धि नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा। किसी भी देश को शांति प्रिय बनाए रखना सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, इसके लिए "मदरसों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, मंदिरों, मस्जिदों सहित सभी संस्थानों को शांति का संदेशवाहक बनना चाहिए। हमें बच्चों को केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सहिष्णुता और सम्मान भी देना होगा। नेपाल एक ऐसा देश बन रहा है जहां शांति केवल एक रैंकिंग नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है। यह सफलता दिखाती है कि आर्थिक सीमाएं या क्षेत्रफल किसी देश की महानता का निर्धारण नहीं करते, बल्कि जागरूक और न्यायप्रिय लोग करते हैं।

# प्रकाश प्रदूषण: अदृश्य संकट की उभरती हुई रोशनी

विकास की रफ्तार और रोशनी की चमक ने अंधेरे के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। कभी रात का अंधकारधरती के संतुलन का एक स्वाभाविक हिस्सा हुआ करता था, लेकिन अब वह बिजली की पहुंच से बची-बचाई कुछ जगहों पर ही रह गया है। पहले जहां रातें गहरी होती थीं और आसमान तारों से भरा मिलता था, अब वहां कृत्रिम रोशनी की ऐसी परत चढ़ गई है कि आसमान में स्वाभाविक रूप से तारों का दिख जाना भी एक अनूठा और विशिष्ट अनुभव लगने लगता है। यह बदलाव जितना तकनीकी लगता है, उतना ही गहराई से यह हमारे पर्यावरण और जीवन के ताने-बाने को प्रभावित कर रहा है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए।

प्रकाश प्रदूषण अब तक हमारी सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा नहीं बन पाया है, क्योंकि यह आंखों से दिखते हुए भी सीधे महसूस नहीं होता। लेकिन इसकी चुपचाप उपस्थिति हमारे आसपास के पेड़-पौधों, पक्षियों, कीटों और यहां तक कि हमारी अपनी नींद और जैविक घड़ी को गड़बड़ा रही है। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि ज्यादा रोशनी से पक्षियों का प्रवास चक्र, प्रजनन और घोंसले बनाने की आदतें प्रभावित होती हैं। कुछ इलाकों में तो पेड़ों की पत्तियां समय से पहले झड़ने लगी हैं और मौसम के चक्र बिगड़ने लगे हैं। ये संकेत मामूली नहीं हैं- ये हमें बता रहे हैं कि प्रकृति की लय धीरे-धीरे असंतुलित हो रही है।

हमारे शहरों में यह रोशनी अब 'सुरक्षा' और 'सौंदर्यीकरण' के नाम पर योजनाओं का हिस्सा बन चुकी है। सड़कों, झीलों और स्मारकों को रात भर जगमग बनाए रखना अब 'विकास' की निशानी माना जाता है। लेकिन इन योजनाओं में शायद ही कभी यह



देखा जाता है कि उनके आसपास कितनी जैव विविधता है, और उस पर इसका क्या असर पड़ेगा। अंधकार को जैसे एक रुकावट की तरह देखा जाने लगा है-जबकि वह प्रकृति के लिए उतना ही ज़रूरी है जितनी रोशनी।

कुछ देश इस खतरे को पहले ही पहचान चुके हैं। फ्रांस, जर्मनी और जापान जैसे देशों ने सार्वजनिक स्थलों पर रात्रिकालीन रोशनी के नियम तय किए हैं। कुछ जगहों पर तो तय समय के बाद दुकानें और होर्डिंग्स की लाइट बंद कर दी जाती हैं। भारत में अभी इस दिशा में कोई विशेष कानून या नीति नहीं बनी है, जबकि हमारे यहां की पारिस्थितिक विविधता कहीं अधिक संवेदनशील है। पश्चिमी घाट, हिमालय और गंगा के मैदानों में रहने वाले रात्रिचर जीवों के लिए रात का अंधेरा जीवन का आधार है। जब वहां रोशनी पहुंचती है, तो वह उनकी आदतों और व्यवहारों को बदल देती है-और धीरे-धीरे उनके अस्तित्व को भी।

हमारे पारंपरिक समाजों में रात का अंधकार केवल एक समय नहीं था-वह विश्राम, मौन और आत्मचिंतन का प्रतीक भी था। अब वह मौन खो गया है। शहरों में रात बस एक और 'काम का समय' बन चुकी है। रोशनी वहां उत्पादकता का प्रतीक है, विश्राम का नहीं। और यही वह बुनियादी सोच है, जो हमारे जैविक, मानसिक और सामाजिक संतुलन को धीरे-धीरे कमजोर कर रही है।

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए। यह समझने की ज़रूरत है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि सहयोगी होने चाहिए। रोशनी कितनी हो, कहां हो, कितनी देर तक हो- ये तय करना अब ज़रूरी हो गया है। अगर हम समय रहते नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी शायद अंधेरे में झिलमिलाते तारों को सिर्फ किताबों या कहानियों में ही देख सकेगी।

इस संकट को स्वीकार करना पहला कदम है। जब तक हम इसे एक वास्तविक पर्यावरणीय समस्या की तरह नहीं समझेंगे, तब तक यह धीरे-धीरे हमारे जीवन की स्वाभाविकता को निगलता रहेगा। और सोचिए कि अगर एक दिन अंधकार भी कृत्रिम हो जाए-तो फिर जीवन की असल लय कहां बचेगी?

## सोशल फोरम

# जिंदगी से बड़ी है जिंदगी

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग क्षमता होती है, प्रकृति प्रदत्त। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य सीमा है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है। किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो, शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं।

संभवतः इसी रिक्ति को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति, परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फ़ैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्ति से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही ज़िंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने, किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही ज़िंदगी है।

ज़िंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना, उनके लिए नई नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, ज़िंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते, बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। ज़िंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं, प्रयास के सामर्थ्य की आकांक्षाएं... अंतिम सांस तक बनी रहेंगी। ज़िंदगी बीतते जाने के साथ आकांक्षा और क्षमता के बीच छाया अनिश्चितता का कोहरा घना होता जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

# क्या होता है लिखने या बोलने से

जिन्हें लगता है कि ईरान-इज़राइल से हमें क्या वास्ता। जिनको लगता है कि दूसरों के मसलों पर बोलने की हमें क्या ज़रूरत, जिन्हें लगता है कि यार तुम्हारे लिखने, बोलने से उन पर क्या ही फ़र्क़ पड़ता है। जिन्हें लगता है कि हम क्यों इतना लिख-बोल रहे हैं, जबकि यह हमसे कोई बहुत जुड़ा हुआ मुद्दा नहीं है। उनसे हमें कुछ कहना है। जो आप सोचते हैं, हमें भी पता है। हमसे बेहतर कौन जानता है कि यहां लिखने-पढ़ने से उधर फ़र्क़ नहीं पड़ता मगर हम लिखते हैं। असल में दुनिया में कहीं भी कोई मसला गुज़रे और उसमें अगर आपको सही या ग़लत की समझ आए, तो बोलने में क्या बुराई है। ऐसे बहुत से मुद्दे हैं, जिन पर हमें नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हमारा उनसे कोई जुड़ाव नहीं है। तो क्या बोलने के लिए किसी जुड़ाव की ज़रूरत है। हमें तो यही लगता है कि हमारे पास जो नज़रिया है, उससे टकराने वाली कोई भी बात या फिर उससे जुड़ी कोई भी बात कहीं भी हो, तो कहने में क्या ही जाता है।

हम न किसान हैं और न कभी किसानी की है, तो क्या हम इन पर न ही बोलें। हम तो औरत नहीं हैं, तो क्या जिस मुश्किल का सामना यह करती हैं, उसे न लिखे। एलजीबीटीक्यू समुदाय से जुड़े न होने पर क्या हम इनकी तक़लीफ़ पर न लिखें। हम तो हर चीज़ से



हफीज किदवई
लेखक

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना। हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो।

पल्ला झाड़ सकते हैं यह कहकर कि इससे हमारा क्या मतलब, मगर यह तो हमसे नहीं हो सकेगा।

अफ्रीका हो, यूरोप हो, अमरीका हो, अस्ट्रेलिया हो, कोरिया हो, एशिया हो या कहीं भी हो,आपको बोलने में तक़लीफ़ क्यों होती है। सबसे आसान है कि मुंह पर चादर डालकर पड़े रहो। जब अपने पर आएगी, तब देखा जाएगा। हम तो उन घरों से आए लोग हैं, जो मोहल्ले या कॉलोनी में अगर कोई मर जाए, तो उसकी मय्यत को अपने घर की मय्यत समझ दुःखी होते है। दूर दराज़ कोई लड़की टॉप करती है, तो खुश होते हैं। सुनीता विलियम्स की सफ़लता पर मुस्कुराते हैं । कल्पना चावला की मौत पर दुःखी होते हैं।

हमें दूसरे मुल्कों की वर्तमान सत्ता तो छोड़िए, पुराने लीडर भी याद हैं। उनके कामों पर नज़र रखते हैं, तभी तो सोच पाते हैं कि हममे क्या बेहतर है या क्या कम है। दुनिया में आए हैं, तो दुनिया को समझिए, उसके लीजिये कुछ कीजिए। ग़लत का विरोध कीजिए, सही का साथ दीजिए, इसके लिए इतना सोचना विचारना क्या। हां जिनमें समझ ही नहीं है, उनसे इस बात की उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए।

यहां लिखने या बोलने से यह होता है कि हम भी अपनी आवाज़ उसमें शामिल कर देते हैं, जिसका रास्ता हमें सही लगता है। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं कि उन्हें अपने सगे भाई की दिक्कत से कोई लेना देना नहीं,तो कुछ ऐसे हैं जो दिक्कत में फंसे किसी भी इंसान के लिए तड़प उठते हैं। यह तो इंसान इंसान की संवेदना का अंतर है। कोई है जो चिड़िया, जानवर बचाता है, मगर इंसान के मिटने पर खुश होता है, तो क्या किया जाए। वही कीजिए, जो आपको सही लगे, हमें यही सही लगता है ।

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना।

हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो। ज़ालिम और मज़लूम में पहचान करो और मज़लूम के साथ खड़े हो जाओ। ज़ुल्म के दोस्त मत बनो। अब इन बेसिक समझ के लिए न कोई रॉकेट साइंस लगनी है और न ही सरहद....

तो भाई लिखने से कुछ होए या न होए, कम से कम तुम्हे यो पता चल रहा है कि किसका पक्ष क्या है, नज़रिया क्या है, सोच कैसी है। यही बहुत है। लिखने से तुम्हारी आंखों में तो कोई पर्दा नहीं रह जाएगा,समझ लो इसीलिए लिखते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### जनसेवा केंद्र से एसी के पाइप चोरी

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के शुक्लपुरी निवासी हेमेंद्र सिंह की शहर के रमाबाई डिग्री कालेज के सामने जनसेवा केंद्र है। रविवार की देर शाम वह अपनी दुकान बढ़ाकर घर चले गए थे। रात को किसी समय चोरों ने उनकी दुकान पर लगे एसी के पाईप चोरी कर लिये। सोमवार की सुबह महेंद्र दुकान पर आया तो एसी पाइप दुकान पर नहीं होने पर उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ. यतींद्र कटारिया के योगदान को सराहा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सेवी व राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. यतींद्र कटारिया ने नई दिल्ली में काव्य पाठ किया और राजभाषा कार्यान्वयन कार्यक्रम को संबोधित किया। केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने डॉ यतींद्र कटारिया के योगदान की सराहना करते हुए हौसला अफ़ज़ाई की। वहीं डॉ यतींद्र कटारिया ने मनोहरलाल खट्टर को स्वरचित कविता भेंट की। केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीपद नाइक सहित वरिष्ठ अधिकारी व साहित्यकार मौजूद रहे।

# एक गांव के चार घरों में एक ही रात लाखों की चोरी

## ताले तोड़कर 20 लाख का नगदी, जेवर व सामान समेट ले गए चोर, पुलिस कर रही चोरों की तलाश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र में चोरों के हौंसले इस कदर बुलंद है कि चोरों ने रात में एक ही गांव के चार घरों को निशाना बनाया। ताले तोड़कर घरों में रखे जेवरात व नगदी चोरी कर ली। एक घर में जाग होने पर चोर भाग निकले। करीब 20 लाख रुपये की चोरी होने की आशंका है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ितों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर की है। रविवार की रात विक्रम सिंह अपनी पत्नी के साथ घर के बाहर घेर में सो रहे थे। जबकि उनके बड़े व छोटे बेटे घर के बरामदे में सो रहे थे। घर के दरवाजों का ताला लगा हुआ था। रात में किसी समय चोर घर में घुस आए और कमरों का ताला तोड़कर अलमारी में रखें सोने चांदी के जेवरात व 40 हजार रुपये चोरी कर भाग गए। सोमवार की सुबह 4:30 बजे परिवार के लोग सोकर उठे तब घटना की जानकारी हुई। कमरों के ताले टूटे और सामान बिखरा हुआ देखकर विक्रम सिंह व उनके परिवार के सदस्यों के होश उड़ गए।


चोरी की जानकारी देती महिला। ● अमृत विचार


चोरी के बारे में बताता युवक। ● अमृत विचार


चोरी की जानकारी देता पीड़ित। ● अमृत विचार

● **पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की**

चोरी की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। किसान विक्रम सिंह ने सोने की अंगूठी, कुंडल, सोने की चेन नगदी समेत 12 लाख रुपये का सामान चोरी होने की बात कही है।

उधर गांव में ही चोरों ने कपिल के घर को निशाना बनाया। जहां से चोर 25 हजार रुपये की नकदी ले गए। इसके बाद चोरों ने राहुल और पप्पू के घर को निशाना बनाया। यहां से चोर सोने-चांदी के आभूषण सहित दोनों घरों से करीब आठ लाख का माल समेट ले गए। बताया जा रहा है कि चारों घरों से करीब 20 लाख रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद तमाम ग्रामीण रजबपुर थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सीओ शक्ति सिंह ने पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। सीओ ने बताया कि चोरी की घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# शाहपुर कलां में जल निकासी बड़ी समस्या


एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** पानी की निकासी न होने के कारण फैली गंदगी को साफ करवाये जाने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर मांग पत्र सौंपा।

हसनपुर के गांव शाहपुर कलां में नाले का गंदा पानी सड़क पर आ गया है जिससे वहां पर जलभराव हो गया है। ग्रामीण एवं राहगीरों को उधर से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर नालों का गंदा पानी आ गया है जिससे संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। कि मेन सड़क पर पानी भरा होने के कारण सड़क दुर्घटना होने का भी खतरा है। उन्होंने इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से भी की है लेकिन अभी तक जल निकासी करने का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी को मांग पत्र सौंपा दिया। प्रदर्शन करने वालों में संदीप कुमार, रशीद, सद्दाम, शहाबुद्दीन, अख्तर, दिलशाद, मुबारक, मुस्तकीम, मुजफ्फर, अहसान आदि मौजूद है।

# वाहन की टक्कर से घायल की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार:** दिल्ली से घर वापस आते समय बाइक सवार वाहन की टक्कर से घायल हो गया। उपचार को ले जाते समय मौत हो गई।


मृतक कोशिंदर।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव फरोटा निवासी कोशिंदर बिधूड़ी पुत्र जसमाल दिल्ली में करी करता था। सोमवार की सुबह वह बाइक से अपने घर को आ रहा था। सिंभावली के निकट अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। जिससे कोशिंदर बिधूड़ी घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेरठ ले जाया गया। मेरठ पहुंचते ही मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक के बड़े भाई रुपेदर की भी पांच वर्ष पूर्व बिजली के करंट लगने से मौत हो गई थी। वहीं मृतक की पत्नी संगीता का रो-रो कर बुरा हाल है।

# गन्ने के खेत में मिला युवक का शव, शरीर पर थे चोट के निशान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव में गन्ने के खेत में अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। सीओ व थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। शिनाख्त न हो सकने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाउस पर रखवा दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव शहबाजपुर निवासी जितेंद्र सिंह सोमवार की सुबह अपने खेतों की तरफ गए थे। उन्हें गन्ने के खेत में एक शव पड़ा मिला। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी तो बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। शव की शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन नहीं हो सकी। मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे। मृतक केवल अंडरवियर पहने हुए था। ग्राम प्रधान नवनीत सिरोही की सूचना पर सीओ शक्ति सिंह, रजबपुर थाना प्रभारी कोमल तोमर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की जांच पड़ताल की। एसपी अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। लोगों से पूछताछ की लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है।


मौका मुआयना करते एसपी अमित आनंद व अन्य पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

● **गोली मारकर हत्या किए जाने की आशंका**

> गन्न के खेत में युवक शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शिनाख्त के लिए प्रयास किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम हाउस पर रखवाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चल सकेगा। – **शक्ति सिंह,** सीओ सिटी

प्रारंभिक जांच में गोली मारकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है।

# सीसी रोड के निर्माण में मनमानी का विरोध


मानक के अनुरूप सड़क न बनने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार


जलभराव को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

● **ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, मानक के अनुसार रोड निर्माण की मांग**

**अमृत विचार :** हसनपुर तहसील क्षेत्र के एक गांव में सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें मानक के मुताबिक कार्य नहीं हो रहा है। इसी को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सीसी रोड का निर्माण मानक के अनुसार कराएं जाने की मांग की है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव रुखालू में लोक निर्माण विभाग के द्वारा बगद नदी से रुखालू होते हुए सिरसा गुर्जर तक सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। सोमवार को ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जगह एकत्र होकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस रोड पर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है उस पर पानी भरा हुआ है। जिससे पीछे जो सीसी रोड का निर्माण किया गया है उसके आर-पार पानी पास हो रहा है। रोड़ी के नीचे से पानी गुजर रहा है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए लोक निर्माण विभाग को मानक के अनुसार कार्य करने की मांग को लेकर एक पत्र भेजा है। प्रदर्शन करने वालों में बबलू गौतम, लाजपत सिंघल, राजपाल, काले सिंह, महेंद्र ठाकुर, राजीव कुमार, महिपाल सिंह, उदल सिंह, प्यारे सिंह, कलुवा आदि मौजूद रहे।

### मंदिर मार्ग पर जलभराव एवं गंदगी, किया प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव शेखूपुर झकड़ी में मां चामुंडा मंदिर को जाने वाले मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी के चलते भक्तों का निकलना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों द्वारा एकत्र होकर प्रदर्शन कर समस्या का समाधान करने की मांग की। गांव शेखूपुर झकड़ी में स्थित मां चामुंडा मंदिर हो जाने वाला मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी के कारण भक्तों का आना-जाना दुश्वार हो गया है। सोमवार को ग्रामीणों ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है की कई बार ग्राम प्रधान से इस बारे में शिकायत की जा चुकी है लेकिन प्रधान द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। प्रदर्शन करने वालों में धर्मवीर चौहान, लखपत ठाकुर, राजेश ठाकुर, राजेश ठाकुर, लोकेंद्र, मुकेश, प्रभा, संतोष, भूदेव, हरी राज, दीपक आदि मौजूद रहे।

# नमाज कायम करो और जकात जरूर अदा करो

संवाददाता, सैदनगली

● **मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद ने किया खिताब**

**अमृत विचार:** नगर के इमामबारगाह पीर जी मुस्तकीम अली में मरहूम मुबशशिर हुसैन रिज़वी के चेहलुम के ईसाले सवाब के सिलसिले में मजलिस का आयोजन हुआ। आगाज़ सोज़खुवानी से डॉ. लईक हैदर और हमनवा ने किया।

मजलिस को लखनऊ से तशरीफ़ लाए मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकवी ने खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह ने नमाज़ कायम करने और ज़कात देने का हुक्म दिया है। क़ुरआन में ये आयत है कि ए ईमान वालों अल्लाह की, अल्लाह के रसूल की और रसूल के एहलेबैत की इताअत करो जो अल्लाह कहे या रसूल कहें या एहलेबैत कहें उस पर अमल करो। नमाज़ की सबसे ज़्यादा ताकीद इसलिए कि गयी है ताकि इंसान बुराइयों से बच सके। नमाज़ दीन का सुतून है मोमिन की मेराज है। जिसकी नमाज़ कबूल हो गई। उसकी सारी इबादतें कबूल हो गयी। द्य मौलाना ने आखिऱ मे कर्बला के शहीदों का भी ज़िक्र किया जिसे सुनकर लोग गमगीन हो गए। इस मौके पर काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।


मजलिस को संबोधित करते मौलाना कल्बे जव्वाद। ● अमृत विचार

# हल्की बूंदाबांदी में ही नगर में कई जगह जलभराव


बारिश के बाद सड़क जल भराव से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** लंबे समय से हो रही भीषण गर्मी और उमस के बाद सोमवार की दोपहर बाद नगर में हुई बरसात ने लोगों को बड़ी राहत दी है। पिछले कई दिनों से पारे की लगातार बढ़ोतरी और लू के थपेड़ों से परेशान नागरिकों के लिए यह बारिश सुकून लेकर आई। वहीं जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खोल दी।

नगर के कई निचले इलाकों और प्रमुख चौराहों पर जलभराव की स्थिति देखने को मिली। मुख्य सड़कों पर पानी जमा होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ देर हुई इस बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। नगर पालिका प्रशासन को जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए कदम उठाने की आवश्यकता है।

# जिले में जर्जर सड़कों को बनवाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भाकियू शंकर का प्रतिनिधि मंडल मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग से मिला। अमरोहा में जर्जर व टूटी-फूटी पड़ी सड़कों को बनवाने के लिए मांगपत्र सौंपा।

सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में भाकियू शंकर के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग को मांग पत्र सौंपा। रजबपुर के काफूरपुर रेलवे स्टेशन तक तीन किमी, चोटीपुरा मार्ग से फरीदपुर तक 600 मीटर, एनएच 9 पर नारंगपुर सरकड़ी से भवालपुर मार्ग का चौड़ीकरण, पिपली कला से अक्खा नगला तक 2 किमी. ज़र्ज़र मार्ग का नवीनीकरण, धनौरा ब्लॉक के गांव रसूलपुर भांवर में माता गुर्ज़र कौर गुरुद्वारा से सुखचौन सिंह के मकान तक 1300 मीटर सीसी रोड का निर्माण कराये जाने की मांग की। इसके अलावा अमरोहा में एनएच 9 से निकलने वाली मध्य गंगा नहर फेस टू की उत्तर साइड में बिजनौर तक पक्की सड़क का निर्माण कराने की मांग की जिस से कांवड़ यात्रा के साथ ही ट्रैफिक को डायवर्ट करने में दिक्कत नहीं होगी।


ज्ञापन सौंपता भाकियू शंकर का प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

● **भाकियू शंकर के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग को दिया ज्ञापन**

### हसनपुर में होने वाला धरना- प्रदर्शन स्थगित

डिडौली के गांव तोहफापुर भवानीपुर में प्रधान भोलू सिंह के घर चौधरी नरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता व सतवीर सिंह के संचालन में बैठक हुई। चौधरी दिवाकर सिंह ने बताया कि 24 जून को हसनपुर में होने वाला धरना- प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। क्योंकि 27 ,28 व 29 जून को हरिद्वार हर की पैड़ी वीआईपी घाट पर संगठन के चिंतन शिवर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक महामंडलेश्वर दयाशंकर पुरी का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। चौधरी ओमवीर सिंह, समरपाल सैनी ,चौधरी धर्मवीर सिंह, राकेश रतनपुर, राजवीर गुर्जर, अनित कुमार, सिंगारा सिंह ,कश्मीर सिंह फौजी, साहब सिंह प्रधान, पप्पू पाल, मुकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**हसनपुर, अमृत विचार :** सोमवार को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए कोतवाली क्षेत्र के गाँव सिहाली जागीर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर वन विभाग द्वारा सघन पौधरोपण अभियान चलाया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। वन रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि वन विभाग हर साल इसी तरह से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करता है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और लोगों को पेड़ों के महत्व के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने सभी से लगाए गए पौधों की देखभाल करने की अपील भी की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अनीश उरहमान ने भी पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाकर अपनी धरती को हरा-भरा बनाना चाहिए। इस अभियान में ग्राम प्रधान सहित वन विभाग के स्टाफ और गाँव के कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### भक्तों के घर भी सांवरे आते रहा करो...



**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** रविवार की रात को नगर के मौहल्ला टीचर कालोनी स्थिति नवदुर्गा शिव मंदिर में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल के द्वारा श्याम बाबा का 297वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित कर श्याम बाबा का संकीर्तन किया गया। संकीर्तन में भजन गायक दीपक शर्मा ने भक्तों के घर भी सांवरे आते रहा करो, अर्पित कौशिक ने छोड़ दे चिंता यार सांवरिया बैठा है। मीनू शर्मा ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, क देव शर्मा ने दिल की हर धड़कन से तेरा नाम निकलता है व मुसीबत आने से पहले मेरा श्याम आता है जैसे भजन सुनाकर भक्तों को मुग्ध कर दिया। बाबा श्याम के जयकारों से मन्दिर प्रांगण गूंज उठा। श्याम बाबा को खीर, चूर, खिचड़ी, केले, हलुवा, आम, पेड़े, गुड़ चना, का भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया। पराग, अंकित, पूनम, सुमन, राजकुमार, सुमित शर्मा, नीरज रस्तौगी, हर्ष, सुशीला, ज्योति, पीतम सिंह, विशाल राखी, नमन, नूतन अग्रवाल, मनोज, विनीत, आशीष, संजीव सहित आदि भक्तगण मौजूद रहे।

### नपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की विकास कार्यों पर चर्चा



**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ से मुलाकात की है। शहर के वासुदेव तीर्थ स्थल का लोकार्पण करने का अनुरोध किया। साथ ही विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। मुलाकात के दौरान भाजपा नेता अखिल जैन व निखिल जैन भी रहे। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की। उन्होंने अमरोहा शहर के विकास के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। वासुदेव तीर्थ स्थल पर कराए गए कार्यों का लोकार्पण करने के लिए समय देने का अनुरोध किया। श्मशान घाट के पास प्रस्तावित अंडरपास के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएम के माध्यम से दोबारा प्रस्ताव भिजवाइए। नवीन तहसील परिसर में ही सब रजिस्टार का कार्यालय बनाए रखने की भी मांग की। इसके अलावा जलभराव को दूर करने के लिए अधूरे नाला निर्माण को पूरा करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक भरोसा दिया। भाजपा नेता अखि जैन व निखिल जैन मौजूद रहे।

### प्रेम प्रसंग को लेकर अंबेडकर पार्क के निकट हंगामा

**हसनपुर, अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग के चलते मुरादाबाद की युवती अपने प्रेमी के साथ आ गई। युवती का हाल-चाल लेने आये मायके वालों को युवक पक्ष ने रोक कर नोक झोंक कर दी। दोनों पक्षों में जमकर हंगामा हो गया। युवती पक्ष ने युवक के खिलाफ तहरीर दी है। नगर के एक मोहल्ला निवासी एक युवक का प्रेम प्रसंग मुरादाबाद की युवती से चल रहा था। चार दिन पहले युवती प्रेमी के साथ आ गई। युवती पक्ष के लोग उसका हाल-चाल जानने के लिए प्रेमी के घर आये । सोमवार की शाम युवती पक्ष के लोग अपने घर जा रहे थे। इस दौरान चार बाइकों पर सवार युवकों ने युवती पक्ष के लोगों को अंबेडकर पार्क पर रोक लिया। कुछ ही देर में वहां पर दोनों पक्षों के बीच नोंकझोक होने के साथ ही हंगामा खड़ा हो गया। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर बाइक सवार युवक वहां से भाग गये। पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। युवती पक्ष का कहना था कि उनके साथ आई महिलाओं के साथ बाइक सवार युवकों ने छेड़छाड़ की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दबंगों ने विकलांग दंपती से की मारपीट

**हसनपुर, अमृत विचार :** दबंगों ने विकलांग पति-पत्नी को पीट कर घायल कर दिया। महिला के कान से कुंडल भी खींच कर ले गये। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगाचोली में जशोदा के घर के सामने एक ग्रामीण गालियां दे रहा था। जशोदा ने गाली देने को मना किया तो वह आग बबूला हो गया। उसके बाद दबंग ने अपनी पत्नी व परिवार के अन्य लोगों के साथ मिलकर विकलांग जशोदा की पिटाई करनी शुरू कर दी। पत्नी को बचाने आये विकलांग रामपाल को भी दबंगों ने नहीं बख्शा तथा उसकी भी पिटाई कर दी। जशोदा का आरोप है कि दबंग उसके कान से सोने का कुंडल भी खींच कर ले गये। पुलिस ने जशोदा का मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। हालांकि पुलिस के कार्रवाई न करने से दबंगों के हौंसले बुलंद हैं।

### टेंपो में जान जोखिम में डाल यात्रा करते हैं लोग

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में टेंपो चालक जमकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। हसनपुर तहसील क्षेत्र में डग्गामार वाहनों का संचालन बड़ी संख्या में किया जा रहा है। गजरौला मार्ग, रहरा मार्ग, संभल मार्ग के अलावा आदमपुर मार्ग पर टेंपो का संचालन भारी संख्या में किया जा रहा है। टेंपो चालको द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी की जा रही है। टेंपो चालक छत सवारियों को बैठाने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं और जमकर ओवरलोडिंग कर रहे हैं। जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लगातार जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद ऑटो चालक सुधारने का नाम नहीं ले रहे हैं। वही परिवहन विभाग भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।

### तहसील बार एसोसिएशन ने की शोक सभा

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सक्सेना एडवोकेट की पौत्री का आकस्मिक निधन हो गया। तहसील बार एसोसिएशन के द्वारा सोमवार को शोक सभा आयोजित की गई।शोक सभा में मुख्य रूप से बार अध्यक्ष चंद्रसैन, महासचिव मदन खडगवंशी, पूर्व अध्यक्ष नरेशपाल सिंह, गंगा सरन, चौधरी गजेंद्र सिंह, पूर्व महासचिव सुरमित कुमार गुप्त, सुबोध शर्मा, आफताब आलम, मुजाहिद हुसैन, फतेह सिंह खड़कवंशी, विनोद कुमार त्यागी, कपिल देव गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, नंदराम सागर, विशाल शर्मा, वीर सिंह, संजय चौहान, मंगलसैन, संजीव कुमार, अमरीश शर्मा, विकास चौधरी, महीपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### क्रिकेट टीम में चयन होने पर किया स्वागत

हसनपुर, अमृत विचार : डॉ. नरेश कुमार के पुत्र प्रियांशू प्रताप के लीजेंड्स लीग टी-10 क्रिकेट के चयन होने पर अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ हसनपुर के पदाधिकारियों ने मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने बताया कि शहर की प्रतिभाएं लगातार विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। समाजसेवी नवाब सैफी, मयंक प्रताप, ऋषिपाल सिंह, काले सिंह, हरपाल सिंह, जीतू, नन्हें सिंह, करनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवकों को मारपीट कर किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर के मोहल्ला बारादरी के बिलाल और जुनैद सोमवार को जा रहे थे। दूसरे पक्ष के लोगों ने दोनों को रोक लिया और लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया।

### जलभराव से निजात को नाला निर्माण की मांग

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** गांव टांडा कोठी निवासी शिव कुमार ने बीडीओ को शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव में करीब 2 फिट जलभराव है। मार्ग में गहरे गड्ढे हो गए हैं। यह मार्ग नेशनल हाईवे को जोड़ने वाला है। इस मार्ग पर हादसा होने का अंदेशा है। शिव कुमार ने बीडीओ से नाला निर्माण कराने की मांग की है।

# अवैध भट्ठे पर बुलडोजर ने ध्वस्त की ईंटें, आग बुझाई

## प्रशासन की टीम ने गांव मुबारकपुर बंद में भट्ठे पर की कार्रवाई, मची खलबली, भट्ठा स्वामी ने उठाए सवाल

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**



असमोली के मुबारकपुर बंद गांव में ईंट भट्ठे की आग बुझाते दमकल कर्मी व मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

असमोली क्षेत्र में प्रशासन की टीम ने अवैध ईंट भट्ठे पर कार्रवाई की। बुलडोजर से पक्की ईंटों को ध्वस्त करा दिया जबकि अग्निशन विभाग ने पानी डालकर आग भी बुझा दी। इस कार्रवाई से खलबली मची रही।

सोमवार को जिला खनन अधिकारी शिवम कुमार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनिल कुमार विश्वकर्मा, नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल टीम के साथ गांव मुबारकपुर बंद में शदब ब्रिक वर्क्स पर पहुंचे। अधिकारियों के साथ दो बुलडोजर के अलावा अग्निशमन विभाग की गाड़ी थी। पहले रायल्टी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रमाण पत्र मांगा। नहीं दिखा पाने पर अधिकारियों के निर्देश पर बुलडोजर ने भट्ठे में पक्की ईंटों को ध्वस्त किया। साथ ही, दमकल की गाड़ी से कर्मचारियों ने भट्ठे में जल रही आग को बुझा दिया। अधिकारियों ने बताया कि ईंट भट्ठे द्वारा रायल्टी जमा नहीं की गई और न ही प्रदूषण प्रमाण पत्र था। इसी को लेकर कार्रवाई की गई।

● **रायल्टी और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र नहीं दिखा सके**

ईंट भट्टा संचालक मुदस्सिर हुसैन ने कहा कि क्षेत्र में और भी कई अवैध ईंट भट्ठे चल रहे हैं। जिनकी रायल्टी जमा नहीं है और न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनुमति ली गई है। ऐसे ईंट भट्ठों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान अग्निशमन विभाग से जागेश सिंह, दिनेश कुमार, अनुज कुमार, विजय गांगुली, देवेंद्र कुमार भी रहे।

## सार संक्षेप

### दूसरे दिन भी ध्वस्त कराया जर्जर भवन



**चन्दौसी, अमृत विचार :** जवाहर रोड पर जर्जर भवन को गिराने का कार्य सोमवार को दूसरे दिन जारी रहा। नगर पालिका ने भवन के जर्जर हिस्से को जेसीबी गिरवाया। 2 से 3 घंटे सड़क पर जाम के हालात बने रहे और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार की सुबह 6 बजे जवाहर रोड पर दो मंजिला जर्जर भवन कुछ हिस्सा भरभराकर गिर गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर पालिका ने जेसीबी से बुलाकर भवन के जर्जर हिस्से को गिरा दिया। ताकि कोई हादसा न हो सका। सोमवार को भी नगर पालिका ने जेसीबी से जर्जर भवन को ध्वस्त कराया। जिससे जवाहर रोड पर 2 से 3 दिन घंटे जाम के हालात बने रहे और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं भवन का मलबा सड़क से हटाने का कार्य किया गया।

### आधे घंटे की बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत



**चन्दौसी, अमृत विचार :** आधे घंटे की बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों ने राहत महसूस की। बारिश होने बाजार व गली-मोहल्लों की सड़कों पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। पिछले कुछ दिन से आमजनमानस उमस भरी गर्मी से बेहाल बने थे। गर्मी से बचने के लिए लोग एसी, कूलर के साथ-साथ शीतल पेय का प्रयोग कर रहे थे। सोमवार को तेज धूप ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी। शाम को आसमान में काले बादल छाने के बाद 6 बजे बारिश शुरू हो गई। जो आधे घंटे तक जारी रही। बारिश होने से लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की। बच्चों व युवाओं ने बारिश में भीगकर आनंद लिया। वहीं स्टेशन रोड सहित अन्य बाजार व गली-मोहल्लों की सड़कों पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

### पॉवर हाउस से कराया जाए रोडवेज बसों का संचालन



**चन्दौसी , अमृत विचार :** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पीतल नगरी डिपो के एआरएम को संबोधित ज्ञापन रोडवेज बस स्टेंड प्रभारी को सौंपकर पावर हाउस से बसों के संचालन की मांग की। ज्ञापन में कहा कि कब्रिस्तान रेलवे फाटक पर सड़क निर्माण के चलते मुरादाबाद व बदायूं को बसों का संचालन बदायूं चुंगी से किया जा रहा है। जबकि अलीगढ़ से मुरादाबाद वाली बसें न्यू बाईपास से होकर गुजर जाती हैं। न्यू बाईपास शहर से 3 तीन किलोमीटर दूर है। रात में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है। व्यापारियों ने मांग की है कि ओवरब्रिज के निर्माण होने तक रोडवेज बसों का संचालन पॉवर हाउस से कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में अनुज वार्ष्णेय, शाह आलम मंसूरी, शुभम अग्रवाल, अमित पाठक, मुदित कुमार, अन्ना खान, मुजीब, अनुज कशपप, तुषार कुमार आदि मौजूद रहे।

# नए विद्युत पोल लगाने के बाद लाइन होगी शिफ्ट

**चन्दौसी,अमृत विचारः** कब्रिस्तान रेलवे फाटक के पास सड़क चौड़ीकरण के कार्य में बाधा बन रहे पोलों को हटाने का कार्य नगर पालिका ने शुरू कर दिया है। नए विद्युत पोल लगाने के बाद लाइन को शिफ्ट किया जाएगा। इसके बाद पुराने विद्युत पोलों को हटाया दिया जाएगा। कब्रिस्तान रेलवे फाटक से बरेली दिशा की ओर अनेक मेल व मालगाड़ी गुजरती है। रेलवे फाटक बंद होने से जाम की स्थिति बन जाती है। यहां जाम की समस्या को खत्म करने के उद्देश्य से कब्रिस्तान से सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया। इसके बाद इस भूमि पर सड़क निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया। मगर उक्त स्थान पर पहले से लगे विद्युत पोल सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। रविवार की रात नगर पालिका के कर्मचारियों ने नए पोल लगाने के बाद अब विद्युत लाइन शिफ्ट करने का कार्य आरंभ किया जाएगा। विनियमित क्षेत्र के जेई अमित कुमार ने बताया कि कब्रिस्तान के पास 35 लाख रुपये की लागत से 50 मीटर लंबी 21 मीटर सड़क व 2 मीटर फुटपाथ का निर्माण कराया जा रहा है। बताया कि नए विद्युत पोल लगा दिए गए हैं, लाइन शिफ्ट करने के बाद पुराने पोलों को हटा दिया जाएगा।

## दुकान पर सामान लेने जा रहे युवक पर फायरिंग

**मंडावर, अमृत विचारः** शेखूपुर निवासी शुभम पुत्र तेजपाल सोमवार की सुबह दुकान से सामान लेने जा रहा था। चार युवक तमंचा लहराते गुजरे। टोकने पर उन्होंने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। ग्रामीणों ने रितिक उर्फ पववा पुत्र कुशलपाल निवासी गांव तिमरपुर को पकड़ लिया। तीन युवक भाग गए।

डायल 112 को ग्रामीणों ने रितिक सौंप दिया। थाना प्रभारी मंडावर राजकुमार सरोज ने मौका मुआइयना किया। पीड़ित ने चारों आरोपियों के खिलाफ थाने मे तहरीर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि तीन फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। रितिक का अपराधिक इतिहास रहा है। पहले भी कई बार जेल जा चुका है।

# 4.61 लाख के नकली नोटों के साथ तीन तस्कर दबोचे, 15 लाख खपाए

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



आरोपियों से पूछताछ करते एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। सरगना पैथोलॉजिस्ट समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर 500, 100 और 20 रुपये के चार लाख 61 हजार रुपये मूल्य के नकली नोट, लैपटॉप, प्रिंटर, कागज, कार, बाइक आदि बरामद किए गए हैं।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह को सोमवार की सुबह सूचना मिली कि उमरगंज मार्ग पर नकली नोट छापने वाला गिरोह गुजरने वाला है। पुलिस ने पैथोलॉजिस्ट डा नफीस अहमद निवासी कमालपुर फतेहाबाद थाना कुंदरकी जिला मुरादाबाद, पंकज गंगवार निवासी उधमसिंह नगर और निखिल मिश्रा निवासी आनंदपुरम कालोनी, शाहजहांपुर को पकड़ लिया। सरगना डॉ. नफीस ने बताया कि वे 15 लाख रुपये के नकली नोट नोएडा और अमरोहा में खपा चुके हैं। नफीस पर विभिन्न धाराओं के सात मुकदमे दर्ज हैं। एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस टीम को 20 हजार रुपये देने की घोषणा की है।

● **पकड़े गए अभियुक्तों में मुरादाबाद उत्तराखंड के भी निवासी**

# बावड़ी पर डलवाया टिनशेड, होगी तारकशी

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



बावड़ी पर डाला गया टिन शेड। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रशासन द्वारा लक्ष्मण गंज में खुदाई में निकली बावड़ी को सुरक्षित करने के लिए टिनशेड डालने का कार्य पूरा कर लिया गया है। बावड़ी के खुले स्थान लोहे के जाल लगाने का कार्य भी कर लिया गया है। अब बावड़ी के आसपास तारकशी कराई जाएगी।

कुछ माह पहले प्रशासन ने लक्ष्मण गंज में जमीन में दबी बावड़ी को खुदाई कराई गई। बावड़ी की पहली मंजिल तक खुदाई पूरी करने के बाद ढांचा कमजोर होने पर खुदाई रोक दी गई। बावड़ी को सुरक्षित करने के उद्देश्य से टिनशेड डालने का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब बावड़ी के आसपास तारकशी कराई जाएगी। जिससे कोई भी बावड़ी तक नहीं पहुंच सके। साथ ही बावड़ी के खुले स्थान को लोहे के जाल से ढांक दिया गया है जिससेकिसी के गिरने से कोई घटना घटित न हो सके।

● **बावड़ी के खुले स्थान पर लोहे का जाल डाला गया**



बावड़ी पर डाला गया लोहे का जाल।

## घनी बस्ती में घुसा गुलदार, बछिया पर किया हमला

**स्योहारा, अमृत विचारः** सहसपुर कस्बे के हकीमपुरा मोहल्ले में गुलदार के घुस आने से हड़कंप मच गया। गुलदार ने मोहल्ले में रहने वाले ज़ैद पुत्र मेहताब की बछिया पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया।

मोहल्ला हकीमपुरा निवासी ज़ैद का घेर मुस्लिम फंड के पास स्थित है। उन्होंने बताया कि रात करीब दो बजे वह रोज़ की तरह अपने घेर पर होकर लौटे थे और तब सब कुछ सामान्य था। लेकिन सुबह जब वह फिर से घेर पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनकी बछिया गंभीर रूप से घायल पड़ी थी। उसकी गर्दन टूटी हुई थी और शरीर पर दांतों व पंजों के गहरे निशान मौजूद थे। सीसीटीवी फुटेज में करीब रात तीन बजे गुलदार को बस्ती के बीचोंबीच घूमते हुए देखा गया। यह इलाका घनी आबादी वाला है।

# गुंबद को हटाने पहुंचे एक्सपर्ट



मस्जिद के गुंबद पर पाड़ बांधते मजदूर। ● अमृत विचार

**चन्दौसी,अमृत विचारः** लक्ष्मण गंज में मस्जिद को ध्वस्त करने का कार्य तीसरे दिन भी जारी रहा। गुंबद हटाने के लिए संभल से आए एक्सपर्ट ने पाड़ बांधना आरंभ कर दिया। गुंबद हटने के बाद पूरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया जाएगा।

लक्ष्मण गंज में नगर पालिका की साढ़े छह बीघा भूमि पर एक मस्जिद व 34 मकानों का अवैध रूप से निर्माण कर लिया। नोटिस जारी होने के बाद मस्जिद कमेटी ने मस्जिद ध्वस्त करने के लिए मजदूर लगा दिए। कार्य धीमी गति से होने पर प्रशासन ने 3 दिन पहले जेसीबी से मस्जिद को ध्वस्त करने का कार्य आरंभ कर दिया। गुंबद को हटाने के लिए संभल से एक्सपर्ट बुलाए गए। सोमवार को एक्सपर्ट ने गुंबद पर पाड़ बनाने का कार्य आरंभ कर दिया। गुंबद हटाने के बाद शेष बची मस्जिद को भी ध्वस्त कर दिया जाएगा।

# परमाणु बम वाले देश को घर में घुसकर ठोक दिया



संभल में काव्य सम्मेलन के दौरान कविता पाठ करते कवि ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हरिहर सेना की ओर से आयोजित हुए अखिल भारतीय हरिहर कवि सम्मेलन में कवियों ने रचनाओं सेर मन मोह लिया।

प्रेम शंकर वाटिका में अखिल भारतीय हरिहर कवि सम्मेलन का आयोजन कैला देवी धाम के पीठाधीश्वर ऋषिराज गिरि के सानिध्य में हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, कार्यक्रम समन्वयक प्रिंस शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर कवि सम्मेलन आरंभ किया। हरिहर सेना के प्रदेश अध्यक्ष हृदेश यादव, प्रदेश महासचिव डॉ.वीरेश कुमार सिंह, समन्वयक प्रिंस शर्मा, हितेश मिश्रा, प्रियांशु वार्ष्णेय ने कवियों का स्वागत किया। मेरठ की कवयित्री डॉ.शुभम त्यागी ने सरस्वती वंदना की। कोटा के नरेश निर्भीक ने कहा-भारत पर होने वाला हर हमला हमने रोक दिया, परमाणु बम वाले देश को घर में घुसकर ठोक दिया। अंबेडकर नगर के अभय सिंह निर्भीक ने कहा-इस नापाक पड़ोसी के घर तोड़ के हम दीवार गए, पहलगाम का बदला लेने बेटे सीमा पार गए। मेरठ की डॉ.शुभम त्यागी ने कल्कि अवतार पर गीत की प्रस्तुति दी। नोएडा के अमित शर्मा ने कहा-युवा देश का जब जब रण में अपनी ताकत तौलेगा, चप्पा चप्पा इस भारत का वंदे मातरम बोलेगा। बहजोई के डॉ.सौरभ कांत शर्मा ने कहा-समय तराजू तौल रहा, इतिहास के पन्ने खोल रहा। फिरोजाबाद के विष्णु उपाध्याय ने भी रचना प्रस्तुत की। इस दौरान परमेश्वर लाल सैनी, जीतपाल यादव, अरविंद अरोड़ा, अजय कुमार शर्मा, महंत बाल योगी दीनानाथ, प्रतीक गुप्ता, अर्पित रस्तोगी, रश्मि रानी शर्मा, शालनी रस्तोगी, दिव्य गुप्ता एडवोकेट, आशुतोष शर्मा एडवोकेट, सुमन शुक्ला आदि रहे।

● **कवि सम्मेलन में कवियों ने रचनाएं प्रस्तुत कर मन मोहा**

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### रिटायर्ड राज्य कर्मियों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय वित्त विधेयक में पेंशनरों के प्रति किये गये प्रतिकूल प्रावधानों के विरोध में अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारियों के जरिये प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी, सह संयोजक क्षमा नाथ दुबे व सह-संयोजक (प्रचार) ओंकारनाथ तिवारी ने बताया कि ज्ञापन के जरिये रिटायर्ड कर्मियों ने अपना सख्त विरोध जताया।

### योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाएं: आनंदीबेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य करें। राज्यपाल ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा स्थित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर राज्यपाल ने गौतमबुद्धनगर पुलिस की कार्यप्रणाली में निर्धारित 15 श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों से शिक्षा, नवाचार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सजग भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समग्र विकास और संवेदनशील नागरिक निर्माण होना चाहिए।

### बिजली अभियंताओं के स्थानांतरण पर उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा निगमों में भारी पैमाने पर बिजली अभियंताओं के स्थानांतरण पर सवाल उठाए हैं। प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की है। समिति ने कहा कि गर्मी के मौसम में लड़खड़ाई बिजली आपूर्ति के दौरान तबादले अव्यवहारिक हैं। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर स्थानांतरण आदेश जारी कर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने बिजली व्यवस्था को पटरी से उतारने का कार्य किया है।

# आमजन की समस्याओं पर हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ में सरकारी आवास पर जनता दर्शन में सुनी लोगों की फरियाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए करीब 65 लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सरकार की पहली प्राथमिकता है। अधिकारियों को कहा कि, हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, शिक्षा, आवास, आंगनबाड़ी, कब्जा आदि से जुड़े मामले आए। प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। योगी ने ''जनता दर्शन'' में आए बच्चों को दुलारा और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। चॉकलेट, बिस्कुट और टॉफी देकर आशीर्वाद दिया।



जनता दर्शन में एक महिला की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मुख्यमंत्री योगी ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत माता के महान सपूत भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 23 जून 1953 को अखंड भारत के लिए अपना बलिदान दिया। वह महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्न दृष्टा थे। उन्होंने स्वतंत्र भारत में कैबिनेट मंत्री के रूप में देश को अपने विजनरी नेतृत्व से लाभान्वित करके बड़ी भूमिका निभाई थी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सिविल अस्पताल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में कही। योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने पंडित नेहरू के नेतृत्व की सरकार द्वारा राष्ट्रीय एकता और अखंडता के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को देखते हुए इस्तीफा दे दिया था।

## भदोही को दी विकास की सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीतामढ़ी के पास डेंगुरपुर में गंगा नदी पर ब्रिज को दी मंजूरी
- गोपीगंज-मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी स्वीकृत

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को भदोही में जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों की मांग पर विकास को लेकर कई सौगात दीं। उन्होंने सीतामढ़ी के पास डेंगुरपुर में गंगा नदी पर ब्रिज और गोपीगंज-मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी के निर्माण की मांग को तत्काल का स्वीकृति देने का एलान किया।

सीएम योगी ने कहा कि मुख्यालय पर ऑडिटोरियम पहले से स्वीकृत है, लेकिन इसे मल्टीपर्पज हॉल के रूप में प्रस्तावित किया गया है। जिला मुख्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पंचायतीराज विभाग से आउटसोर्सेज सफाईकर्मियों का स्टेट्स मांगा गया है। मुख्यालय से जुड़ने वाले मार्गों की कनेक्टिविटी को तेज करने, अच्छा बनाने और पहले से स्वीकृत मिनी स्टेडियम को आगे बढ़ा सकें, इसके लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

योगी ने कहा कि कॉरपेट उद्योग आज से 10 वर्ष पहले बहुत खराब स्थिति में था, लेकिन पीएम मोदी की प्रेरणा से यहां के हस्तशिल्पियों को जो प्रोत्साहन दिया गया। उसका परिणाम है कि यहां के कॉरपेट उद्योग के कारण देश में एक्सपोर्ट में 60 फीसदी योगदान यूपी का है। यूपी में जो एक्सपोर्ट हो रहा है, उसमें 60 फीसदी से अधिक शेयर अकेले भदोही का है। मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। कहा कि आने वाले समय में भदोही में पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज स्थापित होगा।

## पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ सुनवाई पूरी, फैसला 5 जुलाई को

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** वर्ष 1996 के विधानसभा चुनाव के दौरान बैलेट पेपर गायब होने के 29 साल पुराने बहुचर्चित मामले में नामजद आरोपी पूर्व विधायक सफदर रजा की ओर से सोमवार को अंतिम बहस पूरी कर ली गई। विशेष कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने बहस सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखते हुए पांच जुलाई की तिथि नियत की है।

यह मामला 6 अक्टूबर 1996 को पीपरपुर थाना क्षेत्र के देहली मुबारकपुर स्थित मतदान केंद्र पर बैलेट पेपर गायब होने से जुड़ा है। इस मामले में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विमल चंद्र श्रीवास्तव की ओर से तहरीर दी गई थी, जिस पर पूर्व विधायक सफदर रजा, तत्कालीन सपा जिलाध्यक्ष कमरुज्जमा फौजी (अब दिवंगत), ग्राम प्रधान के पति सहित 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। विवेचना में सफदर रजा के साथ अबाद उल्ला व अबरार अहमद को भी आरोपी बनाया गया।

# तीन चरणों में लागू होगी जीसीएम प्रणाली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नगर विकास विभाग की पहल तीन स्तर पर होगी समीक्षा

**अमृत विचार:** प्रदेश में तीन चरणों में जीसीएम प्रणाली लागू होगी। शहरों को 'ग्रीन रैंकिंग' मिलेगी। नगर विकास विभाग की हरित पहल के तहत जीसीएम प्रणाली के लिए तीन स्तरीय समीक्षा होगी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार नगर विकास विभाग ने शहरी हरित नीति के तहत एक महत्वाकांक्षी पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत प्रदेश के शहरों में ग्रीन कवर की निगरानी के लिए ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग (जीसीएम) प्रणाली विकसित की जाएगी। नगर विकास विभाग जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर और पर्यावरण संरक्षण के लिए किये गये कार्यों के आधार पर तीन स्तरीय समीक्षा करेगा। ये प्रक्रिया पूरे प्रदेश में तीन चरणों में पूरी होगी। वर्ष 2025 से शुरू होकर 2030 तक पूरे प्रदेश में यह प्रणाली लागू की जाएगी। जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर की तीन स्तरों निकाय स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा की जाएगी। निकाय स्तर पर नगर आयुक्त या जिला अधिकारी जिला पर्यावरण समिति का गठन कर हरित कार्यों की त्रैमासिक और वार्षिक रिपोर्ट स्टेट पोर्टल पर अपलोड करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति और एक समर्पित निगरानी टीम समीक्षा का कार्य करेगी। तीसरे स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थान थर्ड पार्टी निरीक्षण के माध्यम से शहरों के कार्यों का सत्यापन किया जाएगा। यह निगरानी भू-संदर्भित उपकरणों, मोबाइल एप्लिकेशन, उपग्रहीय आंकड़ों और वनस्पति सूचकांक के उपयोग से होगी।

### सरकारी अस्पतालों में स्टाफ नर्स होंगी नर्सिंग अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स को अब नर्सिंग अधिकारी एवं नर्सिंग सिस्टर, नर्सिंग वार्ड मास्टर को सीनियर नर्सिंग अधिकारी के नाम से संबोधित किया जाएगा। यह नाम परिवर्तन केंद्र सरकार की समरूपता के परिप्रेक्ष्य में किया गया है। उप मुख्यमंत्री बताया कि राजकीय नर्सेज संघ द्वारा इस संबंध में पूर्व में ज्ञापन दिया गया था, जिस पर निर्णय लिया गया है।

### श्रम विभाग ने निवेश मित्र पोर्टल पर निपटाई शिकायतें

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार निवेशकों और उद्यमियों को अनुकूल वातावरण देने के साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। श्रम विभाग ने 'निवेश मित्र पोर्टल' पर दर्ज 99 फीसदी शिकायतें निस्तारण की है, जबकि आईजीआरएस पर दर्ज सभी शिकायतों का निस्तारण हुआ है। 89 .60 प्रतिशत यूजर्स ने सेवाओं को संतोषजनक भी बताया है।

# बबीना विधायक और मथुरा की पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा ने दोनों के कृत्य को अनुशासनहीनता माना
- विधायक समर्थकों ने ट्रेन में की थी यात्री की पिटाई
- मधु शर्मा ने हेमा मालिनी पर की थी तल्ख टिप्पणी

**अमृत विचार:** भाजपा के झांसी के बबीना क्षेत्र से विधायक राजीव सिंह पारीछा और मथुरा की पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा को अलग-अलग मामलों में पार्टी की ओर से अनुशासनहीनता के आरोप में नोटिस देकर 7 दिन में जवाब मांगा गया है। विधायक से झांसी से भोपाल जा रही वंदे भारत ट्रेन में एक यात्री की उनके समर्थकों द्वारा जमकर पिटाई करने के मामले में उनके कृत्य से नाराजगी जताई गई है। जबकि मधु शर्मा ने वृंदावन कॉरिडोर को लेकर सांसद हेमा मालिनी पर अपमानजनक तल्ख टिप्पणी की थी।

भाजपा के बबीना क्षेत्र से विधायक राजीव सिंह पारीछा का मामला तीन दिन पुराना है। दिल्ली से भोपाल जा रही वंदे भारत भारत एक्सप्रेस के एक्जीक्यूटिव कोच में भोपाल निवासी यात्री राज प्रकाश पर सीट को लेकर उनके समर्थकों ने हमला कर दिया था। तब विधायक अपने परिवार के साथ झांसी से सवार हुए थे। मामले में विधायक की ओर से यात्री के खिलाफ उनसे व परिवार से दुर्व्यवहार की शिकायत जीआरपी में की गई थी, जबकि लहूलुहान यात्री की पिटाई करते कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इससे भाजपा की जमकर किरकिरी हुई। यात्री ने भोपाल पहुंचकर एफआईआर भी दर्ज कराई थी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए लिखा है कि विधायक के आचरण से पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जो अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। चेतावनी दी गई है कि 7 दिन में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर पार्टी की ओर से कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। दूसरा मामला मथुरा की पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा का है। वह बांके बिहारी कॉरिडोर और न्यास के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन में 18 जून को शामिल होकर गोस्वामी समाज की महिलाओं के साथ खून से सीएम और पीएम पत्र लिखने में शामिल थीं। सांसद हेमा मालिनी पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि धिक्कार है ऐसी सांसद पर जो महिला सांसद होते हुए महिलाएं खून से पत्र लिख रहीं हैं। एक बार भी वह यहां ख़ुद नहीं आईं। उन्हें ख़ुद यहां आकर बैठना चाहिए था, समस्या का समाधान हो जाएगा। उनके बयान को गंभीरता से लेते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी है कि 7 दिन में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने की प्रोफेसर रविकांत से मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश अध्यक्ष ने सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यरत आंबेडकरवादी प्रोफेसर रविकांत से मुलाकात की। प्रोफेसर को प्रताड़ित किये जाने के मामले में न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रोफेसर रविकांत के आवास पर मिलकर इस प्रकरण पर उनसे बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर कानूनी लड़ाई के साथ-साथ प्रशासन का घेराव भी किया जाएगा। मालूम हो कि उन्हें प्रताड़ित करने के क्रम में तीन साल पुराने मुकदमे में अभियोग पंजीकृत करने के लिए स्वीकृत दी गई है, जबकि उन पर जो आरोप लगाए गए थे, उसे जांच कमेटी ने निराधार पाया था।

# 88 उपनिबंधकों व 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्टांप पंजीयन मंत्री ने खुद मुख्यमंत्री से की थी गड़बड़ी की शिकायत
- प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार:** स्टांप तथा पंजीयन विभाग में बीते दिनों हुए उपनिबंधकों तथा कनिष्ठ सहायकों के सभी स्थानांतरण निरस्त कर दिए गए हैं। इस संबंध में प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता ने आदेश जारी कर दिया है। ये जानकारी सोमवार को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने साझा की।

उन्होंने विभाग में 59 कार्यरत तथा 29 नव-प्रोन्नत उप-निबंधकों तथा 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण में अनियमितता की शिकायत पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से की थी।

प्रकरण का गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने सभी स्थानांतरण तत्काल स्थगित करने और मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। यहां तक कि आईजी निबंधन समीर वर्मा को पद से हटाकर शासन ने प्रतीक्षारत कर दिया है। इस पूरे मामले में स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने सीधा मोर्चा खोल दिया था। हाल ही में उन्होंने बताया था कि बाबू स्तर के कर्मचारियों को सब रजिस्ट्रार बनाया गया। मेरिट पर तबादला नहीं किए गए जिसमें भ्रष्टाचार की आशंका है। मंत्री ने स्पष्ट कहा था कि आयुक्त स्तर पर यह गड़बड़ की गई है, जिसकी जांच होगी।

### क्या था प्रकरण

महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा 13 जून को तीन अलग-अलग पत्रों के माध्यम से 58 उपनिबंधकों, एक अन्य उपनिबंधक तथा 29 नव-प्रोन्नत उपनिबंधकों के तबादले व तैनाती आदेश जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त, 14 जून को जारी एक अन्य आदेश के तहत 114 कनिष्ठ सहायक (लिपिक) का स्थानांतरण किया गया था, हालांकि, तबादलों में व्यापक अनियमितता और रिश्वत के आरोप सामने आने के बाद शासन ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है।

### कई अधिकारियों, कर्मियों की भूमिका संदिग्ध

सूत्रों की मानें तो इस पूरे घटनाक्रम में विभाग के दो अपर महानिरीक्षक (एआईजी) सहित करीब आधा दर्जन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। मामले की उच्च स्तरीय जांच संभव है। शासन स्तर से स्पष्ट कर दिया गया है कि जब तक पूरी प्रक्रिया की जांच नहीं हो जाती, तब तक किसी भी स्थानांतरण आदेश को लागू नहीं किया जाएगा।

## धर्म दर्शन

### कृष्ण काली: समय और अनंत काल का दिव्य नृत्य

वेदान्तिक ज्ञान के रहस्यमय आवरण में, दो विरोधाभासी शक्तियां एक पारलौकिक सत्य के रूप में उभरती हैं: कृष्ण, दिव्य प्रेम के मोहक बांसुरीधारी, और काली, समय और परिवर्तन की उग्र देवी। यह गहन एकता केवल उन्हीं के लिए प्रकट होती है जो द्वैत के आवरण को भेदते हैं और सृजन और विघटन के शाश्वत नृत्य की झलक देखते हैं।


कृष्ण काली, देवत्व, पुरुष और प्रकृति के पुरुषत्व और स्त्रीत्व के परम संश्लेषण को उनकी सबसे उदात्त अभिव्यक्ति में दर्शाती हैं। कृष्ण शाश्वत साक्षी, अपरिवर्तनीय चेतना का प्रतीक हैं जो समय से परे रहते हैं, जबकि काली समय की गतिशील शक्ति के रूप में प्रकट होती हैं। वह शक्ति जो ब्रह्मांडीय चक्र में सृजन और विनाश दोनों करती हैं। साथ में, वे प्रकट करते हैं कि प्रेम और समय अलग-अलग शक्तियां नहीं हैं, बल्कि एक ही दिव्य वास्तविकता के जुड़वां पहलू हैं।



शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

भगवद गीता में कृष्ण के बारे में कहा गया है कि, "मैं काल हूं, संसार का संहारक और निर्माता" (कालोऽस्मि लोकक्षयकृत प्रवृद्धो),

जो काली के व्यक्तित्व के साथ अपनी पहचान को प्रकट करता है। यह केवल दार्शनिक अमूर्तता नहीं है, बल्कि एक जीवंत सत्य है कि सर्वोच्च प्रिय और भयानक मां एक ही चेतना हैं, जो अस्तित्व की भूलभुलैया के माध्यम से आत्माओं का मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न रूपों में प्रकट होती हैं।



हृदय के गुप्त कक्षों में, भक्तों ने लंबे समय से यह पहचान लिया है कि कृष्ण की दिव्य लीला और काली का ब्रह्मांडीय नृत्य अविभाज्य हैं। मिट्टी के बर्तनों से मक्खन चुराने वाला गोविंदा वही शक्ति है जो अहंकार की आसक्तियों को चुरा लेती है। अपने भक्तों को अपनी बांसुरी की मधुर धुन से बुलाने वाला प्रेमी ग्वाला, विवेक की तलवार से भ्रम को काटने वाली उग्र माता के समान है।

यह दिव्य एकता रहस्यवादी के अनुभव में इस मान्यता के रूप में प्रकट होती है कि प्रेम के प्रति समर्पण और काल के अटल प्रवाह के प्रति समर्पण एक ही समर्पण हैं।


जो भक्त कृष्ण के प्रेम में खुद को खो देता है, वह पाता है कि उसे काली की परिवर्तनकारी शक्ति ने गले लगा लिया है। जो साधक काली की भयानक दया के आगे झुकता है, वह खुद को कृष्ण के शाश्वत आनंद में नाचता हुआ पाता है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी-18 .59 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-रोहिणी 12 .54 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** - आज शेयर मार्केट और बैंकिंग से जुड़े लोगों को उत्तम लाभ प्राप्त होगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक संपर्कों का आप लाभ उठा पायेंगे। संतान के व्यवहार से आप अति प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे।

**वृष** - आज आप लोगों की काफी सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। व्यापार में आप काफी व्यस्त रहेंगे। बुजुर्ग लोगों से आपको काफी अच्छा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** - आज दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। आज उधार देने से आपका धन फंस सकता है।

**कर्क** - आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी।

**सिंह** - आज प्रतियोगी परीक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग के लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का वातावरण अत्यंत शांत रहेगा।

**कन्या** - आज आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। जिसके कारण थोड़ा तनाव रहेगा। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई बड़ा निर्णय लेना उचित नहीं होगा। अपने मन की आवाज को सुनें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखना पड़ेगा।

**तुला** - आज व्यस्तता के बावजूद आपको परिवार को समय अवश्य देना चाहिए। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें। नौकरी में स्थान परिवर्तन का विचार बना सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है। आपके मान-सम्मान में कुछ कमी आ सकती है।

**वृश्चिक** - आज व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। यदि आपके ऊपर काम का दबाव है तो उसे दूसरों में बांट दें। आज आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को धोखा मिलने की संभावना है।

**धनु** - आज साझेदारी वाले कारोबार में पारदर्शिता रखें। संतान की तरक्की से आप उत्साहित रहेंगे। दिनचर्या कुछ अस्त-व्यस्त हो सकती है। अत्यधिक भावुकता और दयालु व्यवहार का लोग लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। दूसरों पर अधिक विश्वास न करें।

**मकर** - आज पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाकात होगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। आपकी मन :स्थिति थोड़ी विचलित हो सकती है।

**कुंभ** - आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया प्रयास कर सकते हैं।

**मीन** - आज कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। साहित्य और संगीत में आप रुचि लेंगे। लंबी यात्रा पर जाने का विचार बनायेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।


## वर्ग पहेली-11

**बाएं से दाएं**

1. पानी उलीचने या डालने के लिए एक कृषि उपकरण; हाथा।
4. 1. गली, कूचा 2. सड़कों पर वाहनों के सुचारु यातायात
5. संन्यासी या अतिथि के लिए निकाला हुआ भोजन।
8. 1. मचना या फैलना 2. उठना।
9. 1. भुरकने की क्रिया या भाव 2. कुल्हड़, कूजा 3. मिट्टी की दवात 4. मिट्टी का प्याला, कसोरा 5. चूर्ण, बुकनी।
11. 1. विलक्षण; अद्भुत 2. श्रेष्ठ 3. अजीबोगरीब।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्रित जनसमूह, भीड़।
2. 1. जिसके बारे में जानकारी न हो, अपरिचित 2. जिसे जानकारी न हो, अनभिज्ञ 3. निश्छल, भोला
3. कुआं बनाने या कुआं खोदने वाला आदमी।
6. 1. श्रेणी, वर्ग, दरजा 2. विभाग, खंड 3. गिरोह, समूह।
7. 1. आगे की ओर फिसलना, सरकना 2. ऊपर से नीचे की ओर फिसलते हुए आना।
10. 1. समुद्र का कोई विशेष खंड 2. ताल, झील 3. क्रिकेट खेल में बल्लेबाज़ के द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना।



### वर्ग पहेली -10 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 त | ■ | 2 अ | ■ | 3 ची | नी |
| 4 त | रं | ग | व | ती | ■ | ■ |
| ■ | गी | ■ | ले | ■ | ■ | 5 उ |
| 6 छु | ■ | 7 उ | ख | म | ■ | त |
| 8 आ | कं | प | न | ■ | 9 दू | र |
| छू | ■ | वे | ■ | ■ | ■ | वा |
| त | ■ | 10 द | ल | म | ल | ना |

## सुडोकू -18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 2 | | 9 | 4 | 1 | | |
| | | 3 | | 8 | | | | 5 |
| | | 9 | 6 | | 7 | | | |
| 3 | | | | 6 | | 7 | | 9 |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| 8 | | 6 | | 5 | | | | 2 |
| | | | 3 | | 8 | 5 | | |
| 5 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | 9 | 1 | | 8 | 6 | |

### सुडोकू - 17 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 |

# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सहमा बाजार

## आईटी, प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स में 511 तो निफ्टी में 140 अंक की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी बमबारी के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 140 अंक से अधिक का नुकसान रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में अमेरिकी दखल ने पश्चिम एशिया को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का सेंसेक्स उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के



कारोबार के दौरान सेंसेक्स में आई थी 931.41 अंक की गिरावट

दौरान सेंसेक्स एक समय 931.41 अंक यानी 1.13 प्रतिशत गिरकर 81,476.76 अंक पर आ गया था लेकिन बाद में इसने अपने कुछ नुकसान की भरपाई की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त में रहे।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी दस्तक ने तनाव बढ़ा दिया है, जिससे घबराए निवेशकों ने शुरुआती घंटे में जमकर बिकवाली की। अगर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हमारा आयात बिल बढ़ेगा और स्थानीय मुद्रा में तेज गिरावट आएगी। इससे महंगाई बढ़ने का भी जोखिम होगा। हालांकि, तापसे ने कहा कि चार सत्रों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की लिवाली करने से अनिश्चितता के दौर में भारत की मजबूत बुनियाद का पता चलता है।

प. एशिया में संकट गहराने के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत बढ़कर 77.39 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों- फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी की है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाले कच्चे तेल कारोबार पर अनिश्चितता बनी है। हालांकि, व्यापक बाजार में तेजी का माहौल रहा।

### स्मॉलकैप और मिडकैप में रही बढ़त, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल

बीएसई का स्मॉलकैप में 0.57 और मिडकैप में 0.20 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई में सूचीबद्ध 2,204 कंपनियों के शेयर गिरावट पर रहे जबकि 1,854 शेयरों में तेजी रही और 182 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, शुक्रवार को प. एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद में बाजार में तेजी आई थी, लेकिन सप्ताहांत में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अप्रत्याशित अमेरिकी हवाई हमले ने उन उम्मीदों को तोड़ दिया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में रहा। शुरुआती झटके के बावजूद, पूंजीगत वस्तुओं और धातु शेयरों में बढ़त से बाजार ने अपने नुकसान की कुछ भरपाई की, क्योंकि तेल आपूर्ति में तत्काल किसी व्यवधान की आशंका कम रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 7,940.70 करोड़ मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी।

# डेरिवेटिव : निवेश का संतुलित दृष्टिकोण



डेरिवेटिव वित्तीय बाजार का जटिल लेकिन महत्वपूर्ण साधन है, जिसकी कीमत किसी अन्य संपत्ति जैसे शेयर, बॉण्ड, कमोडिटी, करेंसी या सूचकांक पर आधारित होती है। यह अनुबंध है, जो दो पक्षों के बीच भविष्य में किसी निश्चित तिथि पर, किसी निश्चित कीमत पर उस संपत्ति को खरीदने या बेचने के लिए किया जाता है। निवेशक डेरिवेटिव का उपयोग हेजिंग (जोखिम कम करने), सट्टा, और पोर्टफोलियो विविधता के लिए करते हैं। हालांकि इसमें अधिक लाभ की संभावना होती है, लेकिन अत्यधिक जोखिम भी है।

### क्या है डेरिवेटिव

- डेरिवेटिव वित्तीय अनुबंध है, जिसकी कीमत किसी वास्तविक संपत्ति पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए, यदि किसी स्टॉक का डेरिवेटिव खरीदा गया है, तो उसका मूल्य उस स्टॉक की कीमत में हुए उतार-चढ़ाव पर निर्भर करेगा। यह मुख्यत: चार प्रकार के होते हैं : फॉरवर्ड, फ्यूचर्स, ऑप्शंस, स्वैप्स।

### निवेशकों को संभावित लाभ

- **जोखिम प्रबंधन :** डेरिवेटिव का उपयोग जोखिम को हेज करने में किया जा सकता है।
- कम पूंजी में उच्च लाभ : निवेशक कम पूंजी में बड़ा सौदा कर सकते हैं।
- पोर्टफोलियो विविधता : इससे विभिन्न बाजारों में निवेश करना आसान होता है।
- लिक्विडिटी : प्रमुख डेरिवेटिव्स एक्सचेंज में आसानी से खरीदे-बेचे जा सकते हैं।

### संभावित जोखिम

- **उच्च अस्थिरता :** मूल्य तेजी से ऊपर-नीचे होते हैं।
- **उत्तोलन का खतरा :** मूल्य में बदलाव हानिकारक।
- **समझ की जटिलता :** आम निवेशकों के लिए कठिन और तकनीकी होते हैं
- **क्लियरिंग रिस्क :** ओवर-द-काउंटर डेरिवेटिव्स में पक्षों के बीच भरोसे का खतरा।

### उपयोगी उपकरण

डेरिवेटिव्स पेशेवर निवेशकों और संस्थागत प्रतिभागियों के लिए उपयोगी उपकरण हैं, परंतु आम निवेशक को पूरी जानकारी और मार्गदर्शन लेना चाहिए। बिना रणनीति निवेश हानि दे सकता है।

# वहनीयता अब नारा नहीं, जरूरत है: मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि वहनीयता (किसी वस्तु या सेवा को खरीदने या उपयोग करने की क्षमता) अब एक नारा नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजधानी में 'इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' के 12वें राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह 2025 में राष्ट्रपति ने यह बात कही।

जलवायु परिवर्तन के संकट का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि वहनीयता अब एक नारा नहीं रह गया है, बल्कि यह एक आवश्यकता बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय वह नहीं है कि कॉरपोरेट संगठन केवल लाभ कमाने के उद्देश्य से काम करें बल्कि अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। मुर्मू ने कहा कि इसमें आप (लागत लेखाकार) अपने कौशल से ग्रह के भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि लेखांकन



आईसीएमएआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

और जवाबदेही का संबंध गहरा है। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों से प्रौद्योगिकी, नवाचार और तत्परता अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को 30000 अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सफर में लागत और प्रबंधन लेखाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# बॉण्ड के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाएगा एनटीपीसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी घरेलू बाजार में निजी आवंटन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) यानी बॉण्ड जारी कर 18,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगेगी। सरकारी स्वामित्व वाली एनटीपीसी ने सोमवार को पोस्टल बैलट नोटिस जारी कर इलेक्ट्रॉनिक मतदान के जरिये विशेष प्रस्ताव पर सदस्यों की मंजूरी मांगी। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक, एनटीपीसी 18,000 करोड़ के एनसीडी यानी बॉण्ड जारी करके कोष जुटाने के लिए यह प्रस्ताव ला रही है। यह राशि विशेष प्रस्ताव पारित होने की तारीख से एक वर्ष पूरा होने तक की अवधि में घरेलू बाजार में निजी आवंटन के माध्यम से एक या अधिकतम 12 किस्तों में जुटाई जाएगी। कंपनी के निदेशक मंडल ने 21 जून को बॉण्ड के लिए शेयरधारकों की मंजूरी के संबंध में डाक मतपत्र के मसौदा नोटिस पर विचार किया और उसे मंजूरी दी।

# ईरान भेजा 1 लाख टन चावल बंदरगाहों पर अटका

नई दिल्ली, एजेंसी

इजरायल-ईरान संघर्ष से ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी।

संघ के अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा कि ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल फिलहाल बंदरगाहों पर फंसा है। भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 18-20 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोयल ने बताया कि निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी है, जहां प. एशिया संघर्ष से ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं

**पश्चिम एशिया संघर्ष**



भारत के कुल चावल निर्यात में ईरान की 18-20% की हिस्सेदारी

और न बीमा। अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष, आमतौर पर मानक शिपिंग बीमा पॉलिसियों के तहत कवर नहीं होते हैं, जिससे निर्यातक अपनी खेप भेजने में असमर्थ हैं। निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता गंभीर वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतें पहले ही चार-पांच रुपये प्रति किलो तक गिर चुकी हैं। इस मुद्दे पर संघ, कृषि-निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा के संपर्क में है। संकट पर चर्चा के लिए 30 जून को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक निर्धारित है। सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल बाजार है। भारत ने मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ईरान को 10 लाख टन सुगंधित अनाज का निर्यात किया। भारत ने 2024-25 के दौरान 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी मांग पश्चिम एशियाई बाजारों से प्रेरित थी।



## एक नजर

### बम विस्फोट में लड़की की मौत, कार्रवाई के निर्देश

**कोलकाता।** प. बंगाल के नदिया जिले के कालीगंज में सोमवार को बम विस्फोट में एक लड़की की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस को दोषियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। यह घटना कालीगंज विधानसभा सीट के उपचुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हुई। एक अधिकारी ने बताया कि अख्तर शेख नामक व्यक्ति को बम विस्फोट में लड़की की मौत में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। लड़की 13 वर्षीय तमन्ना खातून थी, तथा उसे बम के छर्रे लगे थे।

### 4,536 कारतूस बरामद छह लोग गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस ने कैमूर और नालंदा जिलों में छापेमारी के बाद दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 4,536 कारतूस बरामद किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपियों में कुमार अभिजीत, शत्रुघ्न कुमार, विशाल कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद है, जबकि दो महिलाओं का नाम नहीं बताया गया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के कानपुर से अवैध रूप से कारतूस खरीदकर बिहार के काला बाजार में बेचने वाले गिरोह का हिस्सा हैं।

### ऐश्वर्या गौड़ा धोखाधड़ी में चार करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने सोमवार को कहा कि उसने कर्नाटक निवासी ऐश्वर्या गौड़ा के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत चार करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। वहीं इस मामले में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के भाई सुरेश बेंगलुरु में संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश हुए और इस मामले में अपना बयान दर्ज कराया।

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- आतंक के खिलाफ भारत ने सभी उद्देश्य कर लिए हासिल

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी उद्देश्य हासिल कर लिए और आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में सफल रहा। वह राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के दूसरे साल में उनके द्वारा दिए गए 51 भाषणों का एक संग्रह जारी किया। सिंह ने मुर्मू की सराहना की और कहा कि वह इस पुस्तक - 'विंग्स टू आवर होप्स, वॉल्यूम 2' को भारत के भविष्य की पटकथा लिखने



राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह साथ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन। एजेंसी

वाला दस्तावेज मानते हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह किताब पिछले खंड की तरह ही शासन, समावेशिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर विकसित हो रहे विमर्श को प्रस्तुत करती है।

सिंह ने अपने संबोधन में पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में मई में भारत की ओर से शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी लक्ष्य हासिल कर लिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में भी सफल रहा।

### राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान दिए 51 भाषणों के संग्रह का सोमवार को विमोचन किया। सिंह ने कहा कि यह विकसित भारत के दृष्टिकोण का कर्म ग्रंथ बनेगा। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंह ने अंग्रेजी में 'विंग्स टू आवर होप्स-वॉल्यूम-2' और हिंदी में 'आशाओं की उड़ान-खंड-2' नाम से प्रकाशित पुस्तक और इसके ई-संस्करण का विमोचन किया। राष्ट्रपति के भाषणों को राष्ट्रपति भवन ने संकलित और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित किया है। कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन भी मौजूद थे। रक्षामंत्री ने कहा, यह पुस्तक 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन बनेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा रविवार को बताया गया था कि ये पुस्तक राष्ट्रपति के 51 भाषणों का संग्रह है, जो महामहिम के कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं की झलक प्रदान करता है।

# प्रधानमंत्री मोदी का बहुआयामी व्यक्तित्व वैश्विक मंच के लिए अहम पूंजी: थरूर

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक अहम पूंजी है, लेकिन इसे सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है व पार्टी नेतृत्व से उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है।

प्रधानमंत्री के लिए थरूर की प्रशंसा ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है और आरोप लगा रही है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और देश विश्व स्तर पर अलग-थलग पड़ा है। थरूर ने एक लेख में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिका और चार अन्य देशों में गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थरूर ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था।

### थरूर ने राहुल गांधी को किया बेनकाब: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करने को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है। थरूर की टिप्पणियों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर कहा, थरूर ने स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री का बहुआयामी व्यक्तित्व और वैश्विक पहुंच भारत के लिए रणनीतिक रूप से लाभकारी है। थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है।

# पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए को दो आरोपियों की पांच दिन की हिरासत मिली

जम्मू, एजेंसी

- आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का किया खुलासा

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में गिरफ्तार दो आरोपियों को यहां की अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पर हमले में पाकिस्तानी आतंकियों को पनाह देने का आरोप है।

एनआईए ने रविवार को पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। यह जांच में पहली बड़ी सफलता थी। एनआईए के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी थे। दोनों को जम्मू के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश रितेश दुबे की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। परवेज व बशीर ने हमले से पहले तीन आतंकियों को हिल पार्क स्थित झोपड़ी में पनाह दी थी।

# पंजाब, गुजरात में आप ने दो व यूडीएफ ने केरल में सीट जीती

**नई दिल्ली।** चार राज्यों में हुए विस उपचुनावों में सोमवार को आप के गोपाल इटालिया ने गुजरात की विसावदर सीट पर जीत दर्ज की। आप ने पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट भी बरकरार रखी, जबकि केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने एलडीएफ से नीलांबुर सीट छीन ली। वहीं, गुजरात में भाजपा ने कडी सीट बरकरार रखी, जबकि टीएमसी प. बंगाल के नादिया की कालीगंज सीट जीतने में सफल रही। इन पांचों निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के तहत मतदान 19 जून को हुआ था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, आप की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष इटालिया ने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा उम्मीदवार किरीट पटेल को 17,554 मतों के अंतर से हराया। राज्य में पूर्ण प्रभुत्व रखने के बावजूद, भाजपा 2007 से विसावदर सीट नहीं जीत पाई है।

### सोलंग की वादियां



हिमाचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली में स्थित सोलंग नाला में पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। बर्फ से ढकी पहाड़ियां, साहसिक खेलों और प्राकृतिक सौंदर्य का एक अलग ही दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है। एजेंसी

# प्रधानमंत्री ने की पीएमएमएल सोसाइटी की वार्षिक बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तीन मूर्ति भवन में हुई।

सरकार ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएमएमएल सोसाइटी का पुनर्गठन किया था, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शेखर कपूर को भी जगह दी गई है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष के





रूप में पीएमएमएल के प्रमुख निर्णय लेने वाले निकाय का नेतृत्व करते हैं जबकि रक्षा मंत्री इसके उपाध्यक्ष होते हैं। सिंह के अलावा बैठक में स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, गजेंद्र सिंह शेखावत और अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। संस्कृति मंत्रालय के 13 जनवरी के आदेश के अनुसार, प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेन्द्र मिश्रा को संगठन के अध्यक्ष के रूप में पांच वर्ष का एक और कार्यकाल मिला है। प्रतिष्ठित संस्थान की सोसाइटी में कई नए लोग शामिल हुए हैं, जिनमें स्मृति ईरानी, कपूर, नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सैयद अता हसनैन और संस्कार भारती के वासुदेव कामथ शामिल हैं।पीए मएमएल तीन मूर्ति भवन में स्थित है, जहां पर प्रधानमंत्री संग्रहालय भी अवस्थित है। एअर इंडिया के पूर्व सीएमडी और रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अश्विनी लोहानी को हाल ही में पीएमएमएल का निदेशक नियुक्त किया गया।

### नारायण-गांधी के वार्ता के शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच वार्तालाप के शताब्दी समारोह का मंगलवार को आरंभ करेंगे। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। यह ऐतिहासिक वार्तालाप 12 मार्च, 1925 को महात्मा गांधी की यात्रा के दौरान शिवगिरी मठ में हुआ था, जो वैकोम सत्याग्रह, धर्मांतरण, अहिंसा, अस्पृश्यता उन्मूलन, मोक्ष प्राप्ति, दलितों के उत्थान आदि विषयों पर केंद्रित था। वैकोम सत्याग्रह केरल में अस्पृश्यता के विरुद्ध एक अहिंसक आंदोलन था जो 1924 में शुरू हुआ था और एक वर्ष से अधिक समय तक चला था।

# हिमाचल के सिरमौर में 24 छात्राओं के यौन उत्पीड़न में शिक्षक गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को 24 छात्राओं ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। शिकायत को स्कूल की यौन उत्पीड़न रोधी समिति को भेज दिया गया था। शनिवार को छात्राओं के अभिभावकों को बैठक के लिए बुलाया गया और पाया गया कि उनमें से अधिकतर को अपनी बच्ची के उत्पीड़न के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस ने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पहलगाम हमले के बाद बैठकों में मोदी क्यों नहीं हुए शामिल: खरगे

रायचूर (कर्नाटक), एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं मोदी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं, तो जनता इसे सहन नहीं करेगी। उन्होंने सवाल भी किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तो प्रधानमंत्री उसमें उपस्थित क्यों नहीं हुए?

खरगे ने आरोप लगाया कि जहां पूरे देश और सशस्त्र बलों ने देश की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम किया, वहीं कुछ लोगों ने व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश की। खरगे ने किसी का नाम लिए बिना कहा, अगर उन्होंने कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में सेना में काम किया होता, तो हमने अच्छा काम करने और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना की होती, लेकिन ऐसा नहीं है। खरगे मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, कांग्रेस नेताओं के साथ रायचूर में थे, जहां उन्होंने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और रायचूर विश्वविद्यालय के नामकरण समारोह की अध्यक्षता की।

# मैंने चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया: ओली पोप



लीड्स, एजेंसी

इंग्लैंड की पहली पारी में शानदार शतक लगाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि पिछले साल भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेली गई टेस्ट शृंखला में असफल रहने के बाद टीम में उनकी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान न देने से उन्हें वापसी करने में मदद मिली।

इंग्लैंड के उप कप्तान पोप ने पिछले साल भारत के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 196 रन बना कर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और भारतीय स्पिनर ने उनकी कमजोरी का खुलासा करने में देर नहीं लगाई। वह अगले चार मैच में केवल 40 रन बना पाए जिससे टीम में उनकी जगह को लेकर चर्चा होने लगी थी। भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट मैच में 106 रन बनाने वाले पोप ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा मैंने कोशिश की है कि इन चर्चाओं का मुझ पर ज्यादा असर न पड़े। उन्होंने कहा मैं बस यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा हूं कि मेरा खेल यथासंभव बेहतर स्थिति में रहे और जब मैं बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरूं तो मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूं। पोप ने अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की कोशिश की है, जिससे उन्हें अपने पहले 30 रन तक पहुंचने के लिए बहुत अधिक दबाव महसूस नहीं होता और फिर वह बड़ी पारी खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं। उन्होंने कहा यह अपने खेल को थोड़ा बेहतर बनाने का प्रयास है। यह प्रक्रिया से जुड़ा है जिसका मैं पूरा आनंद लेकर आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं रन बनाने के लिए किसी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहता हूं। मेरा प्रयास रहता है कि मेरा डिफेंस यथासंभव अच्छा रहे।

- **इंग्लैंड की पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पिछले साल असफल होने पर थे चर्चा में**

> मैंने बाहर हो रही चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया और खुद को मानसिक रूप से मजबूत करने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया
>
> **–ओली पोप**, उप कप्तान, इंग्लैंड

# लोगों को कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा

लीड्स, एजेंसी

- **जसप्रीत बुमराह ने आलोचकों की बोलती बंद की**
- **आत्मविश्वास से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा किया**

जसप्रीत बुमराह के आलोचकों को लगता था कि अपने अजीबोगरीब गेंदबाजी एक्शन के कारण वह आठ से दस महीने के अंदर अर्श से फर्श पर आ जाएंगे। लेकिन यह उनका आत्मविश्वास ही था जिससे यह भारतीय के गेंदबाज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा करने में सफल रहा। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 83 रन देकर पांच विकेट लिए। टेस्ट मैचों में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने के बाद उन्होंने अपनी सफलता का राज बताया।

बुमराह से पूछा गया कि चोटिल होने के बाद हर बार उन्हें चुका हुआ मान लिया जाता है तो क्या उन्हें बुरा लगता है। उन्होंने कहा लोगों को लगता था कि इन सभी वर्षों में (मैं केवल) आठ महीने खेलूंगा। कुछ ने कहा कि 10 महीने, लेकिन अब मैंने 10 साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और 12-13 साल आईपीएल खेल लिया है।

उन्होंने कहा यहां तक कि अब भी लोग (हर चोट के बाद) कहते हैं कि वह आगे नहीं खेल पाएगा। उन्हें कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा। हर चार महीने में ये चीजें सामने आती रहेंगी, लेकिन जब तक ईश्वर की कृपा रहेगी, मैं खेलता रहूंगा। बुमराह ने कहा मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करता हूं और फिर यह ईश्वर पर छोड़ देता हूं कि वह मुझ पर और कितना आशीर्वाद बरसाते हैं। इंग्लैंड को पहली पारी में बढ़त लेने से रोकने में अहम भूमिका निभाने वाले बुमराह ने कहा कि वह यहां लोगों की धारणा बदलने के लिए नहीं हैं। उन्होंने कहा लोग क्या लिखते हैं, यह मेरे नियंत्रण से बाहर है और मैं लोगों को यह सलाह नहीं दे सकता कि वे मेरे बारे में क्या लिखें।



## एक नजर

### मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को 6-0 से हराया



**अटलांटा :** इल्के गुंडोगन के दो गोल और एरलिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए। मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियाल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरुआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2-0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।

### रियल मैड्रिड ने क्लब विश्व कप में पचुका को 3-1 से हराया

**चार्लोट (अमेरिका) :** रियल मैड्रिड ने अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद जूड बेलिंगहैम और अर्डा गुलर के पहले हाफ में किये गये गोल की मदद से क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में पचुका को 3-1 से हरा दिया। रविवार रात को खेले गए मैच के सातवें मिनट में डिफेंडर राउल एसेनसियो को रेड कार्ड मिला, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद रियल मैड्रिड को शेष मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इससे हालांकि कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि रियल मैड्रिड ने मैक्सिको के क्लब पर शुरू से लेकर आखिर तक पूरा दबदबा बनाए रखा और जाबी अलोंसो को स्पेनिश क्लब के कोच के रूप में जीत दिलाई।

### सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**माहे (सेशेल्स) :** भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65 किग्रा) और नीरज (75 किग्रा) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2-3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



### मोरक्को में दूसरे स्थान पर रहे भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर


**माराकेच (मोरक्को) :** भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने अंतिम दौर में बोगी मुक्त सात अंडर 65 का स्कोर बनाया, लेकिन वह फिलिपींस के एड्रिक चान से एक स्ट्रोक पीछे रह गए और इस तरह से उन्हें मोरक्को राइजिंग स्टार्स माराकेच में दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में भारत से बाहर अपनी पहली जीत की तलाश में लगे कोचर ने समानाह गोल्फ क्लब में 70-67-69-65 राउंड के साथ 17 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि चान ने अंतिम राउंड में सात अंडर 65 का कार्ड खेला और आखिर में उनका कुल स्कोर 18 अंडर रहा।



प्रयागराज में 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता एरोला प्रणति (बीच में), रजत पदक विजेता शाइनी ग्लैडसिया (बाएं) और कांस्य पदक विजेता नेहाली नरेंद्र बोरा। ● एजेंसी

# राहुल के बाद पंत का ऐतिहासिक शतक

## पहले टेस्ट के चौथे दिन फिर गरजा भारतीय बल्लेबाजों का बल्ला, दूसरी पारी में बने 364 रन




केएल राहुल।

लीड्स, एजेंसी

भारतीय टीम सोमवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में 364 रन बना लिए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (137 रन) के शतकों से भारत 370 रन की बढ़त हासिल कर मजबूत स्थिति में है। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स और जोश टंग ने तीन तीन विकेट झटके। शोएब बशीर को दो विकेट मिले।

पंत इस टेस्ट मैच की दोनों पारियों में सैकड़ा जड़ने वाले खेल के इतिहास में दूसरे विकेटकीपर बन गए। उन्होंने शतकीय पारी के दौरान 140 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और तीन छक्के जमाए। पंत एक रन लेकर 130 गेंद में अपना आठवां शतक पूरा करते ही जिम्बाब्वे के महान खिलाड़ी एंडी फ्लावर के बाद एक मैच की दोनों पारियों में 100 रन बनाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने।

भारत ने सुबह के सत्र में कप्तान शुभमन गिल (08) के रूप में एक विकेट गंवाया। इसके बाद राहुल और पंत ने चौथे विकेट के लिए 195 रन की भागीदारी निभाकर टीम को मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ाया। पहले सत्र में पंत ने हालांकि अपनी आक्रामक खेलने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाई लेकिन लंच के बाद तेवर बदलकर मैच में अपना दूसरा शतक पूरा किया। उन्होंने पहली पारी में 134 रन बनाए थे।

शतक जड़ने के बाद भी पंत ने यही लय जारी रखी और शोएब बशीर की गेंद पर लांग ऑन में जाक क्राउली के हाथों कैच आउट हो गए।




शतक बनाने के बाद फिर अनोखे अंदाज में जश्न मनाते ऋषभ पंत। ● एजेंसी

पंत इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में दो शतक बनाने वाले पहले भारतीय भी बन गए। भारत ने बादलों और हवा भरी सुबह में दो विकेट पर 90 रन से खेलना शुरू किया लेकिन शुरुआत अच्छी नहीं रही। सात गेंद ही डाली गई थीं कि पहली पारी के शतकवीर गिल अपने निजी स्कोर में दो रन जोड़ने के बाद आउट हो गए जिन्हें ब्रायडन कार्स ने गुडलेंथ गेंद पर बोल्ड किया। पर राहुल और पंत ने बेहतरीन टाइमिंग और संयम से बल्लेबाजी की। इसके अलावा इंग्लैंड के गेंदबाजों को पहले सत्र में और कोई सफलता नहीं मिली, हालांकि उन्होंने अपनी लाइन एवं लेंथ से दोनों बल्लेबाजों को परेशान किया।

गिल के आउट होने के बाद पंत क्रीज पर उतरे और उन्होंने हमेशा की तरह शानदार शॉट खेलते हुए तेज गेंदबाजों पर रन जुटाने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान उन्हें किस्मत का भी साथ मिला क्योंकि वह जिस तरह के शॉट खेलना चाह रहे थे, उसे खेलने के लिए कनेक्ट नहीं कर पाए।

पंत ने क्रिस वोक्स की गेंद पर शुरुआत की जो उनके बल्ले से लगकर स्लिप कॉर्डन के ऊपर से गई। फिर इस विकेटकीपर ने स्लॉग स्वीप और पैडल स्वीप खेलने का प्रयास किया। फिर एक खराब शॉट खेलने के बाद खुद से नाराज भी दिखे जिसे 'स्टंप माइक' में सुना जा सकता था और तभी इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने रिव्यू लिया। पर टीवी अंपायर ने पंत के पक्ष में फैसला दिया क्योंकि स्विंग लेती फुल लेंथ गेंद भारतीय बल्लेबाज के पैड पर लगने से पहले बल्ले से टकराई थी।

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी: 465 रन**

### पंत टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने

**लीड्स, एजेंसी :** भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शतक लगाने के साथ दोनों पारियों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इसके साथ ही वह टेस्ट इतिहास में जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के बाद ऐसा करने वाले दूसरे विकेटकीपर बन गए। पंत ने पहली पारी में 134 रन की शानदार पारी खेली और दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 118 रन बनाए। उनका दूसरा शतक धैर्यपूर्ण था। उन्होंने शोएब बशीर की गेंद पर एक रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की। अभी तक केवल सात भारतीय बल्लेबाजों ने टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाए हैं। पंत अब उस विशिष्ट सूची में शामिल हो गए हैं जिसमें विजय हजारे, सुनील गावस्कर (तीन बार), राहुल द्रविड़ (दो बार), विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा पंत के प्रदर्शन ने यह भी दूसरी बार चिह्नित किया कि दो भारतीय सलामी बल्लेबाजों – केएल राहुल और रोहित शर्मा – ने इंग्लैंड में एक ही टेस्ट मैच में शतक बनाए हैं।

# कोच के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं नीरज

ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य), एजेंसी

फिटनेस समस्याओं के कारण पिछले दो सत्र से बाहर रहने को बाध्य भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। जिसे उनके कोच जान जेलेज्नी ने अपने लंबे करियर में नौ बार जीता। मौजूदा सत्र अब तक 27 वर्षीय चोपड़ा के लिए प्रभावशाली रहा है। उन्होंने पेरिस में दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता और मई में दोहा डाइमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहने के दौरान 90 मीटर की दूरी को भी पहली बार पार किया।

चोपड़ा को 2023 और 2024 में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की 'ए' वर्ग की प्रतियोगिता गोल्डन स्पाइक में हिस्सा लेना था, लेकिन उन्हें दोनों मौकों पर टूर्नामेंट से हटना पड़ा।



- **गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे चोपड़ा**

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस खिताब को जीतने के लिए और भी अधिक उत्सुक होंगे क्योंकि गोल्डन स्पाइक विश्व रिकॉर्ड धारक जेलेज्नी के लिए उनके खेल के दिनों में उनके पसंदीदा प्रतियोगिताओं में से एक थी। चेक गणराज्य के पूर्व महान खिलाड़ी 59 वर्षीय जेलेज्नी ने 1986 और 2006 के बीच गोल्डन स्पाइक के नौ खिताब जीते और कुछ मौकों पर भाले को उन्होंने 90 मीटर से अधिक की दूरी तक फेंका। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पहली बार 1961 में आयोजित की गई थी। चोपड़ा पहले भी ओस्ट्रावा में खेल चुके हैं लेकिन गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट में नहीं। वह एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे जिसने 2018 में आईएएएफ कॉन्टिनेंटल कप में भाग लिया था और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने प्रतियोगिता से पहले कहा जब मैं बच्चा था तो मैंने उसेन बोल्ट जैसे खिलाड़ियों के यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए बहुत सारे वीडियो और तस्वीरें देखी थीं।

# संयुक्त 46वें स्थान पर रही अमनदीप दीक्षा और त्वेसा

**बेरून (चेक गणराज्य) :** पहले दौर में आठ अंडर 64 के शानदार स्कोर के साथ शुरुआत करने वाली भारतीय खिलाड़ी अमनदीप द्राल ने टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ प्रतियोगिता का समापन 72-73 के राउंड के साथ किया और टूर्नामेंट के अंत में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं।

यह इस सत्र में पहला अवसर था, जबकि अमनदीप ने कट में जगह बनाई थी लेकिन वह अपनी लय बरकरार रखने में नाकाम रही। अमनदीप अब अगले सप्ताह अमुंडी जर्मन मास्टर्स में खेलेंगी।

# मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया : गांगुली

कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 38 शतक लगाए हैं, लेकिन उन्हें यह संख्या पसंद नहीं है और उन्हें अपने क्रिकेट करियर के दौरान कई शतक चूकने का अफसोस है। अपने समय के बाएं हाथ के दिग्गज बल्लेबाज गांगुली ने टेस्ट और एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 18575 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने करियर में कई शतक चूकने का अफसोस है। उन्होंने 311 एकदिवसीय और 113 टेस्ट मैच खेले। गांगुली ने यह अफसोस तब व्यक्त किया जब उनसे पूछा गया कि वह पुराने गांगुली को क्या सलाह देना चाहेंगे। गांगुली ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया, मुझे और अधिक रन बनाने चाहिए थे। मैंने कई बार 90 और 80 रन बनाए।



# पृथ्वी ने एमसीए को पत्र लिखकर मुंबई छोड़ने की स्वीकृति मांगी

**मुंबई :** भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अपनी घरेलू टीम मुंबई से रिश्ता तोड़ना चाहते हैं और उन्होंने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है जिससे कि एक क्रिकेटर के रूप में प्रगति और विकास के लिए नई घरेलू टीम से अनुबंध कर सकें। पृथ्वी पिछले कुछ समय से लाल गेंद की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने सफेद गेंद की क्रिकेट खेली है। हालांकि उनके मैदान के बाहर के अनुशासनात्मक मुद्दों ने मैदान पर उनके प्रदर्शन से अधिक सुर्खियां बटोरी हैं।

एमसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को पीटीआई को पुष्टि की कि संघ को पृथ्वी का पत्र मिला है जिसमें स्थानांतरण के लिए एनओसी की मांग की गई है। एमसीए सूत्र ने बताया हां, हमें उनका पत्र मिला है और इसे स्वीकृति के लिए शीर्ष परिषद को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि शाम तक इस पर निर्णय लिया जाएगा। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एमसीए को भेजे पत्र में कहा कि वह मुंबई टीम में बिताए समय के लिए आभारी हैं लेकिन अब आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने 2017 में मुंबई के लिए पदार्पण किया था। पृथ्वी ने कहा मैं इस अवसर पर मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने संघ का प्रतिनिधित्व करने के दौरान मुझे बहुमूल्य अवसर और अटूट समर्थन दिया।

# हॉकी फारवर्ड ललित ने अचानक लिया संन्यास

नयी दिल्ली, एजेंसी

टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे अनुभवी फारवर्ड ललित उपाध्याय ने एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर को अचानक अलविदा कह दिया है। ललित ने 2014 में विश्व कप में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था।

ओलंपिक में दो पदक जीतना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रहीं। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। भारत ने तब लंबे समय के बाद ओलंपिक में पदक जीता था। भारत ने 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में फिर से कांस्य पदक जीता और ललित इस टीम का भी अभिन्न अंग थे।

ललित ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर जारी की गई पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे, लेकिन सपने असीम थे।

- **टोक्यो और पेरिस ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे हैं ललित**
- **एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई उपलब्धियां हासिल कीं**



**183** मैच खेले


**67** गोल किए

ललित ने लिखा स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर एक बार नहीं बल्कि दो बार ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने का यह सफर चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रहा। उन्होंने कहा 26 वर्षों के बाद अपने शहर से पहला ओलंपियन बनना ऐसी बात है जिसे मैं हमेशा पूरे सम्मान के साथ संजोकर रखूंगा। गोल करने की अद्भुत क्षमता वाले ललित ने सीनियर स्तर पर भारत के लिए 183 मैच खेले, जिनमें 67 गोल किए। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम के लिए अपना अंतिम मैच 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

ललित के भारतीय हॉकी में योगदान का जिक्र करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा ललित अपनी पीढ़ी के सबसे शानदार और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। चाहे वह महत्वपूर्ण ओलंपिक मैच हो या लीग मैच, उन्होंने हमेशा भारतीय जर्सी को गर्व के साथ पहना और दिल से खेला। उन्होंने कहा वाराणसी की संकरी गलियों से निकलकर दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक का उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। हम भारतीय हॉकी के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके जीवन की अगली पारी के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

ललित ने ओलंपिक के अलावा 2016 में एशियाई चैंपियन ट्रॉफी और 2017 में एशिया कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य प्रतियोगिताओं में भी पदक जीते जिनमें 2017 हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल में कांस्य, 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत, 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक शामिल हैं। वह एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली और 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे।

पालकी यात्रा



पुणे के निकट दिवे घाट से निकाली गई संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु। पालकी यात्रा दो दिन पहले आलंदी से रवाना हुई थी। यह महाराष्ट्र की सबसे पुरानी और आस्था से जुड़ी यात्राओं में से एक है, जिसमें लाखों भक्त संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज की पालकी के साथ पैदल यात्रा करते हैं। एजेंसी

# शक्तिशाली देश नहीं मानते अंतर्राष्ट्रीय युद्ध नियम



अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियम जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन के नाम से भी जाना जाता है, ऐसे कानून और नियमों का समूह है जो युद्ध या सशस्त्र संघर्ष के समय लागू होते हैं। नागरिकों की सुरक्षा, घायलों और युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार और अनैतिक युद्ध के हथियारों और तरीकों पर प्रतिबंध इनका मुख्य उद्देश्य है। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध के मुख्य नियमों के तहत नागरिकों पर हमला नहीं किया जा सकता, न ही अस्पताल, डॉक्टर, मेडिकल सुविधाओं को निशाना बनाया जा सकता है। इसके अलावा इन नियमों के तहत युद्धबंदियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। रासायनिक और जैविक हथियारों का उपयोग निषिद्ध है। अनावश्यक पीड़ा देने वाले हथियारों का प्रयोग युद्ध में नहीं होना चाहिए। हालांकि दुनिया के शक्तिशाली देश युद्ध नियमों की ज्यादा परवाह नहीं करते। युद्ध नियमों के उल्लंघन के कई उदाहरण भी हैं।

### द्वितीय विश्व युद्ध

द्वितीय विश्वयुद्ध में लाखों यहूदियों और दूसरे नागरिकों की हत्या की गई थी। युद्धबंदियों पर भी बड़े पैमाने पर अत्याचार किया गया था। इस पर न्यूरमबर्ग ट्रायल में नाजी नेताओं पर मुकदमे चलाए गए। कई को मृत्युदंड भी मिला।

### अमेरिका-वियतनाम युद्ध

सन् 1968 में हुए इस युद्ध में सैकड़ों वियतनामी नागरिकों की हत्या की गई थी। दिलचस्प तथ्य यह है कि इस मामले में सिर्फ एक सैनिक को सजा हुई और बाकी सभी को माफ कर दिया गया।

### रवांडा नरसंहार

सन् 1994 रवांडा नरसंहार तुत्सी और हुतु समुदाय के लोगों के बीच हुआ एक जातीय संघर्ष था। इसमें करीब 8 लाख लोगों की हत्या की गई थी। बाद में इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर रवांडा की स्थापना हुई जिसमें कई दोषी नेताओं को सजा हुई।

### बोस्निया युद्ध

इस युद्ध सर्ब सैनिकों ने करीब 8,000 मुस्लिमों की हत्या की थी जिसे सर्बेनेत्सा नरसंहार कहा जाता है। इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर द फॉर्मर यूगोस्लाविया की ओर से मुकदमा चलाकर सजा सुनाई गई थी।

### रूस-यूक्रेन युद्ध

सन् 2022 से जारी इस युद्ध में नागरिक क्षेत्रों पर हमले किए जा रहे हैं और अस्पतालों को भी निशाना बनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने कुछ रूसी नेताओं पर वार क्राइम्स के लिए वारंट जारी किए लेकिन सजा नहीं हो सकी।

### युद्ध के प्रमुख नियम

- आम नागरिक जो युद्ध में भाग नहीं ले रहे हैं, उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। जानबूझकर बमबारी या गोलीबारी करके नागरिकों को मारना युद्ध अपराध है।
- अपने पक्ष के हों या दुश्मन के, घायल सैनिकों का इलाज और देखभाल अनिवार्य है। मेडिकल स्टाफ, डॉक्टर और एंबुलेंस को नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता।
- युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार करना अनिवार्य, युद्ध में पकड़े सैनिकों को मारा नहीं जा सकता। उन्हें भोजन, पानी, इलाज, सम्मान देना जरूरी है।
- रासायनिक हथियार, जैविक हथियार और विशेष प्रकार के विस्फोटक पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। अत्यधिक पीड़ा देने वाले बमों का भी इस्तेमाल प्रतिबंधित है।
- किसी भी हमले का उद्देश्य केवल सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाना होना चाहिए। किसी समुदाय को जबरदस्ती हटाना, सामूहिक हत्या युद्ध अपराध है।

## एक नजर

### द.कोरिया: सांसद को रक्षा मंत्री नामित किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग ने सेवानिवृत्त सैन्य जनरलों को रक्षा मंत्री नियुक्त करने की परंपरा को तोड़ते हुए पांच बार के सांसद आह्न ग्यू-बैक को सोमवार को रक्षा मंत्री पद के लिए नामित किया है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्युन सहित कई प्रमुख पूर्व रक्षा अधिकारी पिछले वर्ष तत्कालीन राष्ट्रपति यून सुक यओल के कार्यकाल में मार्शल लॉ लागू करने में अपनी भूमिका के लिए आपराधिक मुकदमों का सामना कर रहे हैं। येओल के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई की गई और उन्हें पद से हटा दिया गया था।

### चीन में भीषण गर्मी को देखते हुए येलो अलर्ट

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में सोमवार को भीषण गर्मी के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। बीजिंग मौसम विज्ञान वेधशाला ने यह जानकारी दी। देश में सोमवार और मंगलवार को दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक शहर के मैदानी इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वे गर्मी के दौरान बाहर निकलने से बचें। चीन में शुक्रवार को येलो अलर्ट जारी किया गया था। शनिवार दोपहर 3:40 बजे बीजिंग के दक्षिणी इलाके में तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो अब तक देश में सबसे गर्म दिन रहा।

### जापान के पीएम का नाटो शिखर सम्मेलन दौरा रद्द

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने नीदरलैंड में 24 से 26 जून के बीच होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया है। जापान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक अब प्रधानमंत्री की जगह विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शिखर सम्मेलन में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगे और नाटो से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि जापान नाटो का सदस्य नहीं है, लेकिन 2022 से नियमित रूप से जापान को सम्मेलनों में आमंत्रित किया जा रहा है।

### आपात स्थिति में उतारा गया एअर इंडिया विमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाएँ कम नहीं हो रहीं हैं और सोमवार को दिल्ली से जम्मू जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी समस्या आने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस उतारना पड़ा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सोमवार 23 जून को दिल्ली से जम्मू के लिए संचालित होने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 2564 को उड़ान भरने के बाद वापस दिल्ली उतारना पड़ा।

# अब ईरान में सत्ता परिवर्तन के मूड में ट्रंप

## अपने परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने फिर दी पलटवार की धमकी

तेल अवीव, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद अब तेहरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना के बारे में भी विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर तेहरान अमेरिकी बलों के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उस पर और हमले किए जाएंगे।

ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने पहले संकेत दिया था कि वे ईरान के साथ वार्ता फिर से शुरू करना चाहते हैं। वहीं, इजराइल की सेना ने सोमवार को कहा कि वह ईरान के पश्चिमी शहर केरमानशाह के आसपास हमले कर रही है। इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी कूद पड़ा है। उसने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमला किया है जिससे इस क्षेत्रीय संघर्ष के और फैलने का खतरा बढ़ गया है।

इस अभियान ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम में क्या बचा है और उसकी कमजोर सेना कैसे इस हमले का जवाब दे सकती है। इस संघर्ष के बढ़ने से तेल की कीमतों में उछाल आया है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर मिसाइलों और 30,000 पाउंट के बंकर-बस्टर बमों से हमला किया है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान ने कहा कि अमेरिका ने हद पार कर दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'सीबीएस' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, आइए, सीधे बातचीत करते हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' के अनुसार, देश के सर्वोच्च नेता के सलाहकार अली अकबर विलायती ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर हमला करने के लिए जिस भी देश का इस्तेमाल किया, वह हमारे वैध लक्ष्य के दायरे में होगा। पश्चिम एशिया में अमेरिका के हजारों सैनिक तैनात हैं। इस बीच उत्तर कोरिया ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की है।



परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद ईरान में लोगों ने अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### ईरान ने मोसाद के जासूस को फांसी पर लटकाया

**दुबई।** ईरान ने मोसाद के जासूस होने के आरोप में एक और व्यक्ति को सोमवार को फांसी पर लटका दिया। मोसाद का जासूस होने के आरोप में फांसी देने का यह तीसरा मामला है। सामाजिक कार्यकर्ताओं को डर है कि ईरान में और लोगों को फांसी दी जाएगी, विशेष रूप से तब जब वहां के शासन ने जासूसी कर रहे लोगों को रविवार तक खुद ही आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। समाचार एजेंसी मिज़ान ने फांसी पर लटकाए गए व्यक्ति की पहचान मोहम्मद अमीन महदावी शायेस्तेह के रूप में की है।

### गुतारेस ने दी चेतावनी- प.एशिया में खतरनाक मोड़ का संकेत हैं ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमले

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा परिषद के एक आपातकालीन सत्र में कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका की बमबारी क्षेत्र में एक खतरनाक मोड़ का संकेत है। ट्रंप द्वारा ईरान के तीन परमाणु केंद्रों बमबारी की घोषणा किए जाने के बाद 15 देशों की परिषद ने रविवार को आपातकालीन सत्र के लिए बैठक की। गुतारेस ने बताया, ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी एक ऐसे क्षेत्र में खतरनाक मोड़ का संकेत है जो पहले से ही लड़खड़ा रहा है। गुतारेस ने कहा कि क्षेत्र के लोग एक बार फिर विनाश को सहन नहीं कर सकते। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लड़ाई रोकने और ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर गंभीरता के साथ तथा निरंतर वार्ता पर पुन: शुरू करने के लिए तुरंत और निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए।

### अमेरिकी हमले से फोर्दो स्थल पर भारी क्षति की आशंका

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने सोमवार को कहा कि इस सप्ताहांत में अमेरिका द्वारा अत्याधुनिक बंकर-बस्टर बमों से किए गए हवाई हमले के बाद फोर्दो में ईरान के भूमिगत प्रतिष्ठान को बहुत भारी क्षति होने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी ने वियना में यह बयान दिया। ग्रॉसी ने कहा, उपयोग किए गए विस्फोटक आयुध और सेंट्रीफ्यूज की अत्यधिक कंपन संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए, बहुत महत्वपूर्ण क्षति होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इस समय, आईएईए सहित कोई भी फोर्दो में भूमिगत क्षति का पूर्ण आकलन करने की स्थिति में नहीं है।

### अमेरिकी पर जवाबी कार्रवाई सेना तय करेगी: ईरान

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका ने देश के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करके कूटनीति के रास्ते बंद करने का फैसला किया, अब उसके हमलों पर जवाबी कार्रवाई का वक्त, तरीका और इसका पैमाना क्या होगा इसके बारे में फैसला सेना करेगी। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावनी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपातकालीन बैठक में कहा कि ईरान ने युद्धोन्मादी अमेरिकी शासन को बार-बार चेतावनी दी थी कि वह इस दलदल में न फंसे। इसके बाद भी अमेरिका ने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले करके कूटनीति के रास्ते बंद करने का निर्णय लिया है।

# निर्वासित शहजादे का ईरान में सत्ता परिवर्तन का आह्वान

तेहरान, एजेंसी



- खामेनेई पर लगाया भ्रष्टाचार, विनाशकारी और देश को पतन के रास्ते पर ले जाने का आरोप

ईरान के पूर्व शाहजादे रजा पहलवी ने देश के शीर्ष मज़हबी नेता अली खामेनेई को भ्रष्टाचारी, विनाशकारी और देश को पतन की कगार पर ले जाने वाला करार दिया है और ईरानी नागरिकों का आह्वान किया है कि वे शांति का पक्षधर धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ईरान की पुनर्स्थापना के लिए परिवर्तन और राष्ट्रीय नवीकरण की योजना में सहभागी बनें।

ईरान से 46 साल पहले सत्ता से अपदस्थ एवं निर्वासित कर दिए गए शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी के पुत्र श्री रज़ा पहलवी ने सोशल मीडिया पर एक प्रेस ब्रीफिंग में ईरान के खामेनेई शासन को समाप्त करने और नये ईरान की स्थापना के लिए आगे आने के आग्रह के साथ ईरान के पुनर्निर्माण के लिए एक आर्थिक योजना का भी खुलासा किया। रज़ा पहलवी ने कहा, यह हमारे राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हमारे प्रिय ईरान को एक विनाशकारी संघर्ष में घसीटा गया है, जिसका वास्तुकार कोई और नहीं बल्कि अली खामेनेई और उसका भ्रष्ट, विनाशकारी गुट है।

उन्होंने हमारे देश की अर्थव्यवस्था को पतन के कगार पर धकेल दिया है, हमारे राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे और संसाधनों को लूट लिया है, परमाणु हथियार विकसित करने पर देश की संपत्ति को बर्बाद कर दिया है, ईरान की सुरक्षा को तोड़ दिया है, और ईरानी लोगों की संप्रभुता को चुरा लिया है। यह शासन पराजित हो गया है, पतन के कगार पर लड़खड़ा रहा है, और इसे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को तैयार

रजा पहलवी ने कहा, 46 साल पहले जब मेरे दिवंगत पिता और परिवार को ईरान छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था तो मैंने शपथ ली थी कि मैं ईरान या ईरानी लोगों से मुंह नहीं मोड़ूंगा। तब से हर दिन, मैंने अपना जीवन हमवतन लोगों को समर्पित कर दिया है। आज मैं यहां इसे दोहराने और खुद को उनकी सेवा में लगाने आया हूँ। मैं इस राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को आगे बढ़ रहा हूं, निजी हित से नहीं बल्कि ईरानी लोगों के सेवक के रूप में।

# नीट यूजी में फर्जीवाड़े पर दो मेडिकल छात्रों पर केस दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने शुरू की कार्रवाई, अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा में हुए थे शामिल

बॉलीवुड की लोकप्रिय फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस जैसा मामला वास्तविकता में भी देखने को मिला जब एक मेडिकल छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2023 में कथित तौर पर किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह उपस्थित हुआ और जिस अभ्यर्थी की जगह उसने परीक्षा दी बाद में उसे एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिल भी मिल गया।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय सीबीआई ने राजस्थान के जालौर जिले के निवासी विकास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि सात मई 2023 को द्वारका के सेक्टर-12 स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित हुई नीट-यूजी में विकास जोधपुर के प्रवीण गोदारा की जगह उपस्थित हुआ था। प्राथमिकी में आरोपी के तौर पर गोदारा को भी नामजद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सिरोही के डॉ. भीम राव आंबेडकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दूसरे वर्ष का छात्र विकास कथित तौर पर नीट-यूजी 2023 में उपस्थित हुआ और उत्तर पुस्तिकाओं पर गोदारा के हस्ताक्षर तथा लिखावट की नकल की।

छद्म अभ्यर्थी के तौर पर विकास परीक्षा में कथित तौर पर उत्तीर्ण हो गया और इससे उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित सरकारी आयुर्विज्ञान संस्थान के एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए गोदारा के लिए सीट सुरक्षित हो गई।

# भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पानी देने से इनकार किया तो युद्ध करेगा पाकिस्तान: बिलावल भुट्टो

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने सोमवार को कहा कि यदि भारत सिंधु जल संधि के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार करता है, तो उनका देश युद्ध की ओर बढ़ेगा। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के तुरंत बाद भारत ने 1960 के समझौते को स्थगित कर दिया था।

- गृहमंत्री शाह के संधि को कभी बहाल न करने के बयान पर जताई प्रतिक्रिया

गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले हफ्ते इस समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी। शाह के बयान ती पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा आलोचना किए जाने के दो दिन बाद बिलावल की टिप्पणी सामने आई। बिलावल ने संसद में दिए भाषण में समझौते को निलंबित करने के भारत के फैसले को खारिज कर दिया और पाकिस्तान के हिस्से का पानी लेने की धमकी दी। उन्होंने कहा, भारत के पास दो विकल्प हैं: या तो वह पानी को समान रूप से साझा करे, या फिर हम सभी छह नदियों से पानी अपने यहां पहुंचाएंगे।

# बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त गिरफ्तार

ढाका, एजेंसी

- चुनावों में हेराफेरी के आरोप में की गई कार्रवाई

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के एम नूरुल हुदा को उनके कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

ढाका महानगर पुलिस के उपायुक्त मोहिदुल इस्लाम ने रविवार को कहा कि हुदा को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) द्वारा उनके और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि यह शायद पहली बार है कि चुनाव से संबंधित मुद्दों पर किसी पूर्व सीईसी को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले दिन में, 77 वर्षीय हुदा पर उनके उत्तरा स्थित आवास के बाहर भीड़ ने हमला कर दिया था। हुदा ने 2014, 2018 और 2024 में चुनावों का आयोजन कराया था। उत्तरा पश्चिम पुलिस थाने के प्रमुख हाफिजुर रहमान ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि भीड़ ने हुदा को घेर लिया है, जिसके बाद हम घटनास्थल पर गए थे। हमने उन्हें हिरासत में ले लिया है।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने ढाका के उत्तरा इलाके में स्थित हुदा के आवास पर धावा बोल दिया और पुलिस के पहुंचने से पहले ही उन्हें घर से बाहर खींच लिया। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में लोगों का एक समूह हुदा को जूतों से पीटता, उन्हें जूतों की माला पहनाता और उनके ऊपर अंडे फेंकते हुए दिखाई दे रहा है।

# शेख हसीना की पार्टी की पूर्व सांसद को गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की एक पूर्व सांसद को सोमवार को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

- तुहिन पर दर्ज हैं देश के खिलाफ साजिश और राजनीतिक हिंसा भड़काने के मामले


यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश की खबर के मुताबिक ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने नवाबगंज उपजिला की आरक्षित सीट से पूर्व सांसद सबीना अख्तर तुहिन को गिरफ्तार किया। डीबी (उत्तर) के संयुक्त आयुक्त मोहम्मद रबीउल हुसैन भुइयां ने बताया कि तुहिन पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने को लेकर कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, पूर्व निर्दलीय सांसद मोहम्मद फैसल बिप्लब को पिछले साल जुलाई में हुए आंदोलन से जुड़े एक हत्या मामले में रविवार शाम को एक अन्य डीबी टीम ने गिरफ्तार किया। खबर के मुताबिक मुंशीगंज-3 के पूर्व सांसद को राजधानी के मोनिपुरीपाड़ा इलाके से गिरफ्तार किया गया।

# मार्च 2026 आजादी के बाद सबसे खास पलों में एक होगा

रायपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 31 मार्च 2026 को जब नक्सलवाद से मुक्त होगा तब वह क्षण आजादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा, उसमें सुरक्षा बलों के जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा।

अधिकारियों ने बताया कि शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन नवा रायपुर में सुरक्षाबलों के उन कमांडरों और जवानों से बातचीत कर रहे थे जो हाल में नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल हुए थे। सुरक्षाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में जब 31 मार्च 2026 को देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वह क्षण आजादी के बाद के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जाएगा, उसमें जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा। कहा, आज मैं यहां केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा टीम, छत्तीसगढ़ पुलिस बल और डीआरजी के साहस, शौर्य, बलिदान और समर्पण को नमन करता हूं।



- गृहमंत्री शाह ने रायपुर में घोषित की नक्सलवाद से मुक्ति की समयसीमा

# पाकिस्तान ने भारत के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध बढ़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्राधिकारों ने भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध को एक और महीने के लिए बढ़ाने की सोमवार को घोषणा की।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद, दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के मद्देनजर यह प्रतिबंध पहले 23 अप्रैल को एक महीने के लिए लगाया गया था। बाद में, इसे 23 मई को एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया था, जब चार दिनों के सैन्य टकराव के कारण संबंध खराब हो गए थे। भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण द्वारा जारी 'नोटम' (नोटिस टू एयरमेन) के अनुसार, प्रतिबंध को 23 जून से बढ़ाकर 23 जुलाई तक कर दिया गया है।

चिंताजनक

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट में कई गंभीर चेतावनियां

# वैश्विक औसत से दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप

## इसी परिवर्तन से जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया का सबसे बड़ा महाद्वीप और विश्व की 60 प्रतिशत आबादी का निवास स्थान एशिया वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। विश्व मौसमविज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की '2024 में एशिया में जलवायु की स्थिति' रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया में समुद्री सतह भी पिछले दशकों में वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, दो सबसे हालिया उप-अवधियों (1961-1990 और 1991-2024) में आर्कटिक तक फैला सबसे बड़ा भूभाग वाला महाद्वीप एशिया वैश्विक भूमि और महासागर औसत की तुलना में अधिक तेजी से गर्म हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में एशिया में औसत तापमान 1991-2020 के औसत तापमान से लगभग 1.04 डिग्री सेल्सियस अधिक था। यह आंकड़ा इसे सबसे गर्म या दूसरा सबसे गर्म वर्ष बना देगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष एशिया के कई हिस्सों में भीषण गर्मी दर्ज की गई। अप्रैल से नवंबर तक पूर्वी एशिया में लंबे समय तक गर्म हवाएं चलती रहीं। जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में बार-बार मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे। भारत में 2024 में भीषण गर्मी के कारण लू लगने के लगभग 48,000 मामले सामने आये तथा 159 लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि एशिया के प्रशांत और हिंद महासागर, दोनों ओर समुद्र का स्तर वैश्विक औसत की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है, जिससे निचले तटीय क्षेत्रों के लिए खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि सर्दियों में बर्फबारी में कमी और गर्मियों में उच्च तापमान की वजह से हिमनद बुरी तरह प्रभावित हुए। डब्ल्यूएमओ के मुताबिक, मध्य हिमालय और तियान शान में 24 में से 23 हिमनदों में मौजूद बर्फ में कमी आई।



### जल सुरक्षा के लिए बढ़ा दीर्घकालिक खतरा

रिपोर्ट के मुताबिक हिमनद की कगार टूटने, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ गया है और जल सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक खतरा पैदा हो गया है। अत्यधिक वर्षा से कई देशों में भारी क्षति हुई और जान-माल का भारी नुकसान हुआ, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के कारण तबाही आई। सूखे के कारण बड़ी आर्थिक और कृषि संबंधी हानि हुई। डब्ल्यूएमओ महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा, एशिया में जलवायु की स्थिति रिपोर्ट में सतह के तापमान, ग्लेशियर द्रव्यमान और समुद्र तल जैसे प्रमुख जलवायु संकेतकों में बदलावों को रेखांकित किया गया है, जिसका क्षेत्र में समाजों, अर्थव्यवस्थाओं और पारिस्थितिकी तंत्रों पर बड़ा असर पड़ेगा।